वर्ष- 11 अंक-135
लखनऊ, मंगलवार 02 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

अफसर जल्द करें समस्या का समाधान : मुख्यमंत्री योगी 03

सीएम ने कुल्लू में 13 परियोजनाओं का किया लोकार्पण 12

एक्सपीओसैट उपग्रह का प्रक्षेपण सफल

ब्लैक होल जैसे आकाशीय पिंडों के रहस्यों का अध्ययन करेगा उपग्रह, सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 09.10 बजे भरी उड़ान

एजेंसी

नई दिल्ली। इसरो ने नए साल 2024 के पहले दिन पीएसएलवी-सी58 एक्सपीओसैट प्रक्षेपित किया। पीएसएलवी ने अपने 60वें मिशन में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 09.10 बजे उड़ान भरी और 22 मिनट बाद एक्सपीओसैट को पूर्व की ओर कम झुकाव वाली कक्षा में लॉन्च किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी उपग्रह के प्रक्षेपण की सराहना की और कहा, अंतरिक्ष में भारत की शानदार प्रगति। श्री शाह ने एक्स पर कहा, हमारी आकाशगंगा में ब्लैक होल और न्यूट्रॉन सितारों का अध्ययन करने के लिए विशेष खगोल विज्ञान वेधशाला उपग्रह एक्सपीओसैट के ऐतिहासिक प्रक्षेपण पर हमारे इसरो वैज्ञानिकों को बधाई। 2024 के पहले दिन ज्ञान की खोज में ब्रह्मांड को रोशन करते हुए, आपने एक बार फिर साबित किया है आपकी ताकत हमारा गौरव है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने प्रक्षेपण को इसरो की 2024 की शैली में शुरुआत कहा। श्री सिंह ने एक्स पर कहा, ऐसे समय में अंतरिक्ष विभाग के साथ जुड़ने पर गर्व है जब टीम इसरो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तिगत हस्तक्षेप और संरक्षण के साथ एक के बाद एक सफलता हासिल कर रही है। इस उपग्रह के माध्यम से, भारत अमेरिका के बाद हमारी आकाशगंगा में ब्लैक होल और न्यूट्रॉन सितारों का अध्ययन करने के लिए एक विशेष खगोल विज्ञान वेधशाला भेजने वाला दुनिया का दूसरा देश बन जाएगा। इस बीच आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर और मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने पीएसएलवी-सी58 रैकेट के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी है।

अमेरिका के बाद हमारी आकाशगंगा में ब्लैक होल व न्यूट्रॉन सितारों का अध्ययन करने के लिए खगोल विज्ञान वेधशाला भेजने वाला दुनिया का दूसरा देश भारत

श्री नज़ीर ने सोमवार को यहां एक संदेश में, पीएसएलवी-सी58 रैकेट के सफल प्रक्षेपण और श्रीहरिकोटा से ब्लैक होल और न्यूट्रॉन सितारों का अध्ययन करने के लिए उन्नत खगोल विज्ञान वेधशाला 'एक्सपीओएसएटी' उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने के लिए नववर्ष के दिन पर इसरो वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा, इसरो ने एक्सपीओएसएटी मिशन के सफल प्रक्षेपण के साथ भारत का झंडा ऊंचा रखा है।

अमेरिका के बाद भारत ब्लैक होल का अध्ययन करने के लिए वेधशाला उपग्रह रखने वाला दूसरा देश बन गया है। इस मिशन के सफल प्रक्षेपण ने इसरो के लिए एक और उपलब्धि जोड़ दी है।

राज्यपाल ने इसरो को भविष्य में और अधिक ऊंचाइयां छूने की शुभकामनाएं दीं। श्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने 'पीएसएलवी सी-58' के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो वैज्ञानिकों को बधाई दी और कहा कि यह एक यादगार पल है। उन्होंने भविष्य के प्रयासों में इसरो की सफलता की कामना की।

एक और सफल अभियान पूरा : एस सोमनाथ

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को एक और इतिहास रच दिया है। इसरो ने नये साल के पहले दिन सोमवार को एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह का प्रक्षेपण किया। इसका उद्देश्य ब्लैक होल जैसे आकाशीय पिंडों के रहस्यों का अध्ययन करना है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने सफल प्रक्षेपण पर कहा कि आज एक और सफल अभियान पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि यह खगोलीय स्रोतों से एक्स-रे उत्सर्जन का अंतरिक्ष आधारित ध्रुवीकरण माप में अध्ययन करने के लिए अंतरिक्ष एजेंसी का पहला समर्पित वैज्ञानिक उपग्रह है।एस सोमनाथ ने कहा कि सबसे भरोसेमंद ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) ने अपने सी 58 मिशन में मुख्य एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह को पृथ्वी की 650 किलोमीटर निचली कक्षा में स्थापित किया। पीएसएलवी ने यहां पहले अंतरिक्ष तल से सुबह नौ बजकर 10 मिनट पर उड़ान भरी थी। सफल मिशन के बाद मीडिया से बातचीत में इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि एक जनवरी 2024 को पीएसएलवी का एक और सफल अभियान पूरा हुआ। पीएसएलवी-सी58 ने प्रमुख उपग्रह एक्सपोसैट को निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया है। इस बिंदु से पीएसएलवी के चौथे चरण की कक्षा सिमट कर निचली कक्षा में बदल जाएगी, जहां पीएसएलवी का ऊपरी चरण जिसे पोअम बताया गया है वह पेलोड के साथ प्रयोग करेगा और उसमें थोड़ा वक्त लगेगा।

2024 की शानदार शुरुआत के लिए वैज्ञानिकों को धन्यवाद : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्रियों, राज्यों के राज्यपालों एवं मुख्यमंत्रियों, केंद्रशासित प्रदेश के उपराज्यपालों व प्रशासकों समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने सोमवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट (एक्सपीओसैट) उपग्रह के सफल प्रक्षेपण पर प्रसन्नता व्यक्त की और वैज्ञानिकों की शुभकामनाएं दी। श्री मोदी ने भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए इसरो वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, वर्ष 2024 की शानदार शुरुआत के लिए हमारे वैज्ञानिकों को धन्यवाद। यह प्रक्षेपण अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए अद्भुत खबर है और इस क्षेत्र में भारत के कौशल को बढ़ाएगा।

जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए ड्रेस कोड लागू

एजेंसी

नई दिल्ली। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने 12वीं सदी के इस धार्मिक स्थल में निकर, फटी जींस, स्कर्ट और बिना आस्तीन वाले कपड़े पहनकर आने वाले श्रद्धालुओं के प्रवेश करने पर रोक लगा दी और उनके लिए 'ड्रेस कोड' अनिवार्य कर दिया है। उसने नव वर्ष से मंदिर परिसर में गुटखा और पान खाने तथा प्लास्टिक और पॉलिथीन का इस्तेमाल करने पर भी पूर्ण रोक लगा दी है।

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के एक अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश करने के लिए ''शालीन वस्त्र'' पहनने होंगे। हाफ पैंट, निकर, फटी हुई जींस, स्कर्ट और बिना आस्तीन के कपड़े पहनने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस नियम के लागू होने से 2024 के पहले दिन मंदिर आ रहे पुरुष श्रद्धालुओं को धोती और तौलिया पहने हुए देखा गया और महिलाएं साड़ी या सलवार कमीज में नजर आईं। एसजेटीए ने पहले इस संबंध में एक आदेश जारी किया था और पुलिस से

इन पाबंदियों को लागू करने के लिए कहा था। अधिकारी ने बताया कि मंदिर की पवित्रता बनाए रखने के लिए मंदिर परिसर में गुटखा और पान खाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उल्लंघन करने वाले लोगों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। इस बीच, नव वर्ष के दिन भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने के लिए पुरी में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोले गए जो देर रात एक बज कर 40 मिनट से ही ग्रांड रोड पर कतार में खड़े हो गए थे। पुरी पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सोमवार को दोपहर 12 बजे तक 1,80,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने जगन्नाथ धाम के दर्शन किए। बिना किसी बाधा के दर्शन सुनिश्चित करने के साथ ही पुलिस दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए भी दर्शन की सुविधा सुनिश्चित कर रही है।''

संक्षिप्त समाचार

कार डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त, छह की मौत

रांची। झारखंड के जमशेदपुर शहर में सोमवार को सुबह एक कार के डिवाइडर से टकरा जाने के कारण छह लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। जमशेदपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर ने बताया, ''कार में पांच लोगों के बैठने की क्षमता थी लेकिन इसमें आठ लोग यात्रा कर रहे थे। कार पहले डिवाइडर और फिर सड़क किनारे लगे खंभे से टकराई।'' हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक और व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि बाकी दो घायलों का इलाज चल रहा है। कार की रफ्तार काफी तेज थी। कौशल किशोर ने कहा, ''टक्कर इतनी जोरदार थी कि सभी आठ लोग कार के अंदर फंस गए और गैस कटर की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया।''

यूपी से देसी कट्टे खरीदकर सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत सीएसटी ने गलतागेट थाना इलाके में कार्रवाई करते हथियारों की सप्लाई करने वाले एक बदमाश दिलशाद निवासी मेहरापुर जिला एटा हाल पाड़ा मण्डी गलतागेट जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपित दिलशाद यह अवैध हथियार देसी कट्टे उत्तर प्रदेश से दस-दस हजार में खरीदकर लाता है एवं बड़ा मुनाफा कमाने के लिये जयपुर शहर व आसपास के क्षेत्र में सप्लाई करता है। गिरफ्तार आरोपित से अवैध हथियार के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

नड्डा सोलन और शिमला में पांच को करेंगे जनसभा

शिमला। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 5 जनवरी को हिमाचल प्रदेश में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वह सोलन में एक रोड करेंगे। साथ ही तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं की ओर से अध्यक्ष नड्डा का नागरिक अभिनंदन भी किया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने सोमवार को बताया कि तीन राज्यों में भाजपा को मिली प्रचण्ड जीत के बाद जेपी नड्डा की सोलन और शिमला में जनसभाओं का आयोजन जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र के लोग सोलन व शिमला में जगत प्रकाश नड्डा का स्वागत करेंगे। सबसे पहले प्रातः 9 बजे सोलन मॉल रोड पर जेपी नड्डा का रोड शो होगा। दोपहर 1 बजे होटल पीटरहॉफ शिमला में अभिनंदन समारोह होगा। डॉ बिंदल ने बताया कि सायंकाल 6 बजे भारतीय जनता पार्टी हिमाचल की कोर ग्रुप की बैठक को राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा संबोधित करेंगे।

राम मंदिर को लेकर बीजेपी की बड़ी बैठक आज

नई दिल्ली। भाजपा 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह के सिलसिले में मंगलवार को पार्टी नेताओं की बैठक करेगी। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और हर राज्य से पार्टी के दो-दो पदाधिकारी शामिल होंगे। राम मंदिर आंदोलन और मंदिर निर्माण में पार्टी की भूमिका पर प्रकाश डालने वाली एक पुस्तिका जारी की जाएगी और इस साल होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले नए मतदाताओं से जुड़ने के लिए बूथ स्तर के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। अपने चुनाव अभियान के दौरान, भाजपा इस बात पर भी प्रकाश डालेगी कि कैसे विपक्षी दलों ने मंदिर के निर्माण में बाधा डालने का प्रयास किया।

देश में संक्रमण के 636 नए मामले, केस बढ़कर 4394

एजेंसी

पिछले 24 घंटों में जानलेवा वायरस से तीन लोगों की मौत

नई दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना से संक्रमित 636 नए मामले सामने आए है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को आंकड़े जारी किए हैं। कोविड-19 के मामलों में मामूली गिरावट देखने को मिली है।

मंत्रालय ने कहा कि भारत में पिछले दिन जो आंकड़ा 841 नए मामलों का था वो सोमवार को 636 तक रहा। देश में नए मामले सामने आने के साथ ही कोराना संक्रमित की बढ़कर 4394 तक पहुंच गयी है। पिछले 24 घंटों में इस जानलेवा वायरस से तीन और लोगों की मौत हो गयी और देश में अभी तक मृतकों की संख्या 5,33,364 तक पहुंच गयी है। मंत्रालय के अनुसार आज सुबह आठ बजे तक कई राज्यों में कोविड-19 के मामले बढ़ने की रिपोर्ट समाने आयी है। अभी तक 4,44,76,150 लोग इस जानलेवा वायरस के संक्रमण से उबर चुके हैं। देश में रिकवरी दर 98.81 प्रतिशत है, जबकि मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है।

उप्र के पूर्वी इलाकों में हल्की बारिश के आसार जारी रहेगी शीतलहर

कानपुर। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर उत्तर प्रदेश में देखा जा रहा है और शीतलहर से लोग कांप रहे हैं। वहीं, बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवातों से नमी पर्याप्त होने के चलते धुंध और कोहरा भी कहर बरपा रहा है। मौसमी प्रणालियों को देखते हुए उत्तर प्रदेश के लोगों को अभी शीतलहर से राहत नहीं मिलने वाली है और पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में हल्की बारिश के साथ गरज चमक भी हो सकती है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि पश्चिमी विक्षोभ को उत्तरी हरियाणा के क्षेत्रों पर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में देखा जा रहा है।

गैंगस्टर गोल्डी बरार आतंकी घोषित

कई हत्याओं व नेताओं को धमकी भरे कॉल में शामिल था गोल्डी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोमवार को गैंगस्टर गोल्डी बरार को कड़े गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवादी घोषित कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक राजपत्रित अधिसूचना में बताया कि गोल्डी बरार प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा है, जो भारत विरोधी गतिविधियों के लिए जाना जाता है।



2022 में पंजाबी गायक सिद्धू मूस वाला की हत्या की जिम्मेदारी लेने के बाद गोल्डी बरार भारतीय एजेंसियों के रडार पर आ गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए), अतिरिक्त सचिव ने एक राजपत्रित अधिसूचना में कहा कि सतविंदर सिंह उर्फ सतिंदर जीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़, जो वर्तमान में ब्रैम्पटन, कनाडा में रहता है, बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा है और जबकि, बब्बर खालसा इंटरनेशनल एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध है। सीमा पार एजेंसी द्वारा समर्थित गोल्डी कई हत्याओं में शामिल था और कट्टरपंथी विचारधारा का दावा करता था, जो राष्ट्रवादी नेताओं को धमकी भरे कॉल करने, फिरौती मांगने और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर हत्याओं के दावों को पोस्ट करने में शामिल था।

अधिसूचना में कहा गया है कि वह सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से उच्च श्रेणी के हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री की तस्करी और हत्याओं को अंजाम देने के लिए आपूर्ति करने और शार्पशूटर उपलब्ध कराने में भी शामिल रहा है।

हिट एंड रन कानून के खिलाफ हड़ताल

आठ राज्यों में ड्राइवरों का चक्का जाम

एजेंसी

नई दिल्ली। नए हिट एंड रन कानून के विरोध में सोमवार को देश के 8 राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़, यूपी, उत्तराखंड, पंजाब और गुजरात में बस और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर हैं।

भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 7 लाख रुपए तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है। मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य शहरों में बसें नहीं चल रही हैं। राजस्थान में आधे दिन तक

प्राइवेट गाड़ियां नहीं चलाई गईं। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में ट्रक ड्राइवरों ने सड़क पर वाहन खड़े कर टायरों में आग लगा दी। बिहार की राजधानी पटना समेत प्रदेश के कई जिलों में प्रदर्शन हो रहा है। वहीं उत्तराखंड, पंजाब और यूपी में भी ट्रक ड्राइवरों ने चक्का जाम किया। एआईएमटीसी के अध्यक्ष अमृत मदान ने कहा कि हिट एंड रन कानून के पीछे सरकार का इरादा अच्छा है, लेकिन प्रस्तावित कानून में कई खामियां हैं। इन पर दोबारा सोचने की जरूरत है।

हिट एंड रन कानून पर विचार करे सरकार

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने हिट एंड रन कानून को सख्त बनाने का विरोध किया है। संगठन ने आह्वान पर ही चक्का जाम और हड़ताल शुरू हुई है। एआईएमटीसी की अगली बैठक 10 जनवरी को होगी। इसमें फैसला लिया जाएगा कि अगर सरकार उनकी मांगे नहीं मानती, तो किस तरह से सरकार के सामने अपना पक्ष रखा जाए।

जनरथ बस का ब्रेक फेल ड्राइवर की सूझबूझ से 17 लोगों की बची जान

जौनपुर। जलालपुर थाना अंतर्गत काशी डिपो वाराणसी की जनरथ रोडवेज की बस 17 सवारियों को लेकर के रविवार रात्रि जौनपुर की तरफ जा रही थी जलालपुर चौराहे से 200 मीटर पहले बस का ब्रेक पाइप फट जाने की वजह से ब्रेक फेल हो गया। बस के अचानक से ब्रेक फेल होने पर चालक ने इस परिस्थित में सूझ-बूझ कर काम लिया व अपनी समझदारी दिखाते हुए बस को बाये साइड में हाईवे पर बने एक फीट ऊंची नाली से टकराकर 200 मी घसीटते हुए ले जाकर के बस को रोका। बस को नाली से टक्कर हुई तो तेज से आवाज होने पर बस में बैठे सभी यात्री घबरा गए और बस में अफरा तफरी का माहौल हो गया।

5.90 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के किए दर्शन

समृद्धि न्यूज

वाराणसी। धर्म की नगरी काशी धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनती जा रही है। नव्य, भव्य और दिव्य विश्वनाथ धाम में साल के पहले दिन श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ी। मंगला आरती के बाद कपाट खुलने के साथ ही हर हर महादेव के उद्घोष के साथ दर्शन का क्रम जारी हुआ, जो देर रात कपाट बंद होने तक चलता रहा है।

साल के पहले ही दिन बाबा के धाम में 5.90 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। वहीं पिछले साल 2023 में साल के पहले दिन 5 लाख भक्त विशेश्वर के दरबार पहुंचे थे। मंदिरों के

अलावा घाटों पर भी सैलानियों का हुजूम देखने को मिला। नए साल पर पर्यटकों की भीड़ के अनुमान के मुताबिक योगी सरकार के निर्देश पर भक्तों के सुगम दर्शन और सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किये गए थे। नए वर्ष में भगवान शिव का आशीष पाने के लिए श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में शीश नवाया। आंग्ल नववर्ष के पहले दिन श्री काशी विश्वनाथ धाम में पर्यटकों की कतार लगी रही।

संसद से पास तीन कानूनों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती रोक लगाने की मांग

नई दिल्ली। भारत की दंड संहिता में बदलाव लाने के लिए कानून के तीन नए सेटों के अधिनियमन को चुनौती देने वाली एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई है, जिसमें दावा किया गया है कि उनमें कई ख़ामियां और विसंगतियां हैं। लोकसभा ने 21 दिसंबर को तीन प्रमुख कानून पारित किए थे - भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता, और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को विधेयकों पर अपनी सहमति दी। ये नए कानून- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे।

एनआईए ने 2023 में 56 करोड़ की संपत्ति कुर्क की, 625 गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली। आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) लगभग शत प्रतिशत कार्रवाई करने में सफल रही। एजेंसी से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक एनआईए ने 2023 में 94.70 प्रतिशत दोष सिद्धि दर दर्ज की और 56 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। इस दौरान 625 लोगों को गिरफ्तार किया।

आईएसआईएस मामलों में अब तक एनआईए ने 65 आरोपित, जिहादी आतंकी मामलों में 114, मानव तस्करी के मामलों के 45, आतंकवादी और संगठित आपराधिक गतिविधि के 28 आरोपित और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) मामलों के 76 आरोपितों को गिरफ्तार किया। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने 2023 में कुल 68 मामले दर्ज किए। 2023 के दौरान दोषी ठहराए गए 74 आरोपितों को सजा के रूप में कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई गई। एनआईए 2023 में 47 आरोपितों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने में कामयाब रही। एनआईए ने अमृतपाल सिंह उर्फ अम्मी, अमरीक सिंह, मनप्रीत सिंह और मनदीप सिंह को फिलीपींस से निर्वासित किया था। विक्रम बरार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से निर्वासन के बाद गिरफ्तार किया था। निर्वासन और प्रत्यर्पण पर की गई गिरफ्तारियां अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार अपराधियों का पीछा करने के लिए एनआईए की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

उद्घाटन

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और योगी आदित्यनाथ ने किया सैनिक स्कूल का उद्घाटन

संतों ने मानव जाति को सुसंस्कृत बनाने के लिए की दुर्गम यात्राएं

समृद्धि न्यूज

मथुरा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को वात्सल्य ग्राम वृन्दावन में समविद गुरूकुलम बालिका सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, योग गुरू बाबा रामदेव और साध्वी ऋतम्भरा प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि साधु-संतों ने मानव जाति को सुसंस्कृत बनाने के लिए दुर्गम यात्राएं की। रक्षामंत्री ने कहा कि जब ना तो हवाई जहाज था, ना ही पानी के जहाज थे, ना ट्रेन, ना बस, न कार, यहां तक कि यातायात के सामान्य साधन भी

सुलभ नहीं थे। जब न तो सड़कें थी, और ना ही गूगल मैप के द्वारा कोई नक्शा ढूंढा जा सकता था। कहीं की भाषा अलग थी, तो कहीं का समाज बर्बर और हिंसक था, कई-कई ऐसे समाज भी इतिहास में देखने को मिले जो बाहरी लोगों को देखना तक पसंद नहीं करते थे। जब इतनी सारी दिक्कतें थीं तो फिर यह सोचने की बात है कि आखिर किसने प्रेरित किया, हमारे साधु-संतों को, कि वह इतनी अदम्य और दुर्गम यात्राएं कर सकें। राजनाथ सिंह ने कहा कि उस प्रेरणा के पीछे मानव जाति के प्रति करुणा और उन्हें श्रेष्ठ तथा सुसंस्कृत बनाने का भाव था। इसी भाव ने हमारे साधु-संतों को प्रेरणा दी, जिस कारण उस विकट समय में भी उन्होंने दुनिया को भद्र बनाने के लिए पैदल पूरी यात्रा की। उन्होंने कहा कि जब दुनिया में भारत के अलावा कहीं भी सभ्यता और ज्ञान नहीं था, उस समय ऋषियों ने हमारे पूर्वजों को आदेश देते हुए कहा था- कृण्वन्तो विश्वमार्यम, यानी जाओ और जाकर दुनिया को भद्र बनाओ, श्रेष्ठ बनाओ, उन्हें सुसंस्कृत करो और जाकर उनका हृदय जीतो। यह जो हृदय जीतने का निश्चय है, यही निश्चय हमारी संस्कृति को विशेष बनाता है, और इस निश्चय को चरितार्थ करने में हमारे साधु-संतों की जो भूमिका है, उसे भुलाया नहीं जा सकता।

नारी शक्ति को भी है देश की सुरक्षा का अधिकार

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, जब हमारी सरकार ने, सैनिक स्कूल में बालिकाओं के दाखिले को मंजूरी दी तो वह समय नारी उत्थान के इतिहास के स्वर्णिम क्षणों में से एक था। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा करने का अधिकार जितना पुरुषों को है, उतना ही इस देश की नारी शक्ति को भी है। आज यहां पर बालिका सैनिक स्कूल की शुरुआत हो रही है। यह बालिका सैनिक स्कूल निश्चित रूप से आसपास के क्षेत्र में सेना में शामिल होने की इच्छा रखने वाली यहां की बालिकाओं के लिए प्रकाश स्तंभ के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि पूर्वजों का रक्त हमारे अंदर बह रहा है, उनका ही स्वभाव हमारे रगों में है कि हम पूरी दुनिया में जहां कहीं भी जाते हैं, हम अपनी भारतीयता की पहचान कभी नहीं खोते।

बंदरों के उत्पात से लोग परेशान, पकड़वाए जाने की मांग

बॉकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।

विकासखंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत ग्रंट नंबर 10 में बंदरों के उत्पात से दुकानदार, किसान तथा महिलाएं समेत कस्बे के लोग परेशान हैं। महिलाओं के लिए घर में खाना बनाना भी अब कठिन हो गया है। महिलाएं अपने रसोई घर का दरवाजा बंद करके खाना बनाने को विवश हो गई है क्योंकि घरों की छत पर बैठे बन्दर मौका मिलते ही उनके सामने से ही रोटियां उठाकर भाग जाते हैं, रोटी न मिली तो किचन में रखी सब्जी या अन्य सामान उठाकर भाग जाते हैं। महिलाएं भय के कारण चीखने चिल्लाने के अलावा कुछ नहीं कर पाती हैं।

बंदरों की बढ़ रही संख्या के चलते गलियों में गांव समेत कस्बे के लोगों का निकला मुश्किल हो गया है। बंदरों की टोलियां घरों में घुस कर घर में रखा सामान उठा कर ले जाती हैं। बंदरों के डर से गलियों में, छतों पर बच्चे नहीं खेलते हैं। महिलाएं भी छतों पर कपड़े सुखाने के बाद उनकी रखवाली करती हैं।

बंदर छतों पर सूखने वाले कपड़े ले जाते हैं। घरों के आगे बंदरों के आतंक से बचने के लिए जाल हजारों रुपए खर्च करके लोग लगवा रहे हैं। मौका मिलते ही यही बंदर दुकानदारों के सामने से ही कभी ब्रेड का पैकेट तो कभी चिप्स और नमकीन के पैकेटों की लड़ियां उठाकर भाग जाते हैं। अब तो बंदर आलू और मटर जैसी सब्जियों को भी नुकसान पहुंचने लगे हैं। मैलानी रेंजर बंदर छोड़ने की अनुमति उच्च अधिकारियों के हाथ में देने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। ऐसे में क्षेत्र वासियों को इस समस्या का कोई समाधान नहीं दिखाई देता है।

भूतेंद्र सिंह सहित कई ग्रामीण चंदा लगाकर बंदरों को पकड़वाने की बात कह रहे हैं परंतु वन विभाग की



लोगों का गलियों से निकलना हुआ मुश्किल

अनुमति मिले बिना उन्हें जंगलों में बंदर छोड़ने से कानूनी पचड़े का भय भी सता रहा है। उनका कहना है कि यदि विभाग अनुमति दे दे तो हम सभी स्वयं बंदरों को पकड़वाकर जंगल में छुड़वा देंगे। बांकेगंज निवासी भूतेन्द्र सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष से अधिकांश बंदर जंगल से बाहर आ चुके हैं। उन्हें जब खाने को कुछ भी नहीं मिलता है तब वे खेतों में बोए गए आलू को उखाड़ कर खाने लगते हैं। मेरा करीब एक बीघे आलू उन्होंने उखाड़ दिया है। मौका मिलते ही घरों से भी खाने पीने का सामान उठा ले जाते हैं। इससे सभी क्षेत्रवासी परेशान है।

फसल बचाने के चक्कर में दो बार बन्दर उन्हें काट भी चुका है। यदि ग्रामीण आपसी सहयोग से बंदरों को पड़कर जंगल में छोड़ने का प्रयास करें तब भी वन विभाग समस्या उत्पन्न करेगा।

बांकेगंज बाजार में दुकान कर रहे रमेश कुमार बताते हैं कि भोजन की व्यवस्था सरलता से न हो पाने के कारण गांव में डेरा जमाए बंदरों के व्यवहार में परिवर्तन आता जा रहा है। अब वे दुकानदारों के सामने से सामान बिना किसी डर के उठा ले जाते हैं। जब तक दुकानदार डंडा लेकर हट हट चिल्लाते हुए बाहर निकलता है तब तक वे उछल कर दुकान की छत अथवा टीन पर चढ़ चुके होते हैं और सामान बर्बाद कर चुके होते हैं। कई लोग तो उनसे सामान बचाने के लिए गुलेल तक रखने लगे हैं। छुट्टा पशुओं की तरह उन्हें भी कई बार कूड़े के देर में पड़ी पॉलीथीन में खाने का सामान ढूंढते हुए देखा जाए सकता है।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

मैलानी रेंजर साजिद हसन ने बताया कि बंदरों की समस्या से निजात दिलाने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम की है। यदि इनमें से कोई बंदरों को पड़कर जंगल में छोड़ना चाहे तो उसके लिए सबसे पहले डीएफओ से परमिशन लेनी होगी उनकी अनुमति के बाद ही बंदरों को जंगल में छोड़ा जा सकता है।

एडीओ पंचायत आरिफ खान ने बताया कि बंदरों की समस्या से मै भी अनजान नहीं हूं परंतु ग्राम प्रधान केवल कुछ आदमियों को लगाकर बंदरों को जंगल की ओर भागने का प्रयास ही करा सकता है क्योंकि यदि इन्हें प्रशिक्षित आदमी लगाकर पकड़वाया भी जाए तो वन विभाग जंगल के अंदर उन्हें छोड़ने नहीं देता है। ऐसे में ग्राम पंचायतों के पास कोई अन्य समाधान भी नहीं है।

दुकानदार- रमेश कुमार चौहान ने बताया कि बंदरों से कस्बे के दुकानदार भी परेशान हैं। पलक झपकते ही यह बंदर दुकानों से सामान उठाकर ले जाते हैं। अगर इन बंदरों को डराने या भगाने का प्रयास किया जाए तो उल्टा यह बंदर धमकाने वालों को ही घुड़क देते हैं।

दुकानदार- सुनील कुमार ने बताया कि पिछल कई वर्षों से बंदरों की समस्या से लोगों को निजात दिलाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों को लोगों की समस्या पर गंभीरता से विचार कर समाधान करना चाहिए।

हाईटेक सुविधाओं से लैस पंचायत भवन विधायक ने फीता काटकर किया लोकार्पण

- नन्हे मुन्ने बच्चों को अपने हाथों से विधायक ने कराया भोजन
- विधायक समेत आए अतिथिगण को भोले बाबा की प्रतिमा देकर किया सम्मानित

गोला गोकर्णनाथ खीरी।

जिला लखीमपुर खीरी की तहसील गोला के ब्लाक कुंभी की ग्राम पंचायत लाल्हापुर में भव्य पंचायत घर का लोकार्पण गोला विधायक अमन अरविंद गिरी द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रोजेक्टर जन सुविधा केंद्र, आर ओ वॉटर, सीसीटीवी कैमरा इत्यादि जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस पंचायत घर के भव्य सौंदर्यीकरण होने पर गोला विधानसभा अमन अरविंद गिरी ने नन्हे मुन्ने बच्चों को अपने हाथों से खाना खिलाकर पूरे पंचायत घर का निरीक्षण किया और पंचायत घर के निर्माण में सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया। बता दें पूर्व गोला विधायक स्वर्गीय अरविंद गिरी के द्वारा उन्हीं की ग्राम पंचायत क्षेत्र लाल्हापुर में हाईटेक पंचायत घर बनाए जाने का संकल्प लिया गया था जिसके बाद अकस्मात स्वर्गीय अरविंद गिरी की मृत्यु हो गई। पंचायत के प्रधान व स्वर्गीय विधायक अरविंद गिरी के बड़े भाई जनार्दन गिरी के द्वारा उनके इस संकल्प को पूरा करने में बढ़-चढ़कर योगदान दिया गया। प्रधान जनार्दन गिरी व सचिव ललित वर्मा की देखरेख में पंचायत घर का सौंदर्यीकरण किया गया।

पंचायत में आने वाले सभी ग्रामीणों के लिए सरकारी सुविधाओं के लाभ दिलाने के लिए इंटरनेट, प्रोजेक्टर व साफ-सफाई, सुरक्षा जैसी बिंदुओं का ध्यान रखते हुए सुविधा ए उपलब्ध कराई गई। इस दौरान गोला विधायक अमन अरविंद गिरी, प्रधान जनार्दन गिरी व अन्य मौजूद अतिथिगण को भोले बाबा की प्रतिमा भेंट की गई। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी कुंभी गोला, ब्लॉक प्रमुख कुंभी, ग्राम रोजगार सेवक केतन सक्सेना समेत क्षेत्र के तमाम संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

रिपोर्टर की आकस्मिक मृत्यु से पत्रकारों में शोक की लहर

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज। लखीमपुर जनपद के बालूडीहा महेवागंज निवासी अनुज यादव जो की लखीमपुर शहर में रिपोर्टर के तौर पर कार्य करते थे,जिनकी बीते लगभग 4 दिन पहले अचानक तबियत खराब होने के कारण लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था ।जिसमे डॉक्टरों ने ब्रेन हैमरेज होने की पुष्टि की । जिसका इलाज लखनऊ में ही चल रहा था,जिनका आज दिनाक 1 जनवरी 2024 को सुबह लगभग 6 बजे निधन हो गया ।नए साल की शुरुवात में ही ऐसी दुखद खबर सुनते ही पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई ।जिससे पत्रकारों का हुजूम उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन करने के लिए उनके निज निवास ग्राम बालूडिहा महेवागंज पहुंचे ।सभी पत्रकार बंधु ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे सभी पत्रकार परिवार के लिए एक बहुत बड़ी छति है ।अनुज यादव ने इससे पहले भी कई सारे अखबारों में काम किया था ।इस दुखद घटना की सूचना पाते ही पूरे महेवागंज में शोक की लहर दौड़ गई ।काफी लोगों ने इस शोक की घड़ी में दुख व्यक्त करते हुए अपनी अपनी दुकानें भी बंद कर दी ।अनुज यादव के परिवार से अमर भारती ब्यूरो चीफ रवि पाण्डेय ने मिलकर परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा की हम आपके परिवार के साथ हमेशा खड़े रहेंगे ।यह हमारा छोटा भाई था ,जिसके जाने से हम लोगों को बहुत ही ज्यादा कष्ट है ।भगवान आत्मा को शांति दें ।इस कष्ट की घड़ी पे बहुत ही तादाद की संख्या में लोग उनके घर पर मौजूद रहे।

कुंतेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ी आस्था

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। नए साल के पहले दिन महाभारत कालीन कुंतेश्वर महादेव मंदिर में जमकर भीड़ उमड़ी। भक्तों की लंबी कतारें सुबह से ही मंदिर के बाहर लगी थी। काफी संख्या में युवक-युवतियों समेत हर उम्र के लोग साल का पहला दिन भगवान के दर्शन के लिए पहुंचे थे। वहीं, पुजारियों द्वारा मंदिरों में की जा रही पूजा-अर्चना से माहौल भक्तिमय हो रहा था। इसी प्रकार कोटवाधाम में बड़े बाबा जगजीवन दास साहेब व पारिजात धाम में पारिजात के वृक्ष के दर्शन पूजन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ जमा थी ।अमरादेवी अमराकटेहरा मंदिर में भी कुछ ऐसी ही नजारा देखने को मिला। भक्त पूजा की थाल लेकर भगवान की पूजा के लिए पहुंचें थे।

शोरूम का ब्लॉक प्रमुख ने किया उद्घाटन

रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। रामनगर ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने इलेक्ट्रिक बाइक के शोरूम का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने कहा कि इलेक्ट्रिक बाइक से तराई क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को काफी सुविधा मिलेगी रामनगर पढ़ने के लिए पन्द्रह बीस किलोमीटर की दूरी साइकिल से तय करनी पड़ती है बैटरी से चलने वाली बाइक में ईंधन की बचत होगी लोग आसानी से उपयोग कर सकेंगे। शोरूम के उद्घाटन के मौके पर प्रधान शारदा प्रसाद अवस्थी प्रधान लवकुश मिश्रा इंदर वर्मा बुद्धू त्रिवेदी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

चौकी प्रभारी ने संभाला कार्यभार

सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। असंद्रा थाना अंतर्गत कि सिद्धौर पुलिस चौकी पर नवागत चौकी प्रभारी नीरज कुमार ने अपना पदभार संभाल लिया। नवागत चौकी प्रभारी श्री कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के साथ ही। पीड़ित फरियादियों को न्याय दिलाना मेरा मुख्य उद्देश्य है। यदि किसी ने कानून से खिलवाड़ किया तो उस पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

नववर्ष पर आयोजित किया सुंदर कांड का पाठ

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। ग्राम्यांचल सेवा समिति द्वारा नव वर्ष के प्रथम दिन सोमवार को शुभकामना कार्यक्रम आयोजित कर परिवार से जुड़े लोगों अतिथियों एवं गणमान्य लोगों को बधाई दी गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अवस्थी परिवार द्वारा मां सरस्वती के पूजन अर्चन के बाद संगीतमयी सुंदर कार्ड पाठ का आयोजन किया गया कार्यक्रम के अंत में प्रसाद का वितरण भी हुआ। इस अवसर पर सेवा समिति के निदेशक शरद अवस्थी आशुतोष अवस्थी सिद्धार्थ अवस्थी, उनके पूरे परिवार के अलावा गंगा बक्श सिंह,दिनेश शुक्ला, प्रमोद शाह, चंद्रभान मिश्रा, डम्मू अग्रवाल, सेवा समिति द्वारा संचालित पीजी कॉलेज लॉ कॉलेज,फार्मेसी बी एड संकाय, बी टी सी, पब्लिक स्कूल, इंटर कॉलेज के प्रबंधक प्राचार्य शिक्षक छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

गोला के ठग से तंग पीड़ित ने सीएम से शिकायत कर की कार्यवाही की मांग

- ठग दंपति चिकित्सा विभाग में नौकरी दिलवाने के नाम पर करता है लाखों की ठगी

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

चिकित्सा विभाग में नौकरी दिलवाने के नाम पर युवक के साथ ठगी का एक मामला प्रकाश में आया है जिसको लेकर पीड़ित के द्वारा गोला कोतवाली में तहरीर देने के बाद भी कार्रवाई न होने पर मुख्यमंत्री से पोर्टल पर शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। मामला जिला लखीमपुर खीरी के गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत का है। गोला के मिल रोड स्थित अपने ससुराल मे रह रहे ठग अनुभव सक्सेना ने अपने ही रिश्तेदार मैगलगंज निवासी ओम नारायण सक्सेना को बहला फुसला कर चिकित्सा विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर 50,000 की ठगी कर ली। ठग अनुभव सक्सेना ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर न सिर्फ ओम नारायण सक्सेना को ठगा बल्कि उनके साथ उनके और कई रिश्तेदारों को भी नौकरी लगवाने के नाम पर कई लाखों की ठगी कर ली यहां तक की फर्जी नियुक्ति पत्र भी व्हाट्सएप पर भेज दिए। कई महीनो तक जब पीड़ित ओम नारायण सक्सेना को नौकरी नहीं मिली जिसके बाद पीड़ित ने अपने रूपयो की मांग की जिस पर ठग व उसकी पत्नी दोनों उल्टा पीड़ित पर कानूनन कार्रवाई में फसवा देने की धमकी देने लगे। पीड़ित ओम प्रकाश सक्सेना ने बताया कि सितंबर 2023 में गोला कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी जिस पर पुलिस थोड़ा सक्रिय हुई लेकिन कुछ दिनों बाद मामले को ठंडे बस्ते मे डाल दिया गया जिसके बाद थक हार कर पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर मुख्यमंत्री से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। हालांकि मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने के बाद गोला पुलिस हरकत में आई है और मामले से संबंधित जांच शुरू कर दिया है।

उत्साह-उल्लास से मना कन्या जन्मोत्सव

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

महिला कल्याण विभाग की ओर जिला महिला अस्पताल में सोमवार को कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित उत्सव में सीएमएस डॉ ज्योति मल्होत्रा ने नवजन्मी कन्याओं के अभिभावकों को सम्मान-पत्र और बेबी किट देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रशासन की इस पहल पर कन्याओं के जन्म लेने पर परिजनों में खुशियां और उत्साह देखने को मिला।

सीएमएस डॉ ज्योति मल्होत्रा ने कहा कि बेटियां बेटों से किसी भी मामले में कम नहीं होती है। हर माता-पिता को अपनी बेटियों को पढ़ने का अवसर जरूर देना चाहिए। जिस गति से शिशु लिंगानुपात घट रहा है। उससे आने वाले दिनों में कई तरह की सामाजिक समस्याएं आएंगी। बेटों की तुलना में बेटी माता-पिता का ज्यादा ख्याल रखती हैं।

ड्राइवरों की हड़ताल से जन जीवन अयस्त-व्यस्त, यातायात ठप

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

ड्राइवरो की हड़ताल के बाद आम जनता को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तमाम बस ड्राइवर ऑटो ड्राइवर हड़ताल पर चले गए हैं जगह जगह जनता परेशान है किसी को अपने घर जाना है तो किसी को अपने ऑफिस लेकिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा बिलकुल ठप कर दी गई है। जिसका असर बिजुआ/गोला बस अड्डे समेत जिले के कई जगह पर भी देखने को मिला।

दरअसल केंद्र सरकार ने हिट एंड रन केस में 10 साल की सजा/5 लाख जुर्माने का प्रावधान किया गया है जिसके विरोध में तमाम बस और ऑटो चालकों ने हड़ताल कर दी है उनका कहना है की इस तरह के कानून ड्राइवरों के हित में नहीं है तो वहीं बिजुआ व पड़रिया तुला बस स्टैण्ड पर यात्रियों ने बताया की हड़ताल होने के बाद पब्लिक बहुत परेशान है और जो भी एक दो ऑटो चालक ऑटो चला रहे हैं वो दुगने पैसों की मांग कर रहे हैं ।

बहराल इस हड़ताल के बाद आम जनता में काफ़ी रोष देखने को मिल रहा है इस नए कानून के बाद जिस तरह ड्राइवर हड़ताल पर चले गए है उससे लगता है ये मामला जल्द ही अगर शासन प्रशासन संज्ञान में नहीं लेता है तो कुछ ही दिनों में आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। पलिया क्षेत्र में हो रहे प्रदर्शन पर पुलिस प्रशासन और उप जिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह भी पहुँच गए और चालकों को समझाने का प्रयास करने लगे लेकिन चालक भी अपनी जिद पर अड़े रहे कि जब तक यह कानून वापस नहीं लिया जाएगा तब तक देशव्यापी आंदोलन जारी रहेगा।

यात्री हुए परेशान

मितौली सरकार द्वारा वाहन चालकों के विरुद्ध ले जा रहे कानून दुर्घटना होने की दशा में ड्राइवर को 10 साल का कारावास तथा 10 लाख रुपया जुर्माना किए जाने वाले कानून के विरुद्ध लखीमपुर मैगलगंज मार्ग पर प्राइवेट बसों से लेकर ट्रक ई रिक्शा तक का संचालन नहीं हो पाया। यात्रियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। सुबह होते ही कस्ता कस्बे में वाहनों की लंबी लाइन रोड जाम के रूप में लगा दी गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक मितौली आलोक धीमान ने कस्ता पुलिस पिकेट पर आकर तत्काल प्रभाव से जाम को हटाया।

दी सिद्धि विनायक पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

मैलानी खीरी, समृद्धि न्यूज।

कस्बे के दी सिद्धि विनायक पब्लिक स्कूल में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के माडल प्रदर्शित किए।कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष मैलानी देवेंद्र कुमार गंगवार,वन क्षेत्राधिकारी मैलानी साजिद हसन,अमन पाल, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल के प्रधानाचार्य जगदम्बा प्रसाद वर्मा आदि का अंगवस्त्र पहनकर स्कूल प्रबंधक भवानी शंकर माहेश्वरी ने स्वागत किया ।

प्रदर्शनी का आरंभ प्रधानाचार्या गुरमीत कौर, प्रबंधक भवानी शंकर माहेश्वरी, मैलानी नगर पंचायत चैयरपर्सन श्रीमती कीर्ति माहेश्वरी ने किया। इस अवसर पर भवानी शंकर माहेश्वरी ने बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी कल के वैज्ञानिक बन कर क्षेत्र व स्वजन का नाम रोशन कर सकते है।सभी माडल की जानकारी लेकर उन्होने स्कूल संचालकों को भी साधुवाद दिया।

प्रदर्शनी के लिए विद्यार्थियों को तैयार करने की मुख्य भूमिका विज्ञान अध्यापक रिफाकत अली और संजय कुमार की रही। कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के सभी विद्यार्थियों ने इस में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस प्रदर्शनी में सबसे पहले इस बात पर ध्यान आकर्षित किया गया कि विज्ञान प्रदर्शनी क्यों होनी चाहिए। विद्यार्थियों ने सुंदर एवं शिक्षाप्रद मॉडल बनाकर सभी अभिभावकों शिक्षकों एवं दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। उनके विषय में पूरी जानकारी देने का पूरा प्रयास किया। किसी भी विद्यार्थी, शिक्षक या अभिभावक के द्वारा पूछे जाने पर उसकी पूरी जानकारी उन विद्यार्थियों के द्वारा दी गई। इस प्रदर्शनी के आयोजन में सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

स्कूलों में हुआ बाल मेलों का आयोजन, बच्चों ने स्टाल लगाकर परोसे व्यंजन

सोमवार को स्कूल में बाल मेले का आयोजन भी बच्चों द्वारा किया गया ।इसी क्रम में सिद्धि विनायक पब्लिक स्कूल में बाल मेले और रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन बच्चो के द्वारा किया गया ।मेले का आयोजन स्कूल प्रधानाचार्य गुरमीत कौर एवं समस्त स्टाफ द्वारा किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा चाट, पकौड़ी एवं फ़ास्ट फूड आदि व्यंजनों के स्टाल लगाए गए। अतिथियों ने बाल मेले में हर स्टाल पर पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल के प्रबंधक भवानी शंकर माहेश्वरी ने कार्यक्रम में आये अभिभावकों और कस्बे के सभ्रांत अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

मोटर वाहन अधिनियम में हुए बदलाव से आक्रोशित हुए वाहन चालक

- मुख्य चौराहा जाम कर किया प्रदर्शन

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

मोटर वाहन अधिनियम में सरकार द्वारा बदलाव किए जाने से नाराज़ वाहन चालकों ने विरोध जताते हुए बदोसरांय कस्बे का मुख्य चौराहा जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। सोमवार को अचानक कस्बे के मुख्य चौराहे पर आटो रिक्शा टैक्सी चालकों ने नारेबाजी करते जाम लगा दिया। जिससे करीब एक घंटे तक चौराहे पर अफरा तफरी मची रही। इस दौरान भारी मात्रा में छोटे बड़े वाहन चारों तरफ फंस गए। इसी बीच कई एम्बुलेंस भी आकर फंस गई। चौराहे पर जाम की सूचना पाकर मौके पर नायब तहसीलदार संजय कुमार ने पहुंच कर जाम

खुलवाने का प्रयास शुरू किया और मौके पर बदोसरांय पुलिस को बुलाया। जिसके बाद पुलिस ने लाठी पटकर किसी तरह जाम खुलवाया। नायब तहसीलदार से चालकों ने सरकार द्वारा पारित किए गए नए कानून का विरोध करते हुए इसे वापस लिए जाने की मांग किया है। चौराहा जाम के चलते आने जाने वाले लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारी वाहन चालकों का कहना है कि यदि संशोधन बिल वापस नहीं लिया गया तो धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

पूर्व सीएम स्व. मुलायम सिंह की स्मृति में किया गया कम्बल वितरण

मसौली बाराबंकी, एजेंसी।

समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की याद मे सोमवार को मसौली चौराहा स्थित पूर्व जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी द्वारा आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम मे पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने क्षेत्र के 5 सैकड़ा से अधिक गरीब लोगों को ठंड से बचने के लिए कम्बल का वितरण किया।

मसौली चौराहा स्थित पूर्व जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी के प्रतिष्ठान पर सोमवार को कम्बल वितरण करते हुए पूर्वमंत्री अरविन्द सिंह गोप ने कहा कि गरीबो की मदद इबादत से कम नही होती उनके हालातो को समझने वालो पर ईश्वर खुश होता है। ठंड में समाज के गरीब वंचित असहाय बेसहारा लोगो का ख्याल रखना उनके काम आना फर्ज बनता है। श्री गोप ने आयोजक शकील सिद्दीकी के इस पुनीत कार्य की तारीफ करते हुए कहा कि गरीबो की दुआएं लेने वाले हमेशा कामयाब रहते है।

पूर्वमंत्री श्री गोप ने नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि तरक्की वही व्यक्ति करता है जिसका मन बड़ा होता है शकील सिद्दीकी ने अपने पिता की याद में जो गरीबो की मदद करने का काम किया है उन्हें दुआये मिल रही होगी। श्री गोप ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि गरीबो की दुआ व बदुवा भी मिलती है वर्तमान सरकार में देश प्रदेश का किसान,

नवजवान सभी परेशान है। पूर्व मंत्री ने आने वाले लोकसभा चुनाव में सपा को जिताने की अपील की।

पूर्व विधायक रामगोपाल रावत ने कहा कि गरीब एव असहाय की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। पूर्व विधायक रामगोपाल रावत ने शकील सिद्दीकी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा सुविधा सम्पन लोगो को इसी प्रकार गरीबो की मदद करते रहना चाहिए उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन की सार्थकता तब है, जब वह गरीब और असहायों की सेवा करे। सर्दी के इस मौसम में गरीबों को गर्म कपड़े वितरण करना सच्ची मानव सेवा है। यह कम्बल हर उस गरीब व बुजुर्गों के लिए जीवन दायिनी साबित होगा जिनके पास ठण्ड से बचने का और कोई उपाय नही है। इस गलन भरी ठंड में कंबल वितरण से बड़ा पुनीत कार्य कुछ नहीं हो सकता। जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी ने लोगो को अशस्वत करते हुए कहा कि हम लोग सभी परिस्थियों में आपके सुख दुख में साथ है और यथा सम्भव हर मदद करते रहेंगे। कम्बल वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बड़ागाँव, मसौली, भयारा, छुलहा बन्नी, सदरुद्दीनपुर, अमदहा, मेढ़िया, डेडवा, नेवला, करसंडा, हेतमपुर, मुंजापुर, कुड़वा, किन्हौली, फतेहपुरवा, दहेजिया गाँवो के 500 व्यक्तियों को कम्बल दिये गये। ठंड में जरूरत मन्दो को जब कम्बल मिला तो उनके चेहरे खिल उठे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य किशन रावत के संचालन में पूर्वमंत्री ने पत्रकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया तथा नववर्ष की बधाई दी।

मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक विकास के लिए खेल जरूरी : गिरीश

मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

खेल मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने, सामरिकता का अभ्यास करने, और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है और हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने, और जीतने की क्षमता प्रदान करता है।

उक्त बाते प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने सोमवार को लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल दो दिवसीय वार्षिक उत्सव एवं खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए कही उन्होंने कहा कि मनुष्य के व्यक्तित्व निर्माण मे खेलकूद की महत्वपूर्ण भूमिका होती है जिसमे हार जीत दोनो का महत्व होता है और नई सीख मिलती है। उन्होंने कहा कि आज के दौर मे न जीतना जरूरी है और न ही हारना जरूरी है खेल लाजवाब है बस खेलना जरूरी है खेल मे हार जीत मात्र एक परिणाम है जो महत्वपूर्ण के साथ प्रयास एव संघर्ष को अनुभव कराती है।

फैसला : स्कूली वाहनों में अब सीसीटीवी लगाना अनिवार्य

▸ प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वरलू ने जारी किया आदेश

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार चिंतित है। सरकार ने फैसला किया है कि सभी स्कूली वैन में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसको लेकर सख्ती भी की जाएगी। प्रदेश में करीब 15 हजार से ज्यादा स्कूली वाहन है जो बच्चों को स्कूल लेकर जाते हैं।

इसकी कंट्रोलिंग स्कूल प्रबंधन के पास होगी। स्कूली वैन के अलावा बस के गेट के पास अंदर की ओर भी कैमरा लगाया जाएगा। बसों में बच्चों के साथ कोई गलत हरकत करता है तो वह भी पकड़ में आ जाएगा। इससे खासकर बच्चियों को सुरक्षा में भी मदद मिलेगी। स्कूली वाहनों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का आदेश प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वरलू ने जारी किया है। हालांकि यह आदेश पहले भी था लेकिन इसको लेकर सख्ती नहीं थी। ऐसे में फिटनेस के लिए आरटीओ कार्यालय पहुंचने वाले स्कूली वाहनों में सीसीटीवी कैमरा लगवाया जा रहा है। अब तक कई बसों में इसे लगाया भी जा चुका है। तीन महीने का समय वाहन मालिकों को दिया गया है।

आपदाओं में जन, धन की हानि से बचाव को राहतवाणी केन्द्र की स्थापना

▸ मुख्य सचिव ने लालबाग स्थित राहतवाणी केंद्र का किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने लालबाग स्थित राहतवाणी केन्द्र का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में विभिन्न प्रकार की आपदाओं में जन, धन की हानि से बचाने और लोगों को सुरक्षित रखने के लिये राहतवाणी केन्द्र स्थापित किया गया है।

सूचना तंत्र के माध्यम से लोगों को घटित होने वाली प्राकृतिक आपदाओं के बारे में समय से पहले जानकारी दी जायेगी, जिससे वो लोग सजग हो सके और उस पर कार्यवाही कर सके। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर इमरजेन्सी ऑपरेशन सेन्टर्स का भी सुदृढ़ीकरण किया जा गया है। राज्य स्तरीय इमरजेन्सी ऑपरेशन सेन्टर (ईओसी) का सुदृढीकरण कर आपदा राहत कार्यों के लिये डेडीकेटेड टोल-फ्री हेल्पलाइन 1070 का 24ग7 संचालन किया जा रहा है। आपदाओं की सटीक पूर्व चेतावनी हेतु प्रदेश में मौसम संबंधी नेटवर्क को सुदृढ़ किया जा रहा है।

राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा आपदा पूर्व चेतावनियों के प्रसार पर काफी सघन कार्य किया जा रहा है तथा इसी क्रम में एक एक्सक्लूसिव अर्ली वार्निंग सेण्टर जिसे राहतवाणी केन्द्र का नाम दिया गया है, स्थापित किया गया है। इस राहतवाणी केन्द्र द्वारा आपदा की पूर्व चेतावनियों को विभिन्न माध्यमों से रियलटाइम में जन-जन तक प्रसारित करने का कार्य किया जायेगा ताकि प्रदेश में आपदा से जनहानियों में कमी लाई जा सके।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा चलाये जा रहे अभियान आपदा मित्र के द्वारा होमगार्ड विभाग के सक्षम नवयुवकों को प्रशिक्षित करके उनके द्वारा आम जन मानस को जानकारी और सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि मा0प्रधानमंत्री जी द्वारा आपदा से संबंधित व्यवस्थायें की, जिससे बड़े-बड़े तूफानों व भूकंपों से कम से कम हानि होती है, जो एक विकसित देश की पहचान है। राहत तंत्र को राहतवाणी के माध्यम से मजबूत एवं सशक्त करें, जिससे हमारा प्रदेश एक सशक्त एवं विकसित प्रदेश बनें। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राजस्व श्री सुधीर गर्ग, राहत आयुक्त श्री जीएस नवीन कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

मौसम विभाग के मात्र 68 एडब्ल्यूएस तथा 132 एआरजी लगे

उन्होंने कहा कि वर्तमान में पूरे प्रदेश में मौसम विभाग के मात्र 68 एडब्ल्यूएस तथा 132 एआरजी लगे हैं, जो कि मौसम संबंधी जानकारियों के लिए अपर्याप्त हैं, अतः प्रदेश में मौसम व पूर्व चेतावनी संबंधी तंत्र को सुदृढ़ करने हेतु राज्य सरकार द्वारा मौसम विभाग के तकनीकि सहयोग से प्रदेश में 05 डॉप्लर रडार, 450 ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन तथा 2000 ऑटोमेटिक रेनगेज स्थापित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वज्रपात की सटीक जानकारी के लिये लाइटनिंग सेंसर्स की स्थापना की जा रही है, यह सेंसर्स वज्रपात के 30 मिनट से 1 घंटा पूर्व वज्रपात घटित होने वाले स्थानों व समय के संबंध में पूर्व जानकारी देंगे। बाढ़ की पूर्व चेतावनी हेतु घाघरा/शारदा व राप्ती बेसिन में रिवर सेंसर्स की स्थापना करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि सेंसर्स द्वारा जेनेरेट की गयी पूर्व चेतावनियों को आमजनमानस तक समय से पहुंचाकर जनहानि में कमी लाया जाना संभव है।

खबरें एक नजर में

प्रदेश के पांच जनपदों के सफल उद्यमियों को मिला प्रशस्ति पत्र

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग अमित मोहन प्रसाद ने तिलक मार्ग स्थित खादी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश के 5 जनपदों के सफल उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पुरस्कृत उद्यमियों व लाभार्थियों में राजेश प्रसाद (फ्लोर मिल) जनपद-गाजीपुर, अविनाश कुमार (कैरी बैग का उत्पादन) जनपद-लखनऊ, विजय प्रताप सिंह (लौह कला) जनपद-रायबरेली, इन्द्रसेन यादव (सोलर पैनल) जनपद-उन्नाव तथा श्रीमती रूचिता सिंह (बेकरी) जनपद-बाराबंकी थे।अपर मुख्य सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग ने सफल उद्यमियों से यह आग्रह किया अपनी ही तरह अपने क्षेत्र के कम से कम 5 उद्यमियों को कुटीर उद्योग की स्थापना करने हेतु उत्प्रेरित करें, जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार का सृजन हो सके तथा प्रदेश व देश हित में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को अधिक मजबूती मिल सके। प्रदेश के प्रत्येक जनपद की सफल इकाईयों की विवरण पट्टिका का अनावरण भी किया। इस अवसर पर बोर्ड के सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

साल के पहले दिन मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी में साल के पहले दिन सोमवार को डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर और चौक स्थित छोटी कालीमाता मंदिर, हनुमान सेतु, हुमंतधाम समेत सभी धार्मिक स्थलों में लोगों ने पूजा अर्चना की। सभी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ लगी हुई है। ऐसा माना जाता है कि वर्ष के पहले दिन सभी लोगों को भगवान के दर्शन करना चाहिए, जिससे जीवन में शुख और शांति मिलती है। इसके अलावा पर्यटक स्थल इमामबाड़ा भूलभुलैय्या और घंटा घर पार्क में भी लोगों ने परिवार के साथ नया साल का जश्न मनाया। प्राणी उद्यान में इस दौरान छोटे बच्चों ने जानवरों और पक्षियों को काफी करीब से देखा।

रेडक्रॉस सोसायटी ने वितरित किया कंबल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। डालीगंज क्रॉसिंग रैन बसेरा में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी शाखा लखनऊ के चेयरमैन ओपी पाठक एवं सचिव अमरनाथ मिश्रा नगर निगम जोनल अधिकारी संजय यादव की उपस्थित में 40 जरूरत मंद व्यक्तियों को कम्बल एवं स्वच्छता किट वितरित किये गये। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चेयरमैन ओपी पाठक, सचिव अमरनाथ मिश्रा, कोषाध्यक्ष यक्ष नवीन गुप्ता, रूप कुमार शर्मा, ऋतुराज रस्तोगी, अनुराग साहू उपस्थित रहें।

अयोध्या एयरपोर्ट पर अखिलेश ने उठाए सवाल

प्रयागराज, समृद्धि न्यूज। अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटित अयोध्या इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के उठाए गए सवाल का प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने करारा जवाब दिया है। नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अयोध्या को इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सौगात दी। इससे प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। उत्तर प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास से रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अयोध्या में ही उज्ज्वला योजना की लाभार्थी मीरा मांझी के घर जाकर उनसे संवाद किया। उन्हें न केवल गैस कनेक्शन मिला, बल्कि प्रधानमंत्री आवास, मुफ्त राशन और बिजली भी इसी सरकार में मिली। आखिर क्यों। आपको समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों के जीवन की खुशहाली और समृद्धि रास नहीं आती? मंत्री नन्दी ने कहा कि अखिलेश यादव का यह बयान आपकी कुण्ठा और तुष्टिकरण की विद्रूप राजनीति से उपजा है। वहीं कुण्ठा जिसने सैकड़ों रामभक्तों पर गोलियां चलवाने का पाप किया था।

तेज रफ्तार कार ने मजदूर व महिला को रौंदा, थमी सांसें

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। नववर्ष की पहली सुबह दो परिवारो के लिये काल बन गयी.मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कनकहा गांव के बाहर से गुजरे हाइवे पर सोमवार की सुबह शराब के नशे में धुत होकर तेज रफ्तार में कार दौड़ा रहे चालक ने सड़क पार कर रहे मजदूर समेत भीषण ठंड में सड़क किनारे बैठकर आग ताप रही महिला को रौंद दिया। दुर्घटना में मजदूर समेत महिला की मौत हो गयी। परिजन मौके पर पहुंचे तो कोहराम मच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस दुर्घटना करने वाली कार समेत चालक को हिरासत में लेकर थाने ले गयी। मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मृतका के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने दुर्घटना करने वाली कार व चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया।

यूपी के प्रथम मुख्यमंत्री संपूर्णानंद की जयंती मनाई गई

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंन्त्री एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल संपूर्णानंद की जयंती आज ओसीआर परिसर में मनाई गयी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता विधान परिषद विन्ध्यवासिनी कुमार ने संपूर्णानंद के जीवन को सादगी पर्याय बताते हुए कहा कि संपूर्णानंद के पूरे जीवन काल से हमे सही मायनों में सच्चे समाजवाद की प्रेरणा मिलती है। संपूर्णानंद का पूरा जीवन सादगी एवं लेखनी को समर्पित था, आपने कहा कि संपूर्णानंद के अनुसार समाज वाद का सही अभिप्राय यह है कि स्वयम के लिए कुछ भी संचित न किया जाय जो संचित हो उसे समाज को अर्पित कर दिया जाय। कार्यक्रम में सेल टैक्स बार के पूर्व अध्यक्ष परितोष शर्मा, डा ह्रदेश बिहारी, एड विश्वेष कुमार, एड देवेश कुमार, एड विकर्ष, राहुल निगम, अजय माथुर, किशन कुमार, डा अमित दिवेदी, विनीत यादव, विवेक श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद रामू सान्याल सहित उपस्थित गणमान्य लोगो ने संपूर्णानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपने विचार रखे।

सीएम योगी ने जनता दरबार में सुनीं 200 लोगों की फरियाद, दिए निर्देश

अफसर जल्द करें समस्या का समाधान

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर दौरे पर है। नए साल की सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में हवन और रुद्राभिषेक किया। इसके बाद उन्होंने जनता दर्शन किया। जनता दरबार में आये सभी लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनकी समस्याओं के समाधान के निर्देश दिये।

सीएम ने सभी को यह भरोसा दिलाया का सबकी समस्या का समाधान होगा और सबके साथ न्याय होगा। आज नववर्ष के पहले दिन सीएम योगी ने मंदिर में जनता दर्शन में आए सभी लोगों से मुलाकात की और उन्हें नए साल की शुभकामनाएं दी। इस जनता दर्शन में करीब 200 लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचे। सीएम ने सबके पास जाकर उनकी समस्या सुनीं। पीड़ितों ने सीएम से अपनी समस्या कही। एक महिला ने दबंग द्वारा मारे-पीटे जाने की पीड़ा बताई तो मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया। वहीं, कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

पैसे की कमी से किसी का भी इलाज नहीं रुकेगा। सभी फरियादियों ने अपने-अपने प्रार्थना पत्र सीएम योगी को सौंपे। सीएम ने उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए। एक महिला द्वारा आवास की समस्या बताने पर सीएम योगी ने अधिकारियों को आवास का इंतजाम करने का निर्देश दिया। सीएम ने सबको भरोसा दिलाया कि सबकी समस्या का समाधान होगा।

सबको मिलकर बनाना है भारत को विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था

डिप्टी सीएम ने किया रामलाल राही व सुन्दरि देवी राही की मूर्ति का अनावरण

लखनऊ, सीतापुर। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सत् श्री सांई शिव शक्ति मन्दिर, सरायन नदी तट, मोहल्ला नई बस्ती, सीतापुर में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्व. राम लाल राही की 86वीं जयन्ती पर स्व. राम लाल राही एवं स्व. सुन्दरि देवी राही प्रथम महिला अध्यक्ष जिला पंचायत सीतापुर की मूर्ति अनावरण करते हुये राही की जीवनी की पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने मंदिर प्रांगण में जनसभा को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जहां अन्याय होता है, वहां न्याय के लिए लड़ना पड़ता है ये सीख बाबू जी से सीखना चाहिए। 2024 की शुरुआत हो गई है। यह वर्ष बहुत निर्णायक वर्ष होगा। 14 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक गांव मोहल्लों में स्वच्छता का अभियान चलाना है। भ्रष्टाचार पर रोक लगाने का काम प्रधानमंत्री ने किया है। पहले जिसने भी भ्रष्टाचार किया है, उससे भी वसूला जाएगा। भारत को विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था आप सबको मिलकर बनाना है। जो विकसित भारत संकल्प यात्रा आपके गांव में जा रही है, इस यात्रा में आपके फॉर्म भरने का काम, पेंशन फॉर्म, आवास फॉर्म आदि फार्म भरे जा रहे हैं। इन सब माध्यम से लोगों को विकास की गारंटी दे रहे हैं। डबल इंजन की सरकार आप सबके आशीर्वाद से चल रही है। 2017 से पूर्व गुंडागर्दी थी, अब गुंडे डरते हैं। किसी गरीब, व्यापारी आदि की दुकान, मकान, जमीन आदि कर कब्जा करने की किसी की हिम्मत नहीं है। पहले बिजली जाती थी, किंतु अब बिजली आती है, बिजली जाती नहीं है।

प्रदेश सरकार ने 16 जनवरी तक बढ़ाई ओटीएस की अवधि

▸ उपभोक्ता छूट का लाभ लेकर समस्या का जल्द करा लें समाधान : शर्मा

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने उपभोक्ताओं के हितों, जन-भावनाओं तथा किसानों के सीजन और जन-प्रतिनिधियों के सुझावों के दृष्टिगत एकमुश्त समाधान योजना की अवधि को 16 जनवरी तक बढ़ा दी है। अब उपभोक्ता 16 जनवरी तक ओटीएस के तहत छूट का लाभ ले सकेंगे।

ऊर्जा मंत्री ने ओटीएस की अवधि को 16 दिन और बढ़ाकर उपभोक्ताओं को नये साल का बड़ा उपहार दिया है तथा अन्तिम अवसर के रूप में उपभोक्ताओं को एक और मौका भी दिया है। जिन उपभोक्ताओं ने अपनी कुछ परेशानियों व समस्याओं के कारण योजना का लाभ अभी तक नहीं ले पाये थे, उन्हें अब उपभोक्ताओं को अपने बकाये के भुगतान के लिए पर्याप्त समय मिल गया है। ओटीएस की बढ़ी हुई अवधि का लाभ न लेने वाले ऐसे उपभोक्ताओं पर योजना की समाप्ति के पश्चात विभाग कार्यवाही करेगा। ऊर्जा मंत्री ने ऐसे उपभोक्ता जिन्होंने योजना का लाभ अभी तक नहीं लिया, उनसे अपील की है कि ओटीएस के तहत मिल रही छूट का लाभ लेकर हमेशा के लिए अपनी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करा लें। प्रधानमंत्री के आर्शीवाद एवं मुख्यमंत्री की प्रेरणा से उपभोक्ताओं की दशकों पुरानी समस्याओं के समाधान के लिए ऊर्जा विभाग ने एकमुश्त समाधान योजना 08 नवम्बर को तीन चरणों में शुरू की थी। योजना का पहला चरण 08 से 30 नवम्बर, दूसरा चरण 01 से 15 दिसम्बर और तीसरा चरण 16 से 31 दिसम्बर तक कुल 54 दिन का समय उपभोक्ताओं को दिया गया था। इस अवधि में 47 लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने योजना के तहत छूट का लाभ लिया और विभाग को 5150 करोड़ रूपये का राजस्व भी प्राप्त हुआ। उपभोक्ताओं को भी छूट के रूप में 1731 करोड़ रूपये का फायदा हुआ। एकमुश्त समाधान योजना के तीसरे चरण में उपभोक्ताओं को मिल रही छूट को आगामी 16 जनवरी तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

डाकघरों से ई-स्टाम्प बिक्री का स्टाम्प व पंजीयन मंत्री ने किया शुभारम्भ

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश में डाकघरों से भी अब ई-स्टाम्प प्राप्त किये जा सकेंगे। डाक विभाग और स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत इसे पायलट प्रोजेक्ट रूप में आरम्भ किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग रवीन्द्र जायसवाल ने ई-स्टाम्प सेवा का नव वर्ष के प्रथम दिन 1 जनवरी को शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं वाराणसी कचहरी उपडाकघर में ई-स्टाम्प डाकघर काउंटर से खरीदा एवं वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने उन्हें उक्त ई-स्टाम्प भेंट किया। इसके साथ ही लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर सहित उत्तर प्रदेश के 11 जिलों के चिन्हित डाकघरों में ई-स्टाम्प की बिक्री आरम्भ हो गई। लखनऊ जीपीओ में उ.प्र. के चीफ पोस्टमास्टर जनरल बी. सेल्वकुमार और प्रमुख सचिव, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन लीना जौहरी ने ई-स्टाम्प का शुभारंभ किया। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि डाक विभाग का नेटवर्क बेहद विस्तृत है और यह एक लंबे समय से तमाम नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान कर रहा है।

रोजगार गारंटी, सच्ची देशभक्ति व राजधर्म का करें निर्वहन : मायावती

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी(बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने देश और प्रदेश में रहने वाले लोगों को आंग्ल नववर्ष की हार्दिक बधाई दी है। यह साल आप सब के लिए आत्म-सम्मान के साथ सुख, शान्ति, सुरक्षा व सफलता लेकर आए इसकी शुभकामनाएं, ताकि आर्थिक असमानता व अन्य गैर-बराबरी आदि से मुक्त लोगों का जीवन खुश-खुशहाल बने।

बसपा प्रमुख ने सोमवार को जारी अपने बयान में कहा कि इस नववर्ष से सरकार केवल रोज़गार की गारण्टी सुनिश्चित कर सच्ची देशभक्ति व राजधर्म का निर्वहन करे, क्योंकि बाकी सरकारी गारण्टियां संकीर्ण राष्ट्रवाद के छलावा की राजनीति ज्यादा साबित हुई है। जिस कारण लगभग 100 करोड़ लोगों का जीवन लगातार गरीब, पिछड़ा, मजलूम व मोहताज बना हुआ है। मायावती ने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य की सरकारें हो या फिर कांग्रेस सहित विपक्ष के आईएनडीआईए गठबंधन की राज्य सरकारें दोनों जबरदस्त महंगाई, बेरोजगारी और पिछड़ेपन जैसे देश की बुनियादी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रही है। लोगों का ध्यान बांटने आदि के लिए अलग-अलग प्रकार की गारंटी वितरण में ही लगी है,जो कि देश की जटिल व ज्वलंत समस्याओं से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। इस प्रकर वे सारी गारंटी स्कीमें समाधान कम छलावा ज्यादा लग रही है।

उनका मानना है कि अगर ये सरकारें राष्ट्रीय चिंता के तहत सरकार की शक्ति, ऊर्जा एवं संसाधन रोजी-रोटी के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर केंद्रित करे तो यह बेहतर होगा। आजकल जब विकसित देशों की भी पहली चिंता अपने यहां किसी न किसी प्रकार से रोजगार के अवसर बनाये रखने पर ही ज्यादा लगी हुई तो भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश की सरकार के लिए इधर-उधर के बाजये यह चिंता क्यों नहीं जरूरी होनी चाहिए।

19 मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र, 12 सेवानिवृत्त को विदाई

लखनऊ। नगर निगम में नव वर्ष के मौके पर जहां 19 मृतक आश्रितो ने नई जिम्मेदारी की शुरु कराई। इसी के साथ 31 दिसम्बर को 12 निष्ठावान कर्मचारियों ने अपनी सेवा समाप्त कर नगर निगम से विदा किया गया। परमहापौर सुषमा खर्कवाल एवं नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह द्वारा आयोजन में मौजूद नवनियुक्त कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त होने वाले समस्त कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। मुख्यालय स्थित राजकुमार हॉल में आयोजित कार्यक्रम में महापौरसुषमा खर्कवाल द्वारा 12 मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। मृतक आश्रितों में अंकुर बाल्मीकि पुत्र स्व. राजेन्द्र, शिवा पुत्र स्व पुष्पा, ऋषिराज पुत्र स्व सुनील कुमार, राहुल भारती पुत्र स्व बन्नेलाल, रुचि पत्नी स्व विनोद, मुकुल पुत्र स्व श्री सुरेश, पंकज कुमार पुत्र स्व रज्जन, आकाश पुत्र स्व मुकेश, शिवा पुत्र स्व अनिल, शिवकुमार पुत्र स्व छोटे, गुड्डू पुत्र स्व जमुना,. कोमल पुत्री स्व पप्पू, विशाल भारती पुत्र स्व राजू, मोन्टी पुत्र स्व गुड़िया, करन पुत्र स्व राजकुमार, समस्त सफाई कर्मचारी, तुषार प्रताप श्रीवास्तव, बेलदार, श्रीखुशी पांडेय, राहुल यादव, मयंक कुमार, गैंग मैन शामिल है।

तोहफा | प्रमुख अभियंता, मुख्य अभियन्ता (स्तर-1), मुख्य अभियन्ता (स्तर-2), अधीक्षण अभियन्ता के पद पर प्रोन्नत

नए साल पर अभियंताओं को मिली प्रमोशन की सौगात

▸ सभी अभियन्ता दायित्वों का निष्ठा से करें निर्वहन : स्वतंत्र देव

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह के सार्थक प्रयासों से नए साल पर सिंचाई विभाग के अभियंताओं को प्रमोशन की बड़ी सौगात मिली है। यूपी सिंचाई विभाग में बड़े पैमाने पर अभियंताओं के प्रमोशन हुए हैं।

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के प्रोन्नत अभियंताओं में सिविल संवर्ग के प्रमुख अभियन्ता के पद पर हेमन्त कुमार गुप्ता, मुख्य अभियन्ता (स्तर-1) के पद पर सोरण सिंह, वीरेन्द्र कुमार तथा मुख्य अभियन्ता (स्तर-2) के पद पर सर्वेश कुमार श्रीवास्तव, विष्णु कुमार अग्रवाल एवं ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव की पदोन्नति हुई है। इसके साथ ही सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग के 29 अधिशासी अभियन्ताओं को अधीक्षण अभियन्ता के पद पर प्रोन्नत करते हुए जलशक्ति मंत्री ने नव वर्ष का उपहार दिया है। उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पारदर्शीपूर्ण व्यवस्था के तहत कार्मिकों का निष्पक्ष पदस्थापना/स्थानान्तरण एवं पदोन्नति विभाग का दायित्व है।

सभी अभियन्ता को अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए किसानों को खुशहाल बनाने के लिए निरन्तर तत्पर रहें, जब किसान खुशहाल होंगे तभी देश एवं प्रदेश की तरक्की होगी। आप सभी कड़ी मेहनत, पूर्ण निष्ठा एवं लगन से काम करते हुए कृषकों को समय से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराएं, जिससे किसानों की आय में बढ़ोत्तरी हो। जलशक्ति मंत्री ने विभाग के कार्यों के साथ विभागीय अधिकारियों की समस्याओं के समाधान का प्रयास किया। उनका कहना है कि जब अधिकारी एवं कर्मचारी को समय से प्रोन्नति और वेतनमान मिलता है तो वह सार्थक तरीके से स्वस्थ मन मस्तिष्क से अपने दायित्वों का निर्वहन करता है। नए वर्ष पर अधिशासी अभियंता से अधीक्षण अभियंता के पद पर प्रोन्नति पाने वालों

अपर मुख्य सचिव खादी ने उद्यमियों को किया सम्मानित

लखनऊ। अपर मुख्य सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग अमित मोहन प्रसाद ने आज तिलक मार्ग स्थित खादी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश के 05 जनपदों के सफल उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पुरस्कृत उद्यमियों लाभार्थियों में राजेश प्रसाद फ्लोर मिल गाजीपुर, अविनाश कुमार कैरी बैग का उत्पादनलखनऊ, विजय प्रताप सिंह लौह कला रायबरेली, इन्द्रसेन यादव सोलर पैनल उन्नाव तथा रूचिता सिंह बेकरी बाराबंकी थे।अपर मुख्य सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग ने सफल उद्यमियों से यह आग्रह किया गया कि अपनी ही तरह अपने क्षेत्र के कम से कम 05 उद्यमियों को कुटीर उद्योग की स्थापना करने हेतु उत्प्रेरित करें, जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार का सृजन हो सके तथा प्रदेश व देश हित में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को अधिक मजबूती मिल सके। अपर मुख्य सचिव, खादी एवं ग्रामोद्योग अमित मोहन प्रसाद ने इस अवसर पर खादी बोर्ड मुख्यालय के नवीन भवन में खादी ग्रामोद्योग सेक्टर में अच्छा कार्य करने वाली प्रदेश के प्रत्येक जनपद की सफल इकाईयों की विवरण पट्टिका का अनावरण भी किया। इस अवसर पर बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

नहीं चली प्राइवेट व सरकारी बसें, भटकते रहे लोग

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

मोटर एक्ट के नये कानून के विरोध में सरकारी और ,प्राइवेट बस व ट्रक के चालको ने अचानक हड़ताल शुरू कर दिया। नए साल के पहले दिन जब लोग सुबह घर से बस स्टॉप पर अपने गंतव्य तक जाने के लिए निकले तब उन को जानकार हुई कि आज बसे नही चलेगी।

लोग इस की जानकारी करने लगे कि हड़ताल किस बात के लिए की जा रही है। इस पर बस के चालक इंदजीत, राम बहादुर सहजाद सहित आदि लोग ने बताया कि सरकार ने मोटर एक्ट में नए कानून बनाया है जिस में सड़क दुर्घटना होने पर अगर किसी व्यक्ति की जान जाती है तो उस के चालक को दस लाख रुपये का जुर्माना और दस साल की सजी मिलेगी। इसी कानून के विरुद्ध में सोमवार से चालको ने हड़ताल शुरू कर दिया गया। सरकारी रोड वेज बसे किसी भी रूठ में नही चली। सरकारी बस चालको के

गंतव्य तक जाने के लिए परेशान दिखे लोग

सपोर्ट में प्राइवेट बस के चालक और ट्रक के चालको ने भी गाड़ी नही चलाई और पूरी तरह हड़ताल पर दिखाई पड़े। कड़ाके के ठंड में अपने गंतव्य तक जाने वाले यात्री रोड बेज बस स्टॉप पर भटकते हुए दिखाई पड़े। पूरे दिन लोग परेशान रहे। प्राइवेट और सरकारी बसे न चलने से लोगो को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गोण्डा से लखनऊ, बहराइच, बलराम पुर फैजाबाद और कस्बा जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ दिखाई पड़ रही थी। दस बीस किलो मीटर की दूरी तक जाने के लिए लोगो ने मजबूरी में बैट्री रिक्शा को बुक करा के जा रहे थे। बैट्री रिक्शा उन यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठा कर उन से मन मानी किराया वसूलते हुए दिखाई पड़े।

रेलवे स्टेशन पर रही भारी भीड़

बस चालको की हड़ताल होने की वजह से रेलवे स्टेशन गोण्डा पर लोगो की भारी भीड़ दिखाई पड़ी। लखनऊ जाने वाले लोग ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन पहुच गए। उनको वहां भी मायूसी ही मिली। रेलवे ने करीब एक दर्जन से अधिक गाड़ियां को कैंसिल कर दिया है। एक सप्ताह से गाड़िया नही चल रही है। कुछ गाड़िया ही चल रही है। जो गाड़िया चल भी रही है वे गाड़िया भी कई घण्टे लेट आ रही है। जिस से लोगो को काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है।

विष्णु महायज्ञ एवं राम कथा का भव्य आयोजन शुरू

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

पड़रीकृपाल ब्लॉक अंतर्गत चिलबिला खत्तीपुर गांव के (शुक्लनपुरवा) मे स्थित बाबा ब्रह्मदेव के स्थान पर विष्णु महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन एक जनवरी शुरुआत होकर 9 जनवरी तक चलेगा। सोमवार को कलश यात्रा शुक्लन पुरवा से महिलाएं कलश लेकर कीर्तन भजन के साथ चंदवतपुर घाट पहुंची और नदी से जल लेकर पूजा अर्चना कर कलश को लेकर बाबा ब्रह्मदेव के स्थान पर यज्ञशाला में स्थापित किया। जानकारी देते हुए अंजनी शरण शास्त्री महाराज ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चिलबिला खातीपुर के गांव (शुक्लनपुरवा) के बाबा ब्रह्मदेव स्थान पर अयोध्या धाम से पधारे,मिथिला शरण महाराज,बाबा शाहजाराम महाराज,सोनम व्यास, अशोकानंद महाराज,हरिओम शास्त्री महाराज सहित अयोध्या धाम से तमाम विद्वान पहुंचकर ग्राम वीडियो सहित तमाम क्षेत्र के लोगों को अपने वचनों से अनेकों प्रकार के सनातन के बारे में कथा सुनाएंगे। यह कथा 9 दिन तक चलेगा उसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें तमाम क्षेत्र के लोग बढ़ चढ़कर भंडारे में शामिल होंगे।

श्याम बाबा के संग मनाया नव वर्ष

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

रविवार को आवास विकास स्थित जैन मंदिर में धूमधाम से नया साल बाबा खाटू श्याम के संग केक काट कर मनाया। जिसमें भजन संध्या का आयोजन जैन मंदिर द्वारा आयोजित किया गया जिसमें भजनों की शुरुआत बस्ती के भजन गायक सचिन गुप्ता ने गणेश वंदना से किया,सांवरे की महफ़िल को मेरा सांवरा सजाता है किस्मत वालों के घर में मेरा श्याम आता है . उसके बाद बाबा श्याम की लाड़ली सुप्रसिद्ध भजन गायिका मानसी अग्रवाल ने गाया। वो सांवरे हमें तेरी ज़रूरत है ...श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी . सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया ..फंसी पड़ी भंवर में मेरी नैया चलाईं तूने तो चल पड़ी है . जब बिन बोले मिलता तो बोल के मांगूं ...और धमाल पर श्याम प्रेमी खूब झूमे। फिर भजन गायक पंकज निगम ने गाया। राधे राधे बोल तू श्याम मिलेंगे राम राम बोल हनुमान मिलेंगे। राज तिलक की करो तैयारी आ रहें हैं भगवाधारी ...बरसों की तपस्या अब तो पूरी होने वाली,22जनवरी को फिर से मनेगी दिवाली, श्री राम आ रहें हैं राजा राम आ रहें हैं.. आदि भजनों की हाजिरी लगाई।बाबा खाटू श्याम का दरबार बहुत ही मनमोहक सजा हुआ था भक्तों ने बाबा का ्दर्शन कर और आर्शीवाद लेकर नये साल मनाया।फिर आरती हुई और प्रसाद वितरण हुआ और भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।इस दौरान दीनदयाल जैन, मोहित जैन ,नान बाबू कसौधन, दीपक जैन, प्रवीण जैन, दुर्गा गुप्ता ,विशाल मित्तल, सौरभ जैन, सुरेश भावसिंहका, रितेश अग्रवाल ,नितेश मित्तल, दीपिका जैन, नीलम जैन, स्वाति जैन ,शिवानी जैन ,यमतेश गुप्ता, विशाल जायसवाल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

छात्रवृत्ति और परीक्षा पर चर्चा को लेकर की महत्वपूर्ण बैठक

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

जिला विद्यालय निरीक्षक गोंडा राकेश कुमार ने वर्ष के प्रथम दिन गोंडा जनपद के समस्त प्रधानाचार्य राजकीय एवं सहायता प्राप्त इंटरमीडिएट कॉलेज सहित समस्त नोडल अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक अपने कार्यालय में संपन्न की। बैठक में छात्रवृत्ति के साथ परीक्षा पर चर्चा में पंजीकरण अतिशीघ्र करने पर जोर दिया गया। राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पर भी दिशा निर्देश दिया गया। आगामी प्रयोगात्मक परीक्षा एवं बोर्ड परीक्षा को देखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों को अधिक से अधिक अध्यापन के साथ लाभ पहुंचाना है। शिक्षक संघ के अध्यक्ष अजीत सिंह एवं जिला मंत्री राधा मोहन पांडे ने पुष्प गुच्छ एवं शाल देकर नव वर्ष पर शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह एवं मंत्री सहदेव सिंह ने नववर्ष पर शुभकामनाएं दी।

बैठक में राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शैलेश कुमार पटेल, प्रधानाचार्य बृजेश द्विवेदी, प्रधानाचार्य मेजर राजेश द्विवेदी, ममता चौधरी, गीता यादव मौजूद थी।

भूमि विवाद में दबंगों ने युवक को उतारा मौत के घाट

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

जिले में देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में जमीन के विवाद को लेकर के दिनदहाड़े पाँच बजे के करीब एक युवक की दबंगों ने पीट-पीटकर गला दबाकर हत्या कर दी है।दिनदहाड़े हत्या से देहात कोतवाली क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दरअसल, देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नरौरा अर्जुन गांव के रहने वाले 48 वर्षीय मृतक राम लोटन का गांव की ही कुछ लोगों से जमीन को लेकर के विवाद चल रहा था।आज मामूली विवाद होने के चलते गांव के ही रहने वाले दबंग लोगों ने मृतक राम लोटन और उनके परिजनों के साथ गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट की। इसके बाद राम लोटन की गला दबाकर पीट-पीटकर हत्या कर दी दिनदहाड़े हत्या से देहात कोतवाली क्षेत्र के नरौरा अर्जुन गांव में सनसनी फैली हुई है।

फिलहाल मौके पर पहुंची देहात कोतवाली पुलिस ने मृतक राम लोटन के शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की जांच में जुटी हुई है।मृतक राम लोटन के भांजे राकेश कुमार ने बताया कि गांव के ही रहने वाले बच्चा राम के साथ इनका झगड़ा हो रहा था और इन्होंने मेरे मामा को मार दिया जिसे इनकी मृत्यु हो गई है। बच्चा राम मृतक राम लोटन के पाटीदार हैं, पहले भी इन लोगों का हल्का-फुल्का झगड़ा हुआ करता था।पूरे मामले को लेकर के देहात कोतवाल अरुण कुमार ने बताया कि नरौरा अर्जुन गांव में मामूली विवाद को लेकर के एक युवक की पीठ पीठ का गला दबाकर हत्या का मामला सामने आया है।फिलहाल मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आगे की जांच कर रही है। जब इस प्रकरण के बारे में देहात कोतवाल से दूरभाष पर वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर दो लोगों की गिरफ्तारी कर ली गई है।

खबरें एक नजर में

सेवानिवृत कर्मी को डीएम ने सपरिवार दी विदाई

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी शिविर कार्यालय पर कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कार्मिक सुन्दर लाल द्वारा अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी व परिवार के अन्य सदस्यों ने अंगवस्त्र, वाकिंग स्टिक, धार्मिक पुस्तक, स्मृतिचिन्ह, पुष्पगुच्छ, मिष्ठान व अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित ही नहीं किया बल्कि सपरिवार अपने सरकारी आवास से बाहर आकर सेवानिवृत्त कार्मिक को वाहन पर सवार कर परिवार के बुजुर्ग की भांति पूरे सम्मान के साथ गन्तव्य की ओर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के विशेष कार्याधिकारी के.के. श्रीवास्तव सहित शिविर कार्यालय पर कार्यरत सभी कार्मिक व सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।

डीएमयस कोचिंग सेंटर में मनाया गया नये साल का जश्न

पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज। नए साल के आगमन पर सोमवार को शिक्षण संस्थान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही बच्चों ने सुंदर व आकर्षक रंगोली बनाई। बच्चों ने गीतों पर डांस भी किया। ब्लॉक विशेश्वरगंज अंतर्गत पुरैना बाजार में स्थित डी एम यस कम्प्यूटर सेंटर में सोमवार को नए साल पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। दीपक मिश्रा ने बच्चों को नए साल की शुभकामनाएं दी। वहीं, बच्चों ने कम्प्यूटर सेंटर में रंगोली बनाई और देश भक्ति गीतों पर नृत्य भी किया। सभी ने जमकर नए साल का जश्न मनाया। वर्षा सिंह , मीनाक्षी , सुधांशु, राज आर्या, आदि ने कार्यक्रम में भाग लिया । इस अवसर पर दीपू पांडेय, मनोज उपाध्याय , सुरेंद्र पाठक , रितेश मिश्रा, सुख देव मिश्रा, शिव शंकर, अवधेश दूबे, आदि का सहयोग रहा।

ईंट से वार कर अधेड़ को उतारा मौत के घाट

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एक अधेड़ की दारू के विवाद को लेकर खींच कर इट मार देने से उस की मौत हो गई। घटना को लेकर गांव में तनाव व्याप्त हो गया। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के नरौरा अर्जुन ग्राम पंचायत के मौजा अधारी पोखरा निवासी 50 वर्षीय राम लौटन पुत्र ननकऊ की सोमवार की दोपहर में इट मार कर हत्या कर दी गई। मृतक राम लौटन ने गांव के ही बच्चा राम को दारू पीने से मना किया था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी और हाथापाई होने लगे। गुस्से में बच्चा राम ने खींच कर इट मार दिया जिस से इट उस के सीने में लग गई और वह बेहोश हो गया। इलाज के लिए उस को मेडिकल कालेज लाया गया। चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। परिजनों ने बताया कि बच्चा राम अक्सर दारू पीकर गाली गलौज करता था। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। हत्या का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

पुलिस मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। अवध केसरी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमर पाल सिंह उर्फ नील ठाकुर के मुख्य आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में गोली मार कर गिरफ्तार कर लिया। उसके ऊपर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया था। बीते 21 दिसम्बर 2023 को सोनी गुमटी रेलवे क्रासिंग के पास विसुन पुर बैरिया निवासी अवध केसरी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमर पाल सिंह उर्फ नील ठाकुर अपने गांव कार से जा रहे थे। पुरानी रंजिश को लेकर उन पर हमला कर के मरणासन्न कर दिया था। इस घटना के खुलासे को लेकर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पांच टीमें गठित किया था। जिस में नगर पुलिस और एस ओ जी टीम को खुलासे की जिम्मेदारी मिली थी।

पूजित अक्षत कलश यात्रा में उमड़ा राम भक्तों का सैलाब, नगर में रहा उत्सव जैसा माहौल

- प्रभु श्रीराम के जयकारों से झंकृत हुआ बहराइच
- ठिठुरन भी नहीं कमजोर कर सकी रामभक्तों का उत्साह

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

अयोध्या धाम में पूजित अक्षत कलश यात्रा बहराइच नगर में भव्यता पूर्वक निकाली गई। इस कलश यात्रा में हजारों की संख्या में राम भक्त शामिल रहे। कलश यात्रा शुभारंभ अवसर पर रामभक्त महाराज सिंह इंटर कॉलेज के परिसर में एकत्र हुए। जहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रवि शंकर महाराज ने कहा कि हमारे मन में भगवान राम आदिकाल से स्थापित हैं। आज भारतीय संस्कृति में भी भगवान राम के आदर्श स्थापित हो रहे हैं। स्वामी विष्णुदेवाचार्य ने कहा कि 500 वर्ष पूर्व हमारे पूर्वजों ने जो कल्पना की थी आज वह साकार हो रहा है।

पीढ़ियों ने प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण हेतु संघर्ष किया किंतु हम सौभाग्यशाली हैं कि अपनी आंखों के सामने प्रभु श्री राम मंदिर निर्माण होते हुए देख रहे हैं। महामंडलेश्वर रवि गिरी महाराज ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा जो संकल्प लिया गया था वह आज पूर्ण हो रहा है यदि ऐसा संगठन नहीं होता तो हमारे पूर्वजों ने प्रभु श्री राम के मंदिर निर्माण का जो संकल्प लिया था वह पूर्ण नहीं होता।

विभाग प्रचारक डॉ अवधेश ने कहा कि हिन्दू समाज एकजुट होकर मन्दिर निर्माण के लिए सदियों संघर्षरत रहा वह संघर्ष आज मूर्तरूप ले रहा है। कहा कि इस मन्दिर के आन्दोलन में सिख समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। डॉ अवधेश ने कहा कि मन्दिर निर्माण में प्रथम शिला अनुसूचित जाति के कामेश्वर चौपाल ने रखी थी। उन्होंने कहा कि आज राममंदिर के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग देने वाले कोठरी बन्धुओं के बलिदान को नमन करने का दिन है। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यवाह भूपेंद्र व धनजय ने किया।तदुपरांत अक्षत कलश शोभायात्रा महराज सिंह इंटर कालेज से प्रारम्भ होकर गुरुनानक चौक चित्रगुप्त तिराहा,छावनी चौराहा, घंटाघर चौराहा, पीपल तिराहा होते हुए, परशुराम चौक,पानी टंकी चौराहा से होकर पुनः महाराज सिंह इंटर कालेज आकर समाप्त हुई। कलश यात्रा का पूरे शहर में राम भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा मे राजकिशोर, परमेश्वर, कृष्णानंद, वासुदेव, डॉ. मनोज, अंबिका प्रसाद, राजदेव, अजय, तरुण राजकुमार, इं. हेमन्त सहित जिले के तमाम जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बढ़ चढ़कर रही आधी आबादी की भागीदारी

अयोध्या धाम में बन रहे प्रभु राम के भव्य दिव्य एवं नव्य मन्दिर की पूजित अक्षत कलश यात्रा में आधी आबादी की अभूतपूर्व भागीदारी रही।यात्रा में जहां वयस्क एवं बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था वहीं महिलाओं की संख्या भी अभूतपूर्व रही। कलश यात्रा में आधी आबादी का उत्साह किसी से कम नहीं था।

सैकड़ों संगठनों ने यात्रा का पुष्प वर्षा से किया स्वागत

पूजित अक्षत कलश यात्रा का जनपद के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी, चित्रगुप्त समाज, मारवाड़ी युवा मंच , काल भैरव श्मशान घाट सेवा मंडल, अग्रवाल महासभा, कांवरिया संघ , दुर्गा पूजा महासमिति ,बगायत्री परिवार , अधिवक्ता परिषद, अखिल भारतीय वैश्य कसौधन महासभा, गल्ला उद्योग व्यापार मंडल , प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास, हिंदू जागरण मंच, महाकाल सेवा मंडल के अलावा आदि संगठनों ने भी यात्रा पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

यात्रा के स्वागत को पलक पांवड़े बिछाए रहे नगरवासी

प्रभु राम के बन रहे मन्दिर हेतु पूजित अक्षत कलश यात्रा हेतु शहर के व्यापारी समाजसेवी सहित अन्य नगरवासी यात्रा के स्वागत हेतु पलक पांवड़े बिछाए रहे। भोर से ही नगरवासियों ने स्थान-स्थान पर तोरण द्वार के साथ ही पुष्पवर्षा कर यात्रा का जोरदार स्वागत किया।

नए कानून के खिलाफ रोडवेज बस व ट्रक चालकों ने किया प्रदर्शन

- केंद्र सरकार के नए कानून के खिलाफ रोडवेज बसों और ट्रकों के चालक सोमवार सुबह भड़क उठे

बहराइच समृद्धि न्यूज।

जिले में नए साल पर केंद्र सरकार के नए कानून के खिलाफ रोडवेज बसों और ट्रकों के चालक सोमवार सुबह भड़क उठे। रोडवेज चालकों ने बसों का चक्का जाम कर केंद्र सरकार के नए कानून के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरू किया है। इससे बहराइच रोडवेज परिसर में अफरा-तफरी की स्थिति है।

अचानक बस चालकों के प्रदर्शन के चलते यात्री परेशान हैं। बस चालकों के साथ ही ट्रक चालक भी नए वर्ष के पहले दिन ही आंदोलित हो उठे हैं। नए कानून से गुस्सा ट्रक चालकों ने बहराइच-नानपारा मार्ग पर सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू किया है।नया साल 2024 शुरू होने के साथ ही केंद्र सरकार के सड़क एवं परिवहन मंत्रालय की ओर से बनाया गया नया कानून भी लागू हो गया है। केंद्र सरकार के नए कानून के तहत अगर किसी भी वाहन से कुचल कर किसी की मौत होती है तो चालक पर सात लाख रूपये जुर्माना और 10 साल की सजा का नियम लागू किया गया है। इस नए कानून का पूरे देश में जगह-जगह विरोध हो रहा है। सोमवार को नए साल के पहले दिन बहराइच में भी बस और ट्रक चालकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।केंद्र सरकार के नए कानून से गुस्सा रोडवेज बस चालकों ने शहर में स्थित रोडवेज बस अड्डा परिसर में बसों का चक्का जाम कर कानून बदलने की मांग करते हुए विरोध शुरू किया है। उधर नानपारा-बहराइच मार्ग पर टोल प्लाजा के पास ट्रक चालकों ने भी केंद्र सरकार के नए कानून के विरोध में अपने वाहन खड़ा कर जाम लगा दिया। बीच सड़क पर वाहन खड़ा करने से अन्य लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है।उधर रोडवेज परिसर में खड़ी लगभग डेढ़ सौ से अधिक बसें खड़ी है। लखनऊ, गोंडा, अयोध्या, बलरामपुर, कानपुर, श्रावस्ती की बस सेवाएं ठप्प कर दी गई है। बसबस और ट्रक चालकों के धरना प्रदर्शन और केंद्र सरकार के नए कानून के खिलाफ उग्र आंदोलन के चलते बस अड्डे पर वाहनों की कतार लग गई है।रोडवेज परिसर में केंद्र सरकार के नए कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे बस चालक संघ के अध्यक्ष तारिक बबलू का कहना है कि जब तक केंद्र सरकार द्वारा लागू किया गया नया नियम और कानून वापस नहीं लिया जाएगा, वह सभी रोडवेज बसों का संचालन नहीं करेंगे।प्रदर्शन कर रहे बस चालक राकेश, सलमान और शादाब ने कहा कि अगर इतना पैसा ही होता तो वह सभी चालक की नौकरी क्यों करते। इतना रुपए जुर्माना का कहां से देंगे। सभी बस और ट्रक चालकों ने कहा कि जब तक नए नियम को केंद्र सरकार वापस नहीं लेगी तब तक वाहनों का संचालन ठप रहेगा। बस और ट्रकों के अचानक चक्का जाम से पूरे जिले में अफरा तफरी की स्थिति है, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी सकते में आ गए हैं।

परिसर में खड़ी हैं 100 से अधिक बसें

चालकों के धरना प्रदर्शन और आंदोलन के चलते बस अड्डे पर वाहनों की कतार लग गई है। रोडवेज बस अड्डा परिसर में 100 से अधिक वाहनों के चक्के जाम हैं।

चरस के साथ महिलाएं गिरफ्तार

- मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल
- एसएसबी ने जांच के दौरान किया गिरफ्तार, एक करोड़ रुपए बताई जा रही चरस की कीमत

बहराइच समृद्धि न्यूज।

भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस के जवानों ने दो नेपाली महिलाओं को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। बरामद चरस की कीमत एक करोड़ रूपये के आसपास बताई जा रही है।

एसएसबी 59वीं बटालियन के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि नव वर्ष को लेकर एसएसबी और पुलिस के जवान सीमा पर कड़ी सतर्कता बरत रहे हैं। उसी के मद्देनजर सोमवार सुबह जवान नेपाल से आने और जाने वाले लोगों की जांच कर रहे थे। जांच के दौरान एसएसबी के महिला जवानों ने नेपाल से भारत में प्रवेश करने वाली महिलाओं की तलाशी ली गई तो उनके पास से चरस बरामद हुआ।इस पर दोनों को कार्यालय लाया गया। दोनों नेपाली महिलाओं के पास से 5.9 किलोग्राम चरस बरामद हुई। दोनों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। महिला तस्करों की पहचान नेपाल के जिला सुरखेत के भेरी गंगा ग्राम लेखा वार्ड नंबर तीन निवासी चंद्र कुमारी पत्नी चंद्र बहादुर रेगनी और नेपाल के ही जिला सेंधुपल चौक गांव बागमती वार्ड नंबर एक नगर पालिका करथाली निवासी संचायमाया तमांग पत्नी सोना रंजन के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। कमांडेंट ने बताया कि बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ रूपये से अधिक है। इस दौरान एसएसबी के उप निरीक्षक सामान्य मुरारी, राधेश्याम, पीयूष कुमार, परमार जावेद, महिला आरक्षी चंदा कुमारी, आशिया, रितु कुमारी, पुलिस के उप निरीक्षक रुदल बहादुर सिंह, सिपाही अभिषेक शामिल रहे।

सेवानिवृत्त हुए होमगार्डों का आयोजित हुआ विदाई समारोह

- होमगार्डों के विदाई समारोह में समान कार्य का समान वेतन देने की उठी मांग

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

सीमावर्ती विकास खण्ड नवाबगंज क्षेत्र में सोमवार को सात सेवानिवृत्त हुए होमगार्डो का विदाई समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें सभी होमगार्ड जवानों ने सामान कार्य का समान वेतन दिलाए जाने की मांग की।विकास खण्ड नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत में तैनात सात सेवानिवृत्त होमगार्डो जवानों का विदाई समारोह आयोजित हुआ।मुख्य अतिथि चेयरमैन रुपईडीहा डा. उमाशंकर वैश्य व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य संदीप जयसवाल व जिलाध्यक्ष होमगार्ड हीरालाल भास्कर रहे। कार्यक्रम में होमगार्ड कमांडर राजकुमार सिंह के द्वारा मुख्यातिथि का माल्यर्पण कर स्वागत किया गया। वहीं हीरालाल भास्कर द्वारा विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया गया। सेवानिवृत्त हुए होमगार्ड सत्यनारायण तिवारी ,पेशकार वर्मा ,रामकुबेर पाठक, श्रवण कुमार पाठक ,नान्हेराम पाण्डेय, राम वचन वर्मा, किशोरी लाल शर्मा आदि लोगो को मुख्यातिथि द्वारा अंगवस्त्र एवं छाता देकर विदाई की गई। कंपनी कमांडर राजकुमार सिंह ने बताया कि सरकार की दोहरी नीति 1962 से चल रही है।जिसमे कुछ वैतनिक है तो कुछ अवैतनिक है। यह दोहरी नीति के कारण हमारे आज सेवानिवृत्त हो रहे साथी खाली हाथ सेवा से निर्वित हो रहे है। सरकार से हमारी मांग है कि कर्मचारी सेवा नियमावली में संशोधन कर समान कार्य के लिए समान वेतन की नीति लागू की जाए। वहीं मुख्य अतिथि उमाशंकर वैश्य ने होमगार्डो को आस्वस्त करते हुए कहा कि आपकी मांग को गृहमंत्रालय व मुख्यमंत्री तक पहुँचाई जाएगी। होमगार्ड दिन रात मेहनत कर सुरक्षा व्यवस्था में अपनी योगदान देते आ रहे है। वहीं ग्रामप्रधान सोरहिया फौजदार वर्मा ने कहा कि सेवानिवृत्त हुए सभी होमगार्डो को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए हमेशा होमगार्डो के सहयोग में तात्पर्य हूँ।

इस मौके पर मनीराम शर्मा, राजकुमार शर्मा, प्रवीण पाण्डेय, आदेश गुप्ता, देवेश पाण्डेय, रुद्रप्रताप मिश्रा,संजय वर्मा आदि दर्जनो लोग व होमगार्ड जवान मौजूद रहे।

रोडवेज कर्मचारियों ने किया चक्का जाम, भटके यात्री

- मोटर व्हीकल एक्ट के संशोधन से नाराज रोडवेज बस चालकों ने किया प्रदर्शन
- हड़ताल के चलते यात्रियों में अफरा-तफरी का रहा माहौल

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

भारत सरकार द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट में किए गए संशोधन से नाराज रोडवेज बस चालकों ने पूरे देश में अनिश्चितकालीन हडताल शुरु कर दी है। बस चालकों की हड़ताल के चलते यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में रायबरेली जनपद में आज यानी सोमवार सुबह से सरकारी व अनुबंधित बस चालक ने चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। बस चालकों की हड़ताल के कारण यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। रायबरेली जनपद के बस स्टेशन से दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में में जाने के लिए सरकारी व अनुबंधित लगभग डेढ़ सौ बसों का संचालन होता है। हजारों की संख्या में यात्री प्रत्येक दिन सफर करते हैं। चक्का जाम होने से यात्रियों में अफरातफरी का माहौल देखने को मिल रहा है।

ड्राइवर बोले- कानून वापस ले सरकार

बस चालकों का कहना है कि नए बनाए गए कानून के तहत एक्सीडेंट होने पर 10 वर्ष की जेल व 5 लाख के जुर्माने का प्रावधान तुरंत समाप्त होना चाहिए। जब तक सरकार कानून वापस नहीं लेगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी। जिले के सभी मोटर ड्राइवर और ट्रक ड्राइवर ने अनिश्चितकालीन के लिए हड़ताल कर दिया। हड़ताल होने से सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है। मोटर यूनियन के अध्यक्ष रामू श्रीवास्तव ने बताया कि ज्यादातर ड्राइवर मुश्किल से अपना जीवन यापन कर पाते हैं, क्योंकि उनको इतना पैसा नहीं मिलता है। इसके अलावा कम तनख्वाह की नौकरी करने के बाद सरकार द्वारा बनाए गए कड़े नियमों को झेल पाना बहुत ही कठिन है। सरकार को इस पर पुर्नविचार करके कानूनों को वापस लेना चाहिए।

चालको द्वारा की जा रही हड़ताल पूरी तरह से गैरकानूनी है। हड़ताल करने वाले बस चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
एम एल केसरवानी
(एआरएम रायबरेली)

ओम नमः शिवाय के साथ शिवभक्तों ने बोला हैप्पी न्यू ईयर

- बाबा बाल्हेश्वर के दर्शन कर भक्तों ने किया नये वर्ष का स्वागत
- ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल के तत्वाधान में 16वीं पदयात्रा का हुआ आयोजन

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

नव वर्ष की प्रातः बाबा बाल्हेश्वर के दर्शन से मंगलकारी कामनाओं के साथ ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल पिछले 16 वर्षों से अनवरत धार्मिक यात्रा का आयोजन कर रहा है।आपको बता दें कि ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल के तत्वाधान में लालगंज से बाबा बाल्हेश्वर धाम तक 16वीं विशाल पदयात्रा निकाली गई। जिसमें हजारो की संख्या में भक्तो ने भाग लिया। भूखे को अन्न, प्यासे को पानी जय बाबा अमरनाथ बर्फानी के उद्घोष के साथ नव वर्ष की प्रातः काल भोले बाबा की 16 वीं विशाल पदयात्रा गाजे-बाजे के साथ सराफा मंडी स्थित पंमचुखेश्वर महादेव मंदिर से निकली जो शीतला मंदिर, सब्जी मंडी स्थित दुर्गा मंदिर, बालाजी मंदिर, गल्ला मंडी स्थित शिव मंदिर, मेन रोड स्थित शिव मंदिर में पूजन अर्चन करते हुए 6 किमी की पैदल यात्रा में हजारो की संख्या में भक्तो ने जगह-जगह लगें भंडारो में विभिन्न प्रकार के व्यजंनो का रसास्वादन करते हुए। पूरे मार्ग मे दर्जनो की संख्या में बज रहे डीजे की धुन पर भक्त पैदल थिरकते हुए बाबा बाल्हेश्वर धाम पहुंचे। जहां पर भक्तगणों ने जलाभिषेक कर जनकल्याण की कामना की। इस संगीतमय रथयात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य अभिनंदन किया गया।

भक्तो की सेवा के लिये पूरे मार्ग में एक दर्जन से अधिक स्थानो पर भक्तो ने भंडारो के माध्यम से यात्रियो की खूब सेवा की।

खबरें एक नजर में

वरिष्ठ जनों का सम्मान समारोह 5 जनवरी को

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज। हंसी गिरती हुई दीवार को थामे रहे वरना सलीके से बुजुर्गों की निशानी कौन रखता है उक्त पंक्तियों से प्रेरणा लेते हुए क्षेत्रीय लोगों द्वारा डलमऊ कस्बे के वरिष्ठ जनों को सम्मानित करने के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है आने वाली 5 जनवरी दिन शुक्रवार को दोपहर 1ः00 बजे डलमऊ कस्बा स्थित नारायण उत्सव लान में श्री नवदुर्गा जन कल्याण समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें कस्बे के वरिष्ठ बुजुर्ग जनों का स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा कहते हैं बुजुर्ग व्यक्ति हमारे समाज के जागरूक रक्षक है तथा सभ्यता संस्कृति के शुभचिंतक एवं समाज के लिए प्रेरणा होते हैं जिसके लिए उनका सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी होनी चाहिए कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र वैश्य संचालक प्रदीप शुक्ला एवं व्यवस्थापक राकेश जायसवाल ने बताया कि समाज की वरिष्ठ बुजुर्गों से मार्गदर्शन ज्ञान एवं आशीर्वाद लेने के साथ साथ उनके सम्मान के लिए एक समारोह का आयोजन किया जाएगा।

जन समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारी नामित

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने माह जनवरी 2024 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की दो दो ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ''ग्राम चौपाल'' (गाँव की समस्याए, गाँव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। निर्धारित रोस्टर के अनुसार 05 जनवरी 2024 को विकास खण्ड डलमऊ में परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 विकास खण्ड ऊँचाहार में जिला विकास अधिकारी एवं विकास खण्ड शिवगढ़ में उपायुक्त, श्रम रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जन समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। इसी प्रकार 12 जनवरी को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 हरचंदपुर में, जिला विकास अधिकारी लालगंज में, उपायुक्त, श्रम रोजगार डीह में। 19 जनवरी को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 महराजगंज में, जिला विकास अधिकारी सतांव में, उपायुक्त, श्रम रोजगार जगतपुर में। 26 जनवरी को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 दीनशाहगौरा में, जिला विकास अधिकारी खीरों में एवं उपायुक्त, श्रम रोजगार रोहनियां के किसी एक आयोजित ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर समस्याओं का निस्तारण करायेंगे।

चार जनवरी को विशाल भंडारे का होगा आयोजन

महराजगंज/ रायबरेली, समृद्धि न्यूज। तहसील मुख्यालय से लगभग 21 किलोमीटर की दूरी पर स्थित निर्वाणी बड़ा अखाड़ा रामबाग खरहरा धाम की कूटी क्षेत्र ही नहीं समूचे जनपद वासियों की आस्था का केंद्र है यहां देश के कोने कोने से भक्त अपनी मनोकामनाएं लेकर दर्शन के लिए आते हैं और मनोकामना पूर्ण हो जाने पर विधि विधान से पूजा अर्चना करते हैं यहां प्रतिवर्ष 4 जनवरी को महंत श्री श्री 108 श्री महंत रामगुलाम दास जी महाराज जी के पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस भंडारे में क्षेत्र सहित दूर-दूर से हजारों की संख्या में भक्त पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को कृतार्थ करते हैं। आपको बताते चलें कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्रीरामचरितमानस पाठ का शुभारंभ 3 जनवरी दिन बुधवार एवं श्रीरामचरितमानस पाठ का समापन 4 जनवरी दिन गुरुवार को श्री श्री महंत रामगुलाम दास जी की पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन सुनिश्चित हुआ है। निर्वाणी बड़ा अखाड़ा रामबाग खरहरा धाम के महंत श्री श्री 108 श्री महंत अश्वनी कुमार दास जी महाराज ने हमारे संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि साधुओं के लिए विशेष पंगति व कंबल वितरण का कार्यक्रम रखा गया है वही भंडारे का समय दोपहर 1ः00 से अनिश्चित समय तक चलता रहेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों व जनपद वासियों से विनम्र आग्रह किया है कि उक्त अवसर पर सपरिवार इष्ट मित्रों सहित पधार कर प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को कृतार्थ बनाएं तथा भंडारे की शोभा बढ़ाएं।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बच्चे समेत तीन घायल

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। आसीवन थाना क्षेत्र के संडीला-मियागंज मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक बच्चे सहित तीन लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने पिता-पुत्र की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। माखी थाना क्षेत्र के हरीगढ़ी गांव निवासी शिवाकांत सोमवार को बहन के यहां मुंडन संस्कार में गया था। जहां से शाम को पुत्र अभिमन्यु मामा सदन के साथ वापस लौट रहा था तभी दूध डेयरी के पास पहुंचा था कि ओवरटेक के दौरान अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से आठ साल के अभिमन्यु और शिवाकांत को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

किशोर छत से गिरकर घायल

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। आसीवन थाना क्षेत्र में सोमवार को छत पर पतंग उड़ा रहा किशोर छत के नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। खैरनपुर गवासा गांव निवासी नीरज का दस साल का पुत्र निखिल सोमवार को पतंग उड़ाते समय छत के किनारे पहुंच गया तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सेविया व सफेदा अमरुद की पहली खेप ओमान रवाना

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

दिनेश प्रताप सिंह राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात, उत्तर प्रदेश द्वारा सोमवार को चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रयागराज-कौशाम्बी के सेबिया व सफेदा अमरूद की पहली खेप को हरी झण्डी दिखाकर ओमान के लिये रवाना किया गया।

विश्व प्रसिद्ध यह अमरूद अपने रंग और स्वाद के लिये विशेष रूप से जाना जाता है। ओमान में इन अमरूदों की भारी मात्रा में डिमांड है। उद्यान मंत्री ने बताया कि गंगा यमुना के बीच प्रयागराज और कौशाम्बी की भूमि एवं जलवायु की में पैदा होने वाला सेबिया और सफेदा अमरूद विश्व के अन्य स्थानों पर उत्पादित अमरूद से अधिक स्वादिष्ट होता है।

गंगा यमुना दोआब यह भूमि इनके उत्पादन के लिए अत्यंत उपजाऊ है। इस अमरूद की ओमान में अधिक माँग है तथा वहां से 06 कुन्टल का आर्डर मिला है। उन्होंने कहा कि इस निर्यात से बिना किसी भाग-दौड़ के किसान अपने अमरूद का 115 से 120 रू0 प्रति किग्रा0 का रेट पा रहे हैं। इससे किसानों की आर्थिक उन्नति होगी साथ ही भारत की खाड़ी देशों में पहचान बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त अन्य फलों का निर्यात भी आने वाले समय में खाड़ी देशों को किया जाएगा।

उद्यान मंत्री द्वारा कृषकों को किया गया बीज का वितरण

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। दिनेश प्रताप सिंह,राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय दो दिवसीय किसान गोष्ठी/मेला एवं बीज वितरण किया गया। गोष्ठी में जनपद के कृषकों को विभाग द्वारा चल रही समस्त योजनाओं की जानकारी दी गयी। जिसमें लगभग 425 कृषक उपस्थित हुये। विभाग में पंजीकृत कृषकों को कम्पनियों द्वारा लौकी, तोरई, करेला, प्याज, गेंदा पुष्प, मिर्च इत्यादि बीज का वितरण किया गया। बीज पाकर कृषक प्रफुल्लित हुये। गोष्ठी में आये कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डा0 आर0के0 कन्नौजिया द्वारा कृषकों को वैज्ञानिक तकनीक से औद्यानिक खेती करने की जानकारी दी गयी। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा आये हुये कृषकों को जनपद में संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उप निदेशक उद्यान, लखनऊ मण्डल, लखनऊ एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहें।

नेत्र रोगियों को चाय बिस्किट वितरित कर मनाया गया नव वर्ष

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय की ओर से कांग्रेस नेता इंजीनियर के सी शुक्ला की अध्यक्षता में मोहन सिंह स्मारक नेत्र चिकित्सालय में नेत्र रोगियों को चाय बिस्किट वितरित किया गया।

के सी शुक्ला ने कहा कि अपने बाबा स्व पंडित गया प्रसाद शुक्ला गुरुजी एवं पूज्य पिता स्वर्गीय जगदीश नारायण शुक्ला की तरह मै भी अंधता निवारण के लिए हर संभव प्रयास करूंगा, नेत्र रोगियों को नेत्र ज्योति मिलना एक नया जीवन मिलने के समान है। युवा नेता राम जी शुक्ला ने कहा कि गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची पूजा है। इस अवसर पर सोम शुक्ला, तिरु शुक्ला, महादेव, शैलेन्द्र तिवारी, डी पी यादव, सिद्धार्थ शुक्ला, गोपाल वर्मा, आदया शुक्ला समेत मोहन सिंह स्मारक नेत्र चिकित्सालय के डॉक्टर एवं समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे मिला युवक का शव

सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क के किनारे मिला युवक का शव, युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप मामला सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पंडित के पुरवा गांव का है जहां सड़क के किनारे एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया मृतक की पहचान महेंद्र कुमार उम्र 35 वर्ष निवासी पूरे भोला के रूप में हुई स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू की।

संघ व विश्व हिंदू परिषद ने निकाली अक्षत कलश यात्रा

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

22 जनवरी को अयोध्या मे होने वाले कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विश्व हिंदू परिषद द्वारा अक्षत कलश यात्रा निकाली गई अक्षत कलश यात्रा महराजगंज कस्बे के सुप्रसिद्ध मंदिर हनुमानगढ़ी से शुरू होकर कस्बे के ही प्रसिद्ध मंदिर राम जानकी मंदिर पर समाप्त हुई।

यात्रा में शामिल विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक के कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के नारों के उद्घोष के साथ यात्रा की शुरुआत की और पूरे कस्बे में अक्षत कलश यात्रा को घुमाया गया और लोगों से अपील की गई की 22 जनवरी को अयोध्या जरूर जाएं वहीं अयोध्या से आई हुई अक्षत और निमंत्रण पत्र नगर के हर घर में भेजा जा रहा है और उनको न्यौता दिया जा रहा है कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले विशाल कार्यक्रम में शामिल होकर अपने आप को पुण्य का भागीदार बनाएं।

इस मौके पर महराजगंज चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं भाजपा नेता सत्येंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष महराजगंज सूर्य प्रकाश वर्मा खंड कार्यवाह धर्मेंद्र खंड संचालक जगमोहन सह खंड संचालक ज्ञान प्रकाश जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वीरेंद्र वर्मा महिला मोर्चा बीजेपी सुधा अवस्थी मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा श्वेता सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

विद्यालय द्वारा खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

न्यू आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज में पिछले दिनों आयोजित हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले वाले विजयी खिलाड़ियों को विद्यालय द्वारा नववर्ष पर पुरस्कृत किया गया है विद्यालय द्वारा हाल ही में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें रास्ता कसी वालीबाल क्रिकेट लंबी कूद गोला फेक कबड्डी ताइक्कांडो रेस सहित अन्य प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था प्रतियोगिता में विजई हुए खिलाड़ियों को नववर्ष की बेला पर सोमवार को विद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया है मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विद्यालय प्रबंधक बाबू किशोरी लाल यादव ने प्रतियोगिता में विजई घोषित खिलाड़ियों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया है प्रबंधक बाबू किशोरी लाल यादव ने बताया कि विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन से छात्रों में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है जिससे वह अनेक खेलों में अपना भविष्य उजागर करते हैं विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश कुमार यादव ने कहा कि खेलकूद से छात्रों के मानसिक व शारीरिक विकास होता है एवं उनकी रुचि खेल के प्रति बढ़ती है प्रतियोगिता के आयोजन से छात्र-छात्राओं की रुचि भी खेल के प्रति बढ़ती है कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया बेस्ट कमेंटेटर के रूप में आशीष जायसवाल को बाबू किशोरी लाल यादव के द्वारा सम्मानित किया गया।

पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मंशाखेड़ा में रहने वाली एक विवाहिता से उसके ससुरालीजनों ने दहेज में कार और रुपए की मांग की, न देने पर ससुरालयों ने मारा पिता पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत 4 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मंशाखेड़ा निवासी रेनू रावत ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी अमेठी जिले के शुक्ल बाजार रहमतगढ़ निवासी पंकज के साथ हुई थी शादी के बाद से पति ससुर तेजराम साफ कन्यवती व देवर रवि कुमार उससे दहेज में कार और एक लाख की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस लाइन स्टेडियम में खेला गया समरसता क्रिकेट मैच

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। आरसीए लायन और आरसीए टाइगर के मध्य एक समरसता क्रिकेट मैच का आयोजन पुलिस लाइन स्टेडियम में हुआ यह मैच आर सी ए लायन और आरसीए टाइगर के बीच खेला गया मैच मे आरसीए टाइगर ने टास जीता और पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया, मैच मे सभी खिलाड़ियों ने सद्भावना परिचय दिया 25 ओवर के मैच में आरसीए टाइगर ने जहां 189 रन बनाए वहीं आरसीए लायन की टीम ने अपनी पारी में 192 रन बटोर कर मैच में जीत हासिल की,अंपायर की भूमिका में सूरज शुक्ला, नवीन , अभिनंदन और आलोक तिवारी थर्ड अंपायर की भूमिका मे रहे, कमेंट्री बॉक्स में सूरज शुक्ला अमित, शक्ति, आलोक ने मैच को खूबसूरत बनाया आरसीए लायन के कप्तान अमरेंद्र को ट्रॉफी के साथ 2500 रुपए की धन राशि प्रदान की गई, आरसीए टाइगर के कप्तान अयाज को उप विजेता की ट्राफी प्रदान की गई, बेस्ट क्रिकेट कमेंट्री की ट्राफी सूरज व शक्ति को मिली, बेस्ट अंपायर की ट्राफी तिवारी व सूरज शुक्ला को मिली,बेस्ट स्कोरर की ट्राफी अजय त्रिपाठी, बेस्ट बालर की ट्राफी अतुल व बेस्ट बैट्स मैन की ट्राफी सुरेंद्र को, मैन ऑफ द मै की ट्राफी अभिनंदन को प्राप्त हुई, इस तरह के आयोजन से समरसता भावना पुष्ट होती है।

नये वर्ष को लेकर मंदिरों में उमड़ी भीड़, खूब कटे केक

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

नए साल के स्वागत के लिए नगर के प्रमुख स्थानों में पोनीरोड, ऋषिनगर, चंपापुरवा, नेहरूनगर, मिश्रा कॉलोनी, बिंदा नगर, सुभाष नगर, गांधीनगर समेत कई जगहों पर फूलों की दुकानें सज गई है। नगर के प्रमुख चौराहों पर डीजे लगाये गये हैं। वहीं घरों में भी टीवी चैनलों पर दिखाए जा रहे कार्यक्रमों को देखकर नया वर्ष मनाया। जैसे ही रात के बारह बजे तो नए साल की बधाइयों का तांता लग गया। वहीं नये वर्ष को लेकर मंदिरों में भी भारी भीड़ रही।

नववर्ष सभी के लिए मंगलमय हो, नववर्ष सभी के लिए खुशियां लेकर आये, सभी एक-दूसरे को मंगल शुभकामनायें दे, इन्हीं के मद्देनजर आज नगर में कई दुकानों को भव्य रूप से सजाया गया, जिसमें केक व गिफ्ट आइटमों की दुकानों पर भारी भीड़ रही। लोगों को गिफ्ट आइटम की खरीददारी करते हुए देखा गया, जिससे बच्चों व युवाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मैसेज कार्ड, मोबाइल, फ्लावर, ग्रीटिंग काड्र्स, चाकलेट, केक व गिफ्ट खूब बिके। वहीं दूसरी तरफ बियर शाप व अंग्रेजी शराब की दुकानो पर भी लम्बी कतारें देखी गयी। लोगों ने समय रहते अपनी तैयारियां पूरी कर ली, ताकि रात्रि 12 बजे से एक दूसरे को बधाईयां व संदेश आदि भेजे जा सके। वहीं दूसरी तरफ युवाओं ने देर रात तक पार्टी करने का मन बनाया है। इसके साथ ही नगर के प्रमुख चौराहों पर लोगों ने डीजे लगाया। जहां बारह बजते ही डीजे में झूमते हुये नये वर्ष का स्वागत करने के लिये डंटे रहे। वहीं लोग घरों में ही नये वर्ष को धूमधाम से मनाने के लिये परिवार के साथ केक काटा। इसके साथ ही राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर, गायत्री मंदिर में सुबह से देर रात तक भक्तों की भारी भीड़ रही।

युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। हमीरपुर निवासी एक युवक ने गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली महिला के साथ धोखाधड़ी कर हजारों रुपए हड़प लिए। जिसपर पीड़िता ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। लालूपुर गांव निवासी निशा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि कदौरा भरुआ सुमेरपुर जनपद हमीरपुर निवासी उमेश ने उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए 45000 रुपए हड़प लिए उसने कई बार उससे पैसे मांगे। जिसपर उसने धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है।

नववर्ष पर जगह-जगह हुआ अखण्ड पाठ, बांटा प्रसाद

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

नववर्ष पर सोमवार को जनपद के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सुंदरकांड व रामायण का पाठ कराया गया। इसके साथ ही महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल शुक्लागंज में भजनी मंडली ने समां बांध दी। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

वहीं नेहरू नगर में भी सुंदरकांड का पाठ कराया गया। सहजनी स्थित एमडीपीएस स्कूल में संस्थापक पुरुषोत्तम नारायण शुक्ल, मुन्नी शुक्ला ने पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद विद्यालय के बच्चों ने झांकियां प्रस्तुत की। वहीं भजन मंडली ने एक से बढ़कर एक भक्तिगीत गाये। जिसे सुन मौजूद लोग झूमने लगे। इस मौके पर निधि शुक्ला, मोहित त्रिपाठी, ज्योति बाजपेई, इशरत जैदी, प्रमोद सिंह, नीलम मिश्रा, फरहीन, सर्वेश मिश्रा, रीता अग्निहोत्री, सौरभ सिंह, अल्पना श्रीवास्तव, तृप्ति द्विवेदी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं नेहरू नगर पर कीर्ती ज्वैलर्स की ओर से राजेश बाजपेई, आशीष द्विवेदी एडवोकेट, अर्चना द्विवेदी, कीर्ती बाजपेई और अलका बाजपेई ने सुंदरकांड का पाठ कराया और प्रसाद बांटा। वहीं चंपापुरवा शिव मंदिर पार्क में सुंदरकांड हुआ। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इसके अलावा अंबिकापुरम, गोपीनाथपुरम, मिश्रा कॉलोनी, राजधानी मार्ग, कंचन नगर, पोनीरोड, अंबिकापुरम, रामनगर, शक्तिनगर में भी धार्मिक अनुष्ठान हुये।

नए संकल्पों का साल

सामान्य अर्थों में देखें तो समय साल-दर-साल अपनी चाल चलता रहता है। नया साल समय का एक मानक है। साल कोई अच्छा-बुरा नहीं होता, परिस्थितियां उसकी दशा-दिशा तय करती हैं। यह हम पर निर्भर करता है कि समय के इस मानक को हम किस तरह बेहतर बनाते हैं। यह विचित्र संयोग ही कि नया साल रक्त जमाती सर्दी के बीच दस्तक देता है। खासकर, पश्चिमी देशों में तो बर्फसामान्य जन-जीवन को जमा देती है। वातावरण में एक उदासी सी होती है। संभवतः जीवन की इसी एकरसता को तोड़ने के लिये ही नया साल मनाने की परंपरा शुरू हुई होगी। ताकि सर्दी को अंगूठा दिखाकर सार्वजनिक जीवन में उत्सव व उल्लास का मौसम बने। जहां तक भारतीय नववर्ष का आगमन है, वह उस समय आता है जब कुदरत मुस्करा रही होती है। सर्दी की विदाई की वेला, और ग्रीष्म ऋतु दस्तक दे रही होती है। वृक्षों पर फल-फूल व खेतों में नई फसल पकने की तैयारी होती है। बहरहाल, उत्सव कैसे भी हों हमें उल्लासित करते हैं, हमारे जीवन की एकरसता को तोड़ते हैं। नये उत्साह का संचार करते हैं। लेकिन नये साल का उत्सव हमें अराजक व्यवहार का लाइसेंस नहीं देता। सड़कों पर नशे में झूमने और तेज गति से वाहन चलाने का लाइसेंस नहीं देता। एक व्यक्ति की आजादी किसी की आजादी का अतिक्रमण करने का अधिकार नहीं देती। विडंबना है कि नई पीढ़ी तरह-तरह के नशों में डूबकर नये साल का उच्छृंखल जश्न मनाने को बेताब नजर आती है। उनसे सवाल किया जाना चाहिए कि देर रात तक हुड़दंग के बाद जब वे देर से एक अलसायी सुबह के साथ उठते हैं तो क्या ऐसे नये साल का स्वागत करते हैं? बहरहाल, हमने वर्ष 2024 में कदम रख लिया है। यह साल देश में आम चुनावों का साल है। यह लोकतंत्र के महाकुंभ का वर्ष है। बतौर जिम्मेदार नागरिक हमें तटस्थ भाव से संकीर्णताओं की राजनीति करने वालों को खुली छूट नहीं देनी है कि वे भारतीय लोकतंत्र में सामाजिक समरता व धर्मनिरपेक्षता का अतिक्रमण करें। भारत विभिन्न संस्कृतियों व धर्मों का गुलदस्ता है। इसमें बहुसंख्यक वर्ग के भी अपने विशिष्ट दायित्व हैं। सत्ताधीशों को भी धार्मिक मामलों से तटस्थता व सुरक्षित दूरी रखनी चाहिए। राजनेताओं को विशुद्ध राजनीति करनी चाहिए व धर्मगुरुओं को धार्मिक क्रियाकलाप। दरअसल, कोई भी लोकतंत्र सहिष्णुता, सद्भाव व विश्वबंधुत्व के आधारभूत तत्वों से ही समृद्ध होता है। विडंबना यह कि देश का बड़ा वर्ग अपने लोकतांत्रिक अधिकारों व अपनी मतदान की शक्ति से अनभिज्ञ नजर आता है। वह तमाम संकीर्णताओं व प्रलोभनों की राजनीति का शिकार हो जाता है। दरअसल, लोकतंत्र की शुचिता व भविष्य उसके जिम्मेदार नागरिकों के व्यवहार पर निर्भर करता है। देश के युवाओं के कंधों पर इस लोकतंत्र की अस्मिता की रक्षा का दायित्व है। उन्हें लोकतंत्र के महाकुंभ को गंभीरता से लेते हुए न केवल अपने मताधिकार का प्रयोग करना है बल्कि स्वस्थ जनमत बनाने में भी अपना योगदान देना है।

अन्याय के खिलाफ बड़ी लड़ाई का वर्ष होगा 2024

बड़े पूंजीपतियों के प्रति मोदी सरकार की उदारता के परिणामस्वरूप, आय और धन असमानताएं नई ऊंचाइयों पर पहुंच गयीं। जनवरी 2023 में जारी ऑक्सफैम रिपोर्ट के अनुसार, सबसे अमीर 1 प्रतिशत के पास 40 प्रतिशत से अधिक संपत्ति है। देश का दसवां हिस्सा, जबकि नीचे की आधी आबादी के पास कुल संपत्ति का केवल 3 प्रतिशत हिस्सा है। 2023 में दमन के उपकरणों को तेज किया गया और विपक्ष को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का व्यापक उपयोग भी देखा गया। प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय जांच ब्यूरो और आयकर विभाग की छापेमारी और गिरफ्तारियां सत्तारूढ़ दल के हाथों में खतरनाक हथियार बन गयी हैं। संसद के शीतकालीन सत्र के अंत में, विपक्ष की उपस्थिति के बिना, तीन नये आपराधिक कानून विधेयक पारित किये गये। ऐसा माना जा रहा था कि यह उपनिवेशवाद की विरासत को खत्म कर रहा है, जबकि वास्तव में, यह पुनरू उपनिवेशीकरण का एक रूप था। नये आपराधिक कानूनों में कई प्रावधान हैं जो नागरिकों की बुनियादी सुरक्षा को खत्म करते हैं और एक पुलिस राज्य की स्थापना करते हैं। मजदूर वर्ग और किसान सांप्रदायिक–कॉर्पोरेट शासन के खिलाफसंघर्ष कर रहे हैं।

पी. सुधीर

वर्ष 2023 का अंत गाजा में इजरायली युद्ध-मशीन द्वारा फिलिस्तीनियों के नरसंहार की काली छाया के साथ होगा। इजरायल की लगभग तीन महीने की क्रूर आक्रामकता के कारण (26 दिसंबर तक) गाजा में 20,915 लोग मारे गये, जिनमें से 8,000 से अधिक बच्चे हैं। अन्य 53,918 लोग घायल हुए हैं और बेहिसाब संख्या में लोग अभी भी बमबारी वाली इमारतों के मलबे में दबे हुए हैं। फिलिस्तीनियों पर इजराइल के युद्ध को पूरी तरह से संयुक्त राज्य अमेरिका का समर्थन प्राप्त है जिसने 7 अक्टूबर को संघर्ष शुरू होने के बाद से इजराइल को अधिक घातक हथियार और उपकरण भेजे हैं। अमेरिका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ऐसे प्रस्तावों पर वीटो करके तत्काल युद्धविराम के किसी भी आह्वान को रोक रहा है।

हालांकि अमेरिकी प्रशासन का इजरायल के लिए कट्टर समर्थन कोई आश्चर्य की बात नहीं है, लेकिन जहां तक भारत का सवाल है, वह नयी बात इजरायल के कार्यों के लिए पूर्ण समर्थन की मोदी सरकार की घोषणा है जो भारत का इजरायल के पक्ष में बड़ा बदलाव है। भारत अक्टूबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में युद्धविराम के आह्वान वाले प्रस्ताव का समर्थन करने से इनकार करने की हद तक चला गया। युद्धविराम के प्रस्ताव पर दिसंबर में दूसरे महासभा मतदान में ही भारत

पहली बार, केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और मजदूर वर्ग और किसान आंदोलनों का प्रतिनिधित्व करने वाले संयुक्त किसान मोर्चा ने सितंबर में एक संयुक्त सम्मेलन आयोजित किया और नवंबर में तीन दिवसीय महापड़ाव का एकजुट आह्वान किया। इस संयुक्त विरोध कार्रवाई से पहले देश के विभिन्न हिस्सों में श्रमिकों और किसानों के विभिन्न वर्गों के कई संघर्ष हुए थे। इस वर्ष मेहनतकश जनता के और अधिक वर्ग भाजपा सरकार की नव–उदारवादी नीतियों के खिलाफसामने आये।2023 के उत्तरार्ध में विपक्षी दलों ने एक साथ आकर 28 पार्टियों वाला इंडिया ग्रुप बनाया। विपक्षी गठबंधन का उद्देश्य अप्रैल–मई, 2024 में होने वाले आम चुनावों में भाजपा के खिलाफएकजुट लड़ाई लड़ना है। यह लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और संघवाद – संविधान की सभी बुनियादी विशेषताओं की रक्षा के लिए लड़ाई होगी। नया साल 2024 इस महान युद्ध का गवाह बनेगा जो भारत का भविष्य तय करेगा।

ने अनिच्छा से इसके पक्ष में मतदान किया था। ऐसा न करने पर भारत अलग-थलग पड़ जाता, क्योंकि एशिया के अन्य सभी देशों ने युद्धविराम के पक्ष में मतदान किया था। 2023 मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम वर्ष है। यह एक और साल रहा है जिसमें भारतीय लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और संघवाद की दीवारें बंद होती देखी गयीं। संसद को एक नयी इमारत में स्थानांतरित करना इसकी नयी बदनाम स्थिति का प्रतीक है। इस साल संसद के आखिरी सत्र में 146 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया, जो संसदीय लोकतंत्र के सार को खोखला करने की मोदी सरकार की मंशा को रेखांकित करता है।

भारतीय राज्य की धर्मनिरपेक्षता टूटती नजर आ रही है। न्यायिक मिलीभगत से काशी और मथुरा के मूल धार्मिक स्थलों के प्रश्न को फिर से खोला और जांचा जा रहा है। नये साल की शुरुआत अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक के साथ होगी, जिसे राज्य प्रायोजित तमाशा बना दिया गया है। भाजपा शासित राज्यों में अल्पसंख्यकों को मांस-व्यापार और गोमांस के परिवहन आदि के आरोप में मॉब लिंचिंग की हुई अनेक घटनाओं, तथा बुलडोजर की कार्रवाईयां मुसलमानों के खिलाफ निगरानी की कार्रवाई का प्रतीक बन गया है।

मणिपुर में मई महीने से अब तक की सबसे भीषण जातीय झड़पें देखी गयीं। सात महीने बाद भी, मेतई और कुकी समुदायों के बीच जातीय विभाजन जारी है और सुरक्षा बल घाटी और पहाड़ी क्षेत्रों के बीच बफर जोन की निगरानी कर रहे हैं। भाजपा के मुख्यमंत्री अपनी पक्षपातपूर्ण राजनीति के कारण इस दंगे के लिए अकेले जिम्मेदार हैं। केंद्र सभी पक्षों से बातचीत के माध्यम से राजनीतिक समाधान निकालने में विफल रहा है। मणिपुर इस बात का स्थायी प्रमाण है कि बहुसंख्यकवादी राजनीति एक संवेदनशील जातीय क्षेत्र में कितना कहर ढा सकती है। 2023 में संघवाद पर गंभीर हमला हुआ। विपक्ष शासित राज्यों के राज्यपाल राज्य सरकारों के मामलों में हस्तक्षेप करने और राज्य विधान सभाओं को कानून पारित करने के अधिकारों से वंचित करने में अधिक आक्रामक हो गये। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले और जम्मू-कश्मीर राज्य को खत्म करने और दो केंद्र शासित प्रदेश बनाने के लिए संविधान के अनुच्छेद- 3 के उपयोग पर फैसला देने से अदालत के इनकार ने इस घोर उल्लंघन पर न्यायिक वैधता की मुहर लगा दी है। मोदी सरकार जीडीपी ग्रोथ के आंकड़ों का हवाला देकर दावा करती रहती है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। लेकिन, प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में, भारत 2023 में 2600 डॉलर के साथ जी-20 देशों में सबसे निचले स्थान पर था। इसके अलावा, जो भी वृद्धि दर्ज की गयी थी, उससे रोजगार में वृद्धि नहीं हुई। सीएमआईई के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, इस साल अक्टूबर में बेरोजगारी दर 10.05 थी, जो पिछले 21 महीनों में उच्चतम स्तर है, जबकि युवा बेरोजगारी 23.22 प्रतिशत थी। आवश्यक वस्तुओं, विशेषकर खाद्य पदार्थों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोगों के सबसे गरीब तबके पर बड़ा बोझ पड़ रहा है। वास्तविक मजदूरी में गिरावट, बढ़ती कीमतें और बढ़ती बेरोजगारी के साथ, वैश्विक भूख सूचकांक में भारत की रैंकिंग 125 देशों में से गिरकर 111 पर आ गयी है। कॉरपोरेट-सांप्रदायिक गठजोड़ का उदाहरण 2023 में प्रमुखता से दिया गया था। हिंडनबर्ग रिसर्च कंपनी का अडानी समूह की कॉरपोरेट धोखाधड़ी और स्टॉक हेरफेर का खुलासा अंतरराष्ट्रीय समाचार बन गया। लेकिन मोदी सरकार ने हठपूर्वक गौतम अडानी को बचाया और अपने पसंदीदा पूंजीपति की गंभीर जांच करने से इनकार कर दिया। अडानी पर हमले को हिंदुत्व व्यवस्था के तहत भारत पर हमले के रूप में देखा गया।

विचार

न्यायपूर्ण समाज का निर्माण हो नववर्ष का संकल्प

भारत आज की तारीख में जिस मुकाम पर खड़ा है, साफहै कि 2024 कुछ ऐसे घटनाक्रम लेकर आ रहा है जिनका दूरगामी परिणाम पड़ना तयशुदा है। इस परिप्रेक्ष्य में कम से कम तीन भावी परिघटनाओं की शिनाख्त तो हो ही सकती है- 14 जनवरी से प्रारम्भ होने जा रही राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा, 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर का उद्घाटन और उसके बाद लोकसभा का चुनाव, जिसके बारे में कुछ लोगों का अनुमान है कि उसे राम मंदिर के उद्घाटन के तुरन्त बाद भी कराया जा सकता है। अगर आम चुनाव मध्यावधि न होकर अपने वक्त पर होता है तो अप्रैल के आसपास होगा। जब भी हो, उसका महत्व तो सर्वाधिक हैय और पहले हो चुके रहेंगे दोनों आयोजनों का असर उस पर होगा- राममंदिर व न्याय यात्रा का।

दुनिया भर में मान्य अंग्रेजी कैलेंडर का नया वर्ष फिर आ गया है। पश्चिम का यह कैलेंडर दुनिया भर में सर्वमान्य है और कुछ परम्पराएं लेकर आता है। इसे मनाने की परिपाटी में दो बातें साफदिखाई देती हैं- पहला है सभी एक-दूसरे को आपको नया साल मंगलमय हो कहते हैंय और दूसरे यह कि ज्यादातर लोग कोई नया संकल्प लेते हैं। इसे कुछ लोग निभाते हैं, कुछ निभाने की कोशिश करते हैं और ज्यादातर लोग या तो अगली सुबह ही भूल जाते हैं अथवा उसे एक साल बाद फिर दोहराते हैं। जो भी हो, पिछले कुछ समय से देश में चल रहे राष्ट्रवाद के झंझावात के बाद भी नववर्ष का आयोजन बदस्तूर जारी है। कुछ लोग व्यक्तिगत तौर पर या अपने संगठन के साथियों के साथ इसके खिलाफहल्ला बोलते हैं। कथित विदेशी संस्कृति के खिलाफ उनकी मुहिम किसी शहर-राज्य में दिखती है तो कहीं उनको बिलकुल भाव नहीं मिलता। 14 फरवरी (वैलेंटाइन दिन), 25 दिसम्बर (क्रिसमस और 1 जनवरी को इनका विरोध उफान पर होता है लेकिन 31 दिसम्बर की रात से शुरू होने वाले आयोजन नये साल की पहली तारीख तक चलते हैं- कहीं छोटे तो कहीं बड़े स्वरूपों में।

जो भी हो, नया साल लग ही गया है, तो मुबारकबाद देना तो बनता है। यह सबसे आसान काम है इसलिये सभी इसका निभाव कर लेते हैं। रही बात नये साल के संकल्प की, तो उसे निभाना थोड़ा कठिन होता है। व्यक्तिगत तौर पर कोई क्या संकल्प लेता है, उसे निभाता है या निभाने में नाकाम रह जाता हैरू उस पर अभी से अमल करना शुरू करता है अथवा उसे अगले साल के लिये मुल्तवी कर देता है- इससे किसी का कोई सम्बन्ध नहीं होना चाहिये। पर हां, जहां तक देश के सन्दर्भ और परिप्रेक्ष्य में मंगलकामना की बात की जाये, तो यह कठिन है लेकिन अपरिहार्य भी है। चूंकि देश की खुशहाली के साथ खुद का भी मंगल सम्पृक्त है, इसलिये इस मद्देनजर नववर्ष का संकल्प तय करते समय कुछ बातों पर विचार करना जरूरी है। पहले तो यह देखें कि 2024 किस मायने में महत्वपूर्ण है। हालांकि किसी भी साल की महत्ता को कमतर करके नहीं आंका जा सकता। हर वर्ष का अपना महत्व होता है- कुछ का महत्व उसके बीतने के बाद ऐतिहासिक संदर्भों के कारण महसूस होता है, तो कुछ साल ऐसे भी होते हैं जिनके बारे में पहले से तय होता है कि यह अहम होने जा रहा है। भारत आज की तारीख में जिस मुकाम पर खड़ा है, साफहै कि 2024 कुछ ऐसे घटनाक्रम लेकर आ रहा है जिनका दूरगामी परिणाम पड़ना तयशुदा है। इस परिप्रेक्ष्य में कम से कम तीन भावी परिघटनाओं की शिनाख्त तो हो ही सकती है- 14 जनवरी से प्रारम्भ होने जा रही राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा, 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर का उद्घाटन और उसके बाद लोकसभा का चुनाव, जिसके बारे में कुछ लोगों का अनुमान है कि उसे राम मंदिर के उद्घाटन के तुरन्त बाद भी कराया जा सकता है। अगर आम चुनाव मध्यावधि न होकर अपने वक्त पर होता है तो अप्रैल के आसपास होगा। जब भी हो, उसका महत्व तो सर्वाधिक हैय और पहले हो चुके रहेंगे दोनों आयोजनों का असर उस पर होगा- राममंदिर व न्याय यात्रा का।

2014 में जहां नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव जीता था, वहीं 2019 में उनकी अनेक असफलताओं के बावजूद बालाकोट व पुलवामा ने मोदी को दूसरी सफलता दिलाई थी। अब तीसरी बार जनता के सामने जाने के पहले मोदी राममंदिर के भरोसे हैं। हाल ही में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान में विधानसभा के चुनाव भाजपा ने मोदी की छवि एवं उनकी कथित गारंटियों के बल पर जीते हैं, तो कांग्रेस ने तेलंगाना, उसके पहले कर्नाटक तथा और भी पहले हिमाचल प्रदेश जीता था। इस बार मोदी अपने कारोबारी मित्र गौतम अदानी के साथ अपने रिश्तों, मणिपुर की घटनाओं, आपराधिक संहिता कानूनों में फेरबदल और संसद से करीब डेढ़ सौ सांसदों के निलम्बन के चलते मुश्किल में दिखते हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस के नेतृत्व में संयुक्त प्रतिपक्ष श्इंडियाश् लगातार मजबूत हो रहा है। तीन राज्यों में पराजय के बाद भी कांग्रेस सिरमौर है। वे सारी आशंकाएं कम से कम अब तक तो गलत साबित हुई हैं जो इस आशय की थीं कि गठबन्धन में एकजुटता कायम नहीं रह पायेगी। विपक्षी गंठजोड़ नेतृत्व, सीटों के बंटवारे, साझा कार्यक्रम आदि के सम्बन्ध में कहीं भी असमंजस में नहीं दिखता। इस गठबन्धन में शामिल सभी 28 दल एकजुट हैं और अब तक के संकेत यही बतला रहे हैं कि वे एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे।7 सितम्बर, 2022 को कन्याकुमारी से निकलकर 30 जनवरी, 2023 को श्रीनगर में तिरंगा झंडा फहराने के साथ एक अभूतपूर्व यात्रा राहुल ने अपने नाम पर दर्ज की थी, अब उसके सीक्वल के रूप में 14 जनवरी को जो यात्रा निकल रही है वह मोदी प्रदत्त आर्थिक विषमता, राजनैतिक शक्तियों के केन्द्रीकरण और सामाजिक ध्रुवीकरण के खिलाफ है। राहुल गांधी, उनकी पार्टी और गठबन्धन के अन्य सहयोगी दल जिस प्रकार से सामाजिक न्याय के नारे को उठाये हुए हैं, उससे प्रतीत होता है कि लोकसभा-2024 भावनात्मक मुद्दा (ध्रुवीकरण-साम्प्रदायिकता) बनाम सामाजिक न्याय होने जा रहा है।

नए वर्ष में बेहतर होगी आर्थिकी

इन दिनों वैश्विक आर्थिक और वित्तीय संगठनों के द्वारा बीते वर्ष 2023 की आर्थिक चुनौतियों और नए वर्ष 2024 की आर्थिक संभावनाओं पर प्रकाशित की जा रही विभिन्न रिपोर्टों में नए वर्ष में भारत के आर्थिक विकास की ऊंची संभावनाएं प्रस्तुत की जा रही हैं। यदि हम नए वर्ष 2024 की डगर पर आगे बढ़ते भारत की आर्थिक तस्वीर को देखें तो पाते हैं कि भारत को 2023 से प्रमुखतया महंगाई, रोजगार, रुपए की कीमत, विदेशी मुद्रा भंडार, देश पर विदेशी कर्ज, व्यापार घाटा, चिंताजनक मानव विकास सूचकांक जैसी आर्थिक चुनौतियां विरासत में मिली हैं। बीते वर्ष 2023 में भारत मानव विकास सूचकांक में पीछे दिखाई दिया है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के द्वारा प्रकाशित मानव विकास सूचकांक में 189 देशों की सूची में भारत 132वें पायदान पर पाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक जीवन प्रत्याशा, स्वास्थ्य व शिक्षा की बड़ी चुनौतियां भारत के समक्ष बनी हुई हैं। दुनिया में प्रति व्यक्ति आय के मामले में भी भारत की स्थिति 129वें क्रम पर परिलक्षित हुई है। बीते वर्ष में महंगाई के मोर्चे पर मुश्किलें लगभग वर्ष भर बनी रहीं। इजराइल-हमास युद्ध, रूस-यूक्रेन युद्ध, तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक के द्वारा तेल उत्पादन में कटौती, वैश्विक खाद्यान्न उत्पादन में कमी ने भी महंगाई बढ़ाई और महंगाई ने आम आदमी से लेकर सरकार के लिए भी चिंताएं निर्मित की। खास तौर से नवंबर 2023 के बाद एक बार फिर थोक एवं खुदरा महंगाई बढने लगी। खाद्य महंगाई की दर बढकर 8.7 फीसदी से अधिक पहुंच गई। यदि हम देश में 2023 के रोजगार परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि रोजगार की स्थिति संसद की बहस से लेकर युवाओं की चिंता का कारण बनी रही। वर्ष 2023 में वैश्विक सुस्ती के कारण जो उद्योग-कारोबार प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए, वहां रोजगार के कम मौके निर्मित हुए। लेकिन गिग अर्थव्यवस्था और असंगठित सेक्टर में मौके बढने से बेरोजगारी दर जो 2017-18 में छह फीसदी थी, वह 2022-23 में घटकर 3.2 फीसदी रही। जहां वर्ष 2023 में आईटी बाजार की रोजगार तस्वीर बदल गई और बड़ी संख्या में कर्मचारियों को नौकरी छोडनी पड़ी तथा नई नियुक्ति का अनुपात भी घट गया, वहीं विमानन और फार्मा जैसे सेक्टरों में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ी। यद्यपि भारत ने वर्ष 2023 में वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच निर्यात बढ़ाने व आयात घटाने के अधिकतम प्रयास किए, लेकिन फिर भी बीते वर्ष में निर्यात तेजी से नहीं बढ़ पाए तथा विदेशी मुद्रा की अन्य साधनों से कमाई भी कम रही, इससे व्यापार घाटा बढ़ा। बीते वर्ष में रुपया वर्षभर लुढ़कता रहा, वर्ष 2023 में अमरीका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति को सख्त बनाए जाने से डॉलर के मुकाबले रुपया निचले स्तर पर लुढ़ककर 84 के स्तर पर पहुंच गया। वर्ष 2023 के शुरुआती महीनों में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट आई। इस गिरावट का कारण निर्यात में कमी, आयात में वृद्धि व डॉलर की तुलना में रुपए को थामने के लिए रिजर्व बैंक के द्वारा आवश्यकता के अनुरूप विदेशी मुद्रा कोष में संचित डॉलर की बिक्री किया जाना भी रहा। निश्चित रूप से इन विभिन्न आर्थिक चुनौतियों के बीच भी वर्ष 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था ने कई मोर्चों पर बेहतर प्रस्तुतिकरण दिखाया है और भारत की कई आर्थिक उपलब्धियां दुनियाभर में रेखांकित हुई। कारोबारी और वित्तीय परिदृश्य व्यापक तौर पर विस्तार को लेकर आशावादी रहा और विकासमूलक संकेत देते हुए मजबूत बैलेंस शीट प्रस्तुत करता रहा। विनिर्माण, खनन, निर्माण तथा औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि हुई है। खास तौर से मैन्युफैक्चरिंग, कृषि, कंस्ट्रक्शन, सीमेंट, इलेक्ट्रिसिटी, होटल, ट्रांसपोर्ट, ऑटोमोबाइल, फार्मा, केमिकल, फूड प्रोसेसिंग और टेक्सटाइल, ई-कॉमर्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, सायबर सिक्योरिटी, आईटी, टूरिज्म, रिटेल ट्रेड आदि क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार के मौके बढ़ते हुए दिखाई दिए। मुद्रास्फीति मौद्रिक प्रयासों से नियंत्रण में रही। कर राजस्व में सुधार हुआ। सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए। बीते वर्ष में भारत दुनिया में सर्वाधिक डिजिटल पेमेंट ट्रांजेक्शन वाले देश के रूप में रेखांकित हुआ है। यह भी महत्वपूर्ण है कि वर्ष 2023 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 2000 रुपए के नोट को चलन से बाहर करने के बाद बैंक जमा में भारी वृद्धि हुई।

राशिफल

मेषः-पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

बृषभः मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

मिथुनः- आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है।

कर्कः- पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

सिंहः- मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कन्याः- मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों को भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतणरख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

तुलाः- आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

वृश्चिकः- आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा। ईश्वर में विश्वास में रखें काम सफल होगा।

धनुः- निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

मकरः- मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

कुंभः- अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

मीनः-:- किसी अचल सम्पति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

नया साल : विपक्ष के लिए कितनी उम्मीदें कितनी चुनौतियां!

शकील अख्तर

अगर चार सौ सीटों के लगभग सीट एडजस्टमेंट हो गया तो इस साल होने वाला लोकसभा चुनाव दिलचस्प हो जाएगा। याद रहे अभी जिन तीन राज्यों में कांग्रेस हारी है वहां उसे चालीस परसेंट वोट मिले हैं। मतलब वोट कांग्रेस के पास या दूसरे राज्यों जैसे पश्चिम बंगाल के 2021 के विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की टीएमसी को 48 प्रतिशत वोट मिले कम नहीं हैं। इसी तरह जिस उत्तर प्रदेश को विपक्ष के लिए सबसे मुश्किल बताया जा रहा है वहां 2022 विधानसभा में सपा को अकेले 32 प्रतिशत, बसपा को 12 प्रतिशत से ज्यादा, कांग्रेस को ढाई प्रतिशत और आरएलडी को तीन प्रतिशत वोट मिले थे। मतलब लगभग पचास प्रतिशत। जबकि भाजपा को 42 प्रतिशत ही वोट मिले। अब इन 42 प्रतिशत की तुलना कांग्रेस के हाल में हार वाले तीन राज्यों से करें। जहां 40 प्रतिशत वोट लेकर वह हार गई और यहां यूपी में क्योंकि विपक्ष आपस में लड़ रहा था तो भाजपा 42 प्रतिशत पर भी जीत गई।

कांग्रेस के लिए 2023 बड़ी उम्मीदों से शुरू हुआ था। श्रीनगर में राहुल की सफल भारत जोड़ो यात्रा का समापन हो रहा था। राहुल एक नई छवि के साथ स्थापित हो रहे थे। फिर कर्नाटक की जीत ने उस छवि को और निखार दिया था। इंडिया गठबंधन हुआ। पटना, बंगलुरु, मुंबई तीन बैठकों में विपक्ष के महारथियों के बीच राहुल छाए रहे। ममता बनर्जी जो उनकी सार्वजनिक आलोचना कर चुकी थीं। बंगलुरू में मंच से कह रही थीं हमारे फेवरेट राहुल। मगर यह राजनीति है यहां छवियां जिस तेजी के साथ उभरती हैं वैसे ही कमजोर भी होती हैं। तीन राज्यों की जीती हुई बाजी को हारने के बाद राहुल फिर सवालों के घेरे में आ गए। मुख्य सवाल यह है कि राहुल का स्थितियों पर नियंत्रण क्यों नहीं है? आकलन और पूर्वानुमान के मामले में उनकी टीम इतनी कमजोर क्यों है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में क्षत्रपों को इतनी खुली छुट क्यों दे रखी थी? राहुल ने नागपुर में कहा कि भाजपा में तानाशाही है। कांग्रेस में कार्यकर्ता की बात सुनी जाती है। ठीक है अगर सुनी जाती है तो नए साल से एक जनवरी 2024 से कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर

रोड में राहुल और पार्टी अध्यक्ष खरगे बैठना शुरू कर दें। भाजपा की तानाशाही एक अलग मुद्दा है। मगर यह कहना कि कांग्रेस में कार्यकर्ता की सुनी जाती है थोड़ी हजम न होने वाली बात है। कार्यकर्ता की सुनी जाती थी इन्दिरा गांधी के समय तक। वे जब भी दिल्ली में होती थीं कार्यकर्ताओं के लिए उनके दरवाजे खुले रहते थे। और जब वे नहीं मिल पाती थीं तो माखनलाल फोतेदार और आर के धवन कार्यकर्ताओं से मिलकर उनकी बात सुनते थे। और यह गारंटी होती थी कि कार्यकर्ता की वह बात इन्दिरा गांधी तक पहुंच जाएगी। कार्यकर्ताओं के दिल से यह नारा निकला था कि- श्आधी रोटी खाएंगे, इन्दिरा को वापस लाएंगे! भाजपा की तानाशाही देश पर है तो उसका विरोध है। लेकिन अगर पार्टी के अंदर की बात है तो उससे तो वह और मजबूत हो रही है। तीनों राज्यों में तीन एकदम अनजाने चेहरे मुख्यमंत्री बना दिए किसी ने चूं तक नहीं की। ऐसे ही दिल्ली से मंत्रिमंडल बने, विभाग बांटे। लेकिन कांग्रेस में आखिरी आखिरी तक गहलोत और सचिन लड़ते रहे कांग्रेस कुछ नहीं कर सकी। अब जब राजस्थान में भाजपा के नए मंत्रिमंडल में गुर्जरों को एक केबिनेट मंत्री तक नहीं मिला तो पायलट समर्थक कह रहे हैं कि हमें तो गहलोत को हराना था। हरा दिया। राजस्थान में जैसी गुटबाजी हुई है वैसी कांग्रेस में कभी नहीं हुई। 2018 के चुनाव से पहले यह शुरू हो गई थी। और 2023 हारने के बाद भी यह खत्म नहीं हुई है। दोषी कौन? सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस नेतृत्व। दोनों को उठाकर साइड करना था। मगर अब भी नहीं किया। मतलब राजस्थान में पार्टी न8ाम की चीज है ही नहीं। जो हैं गहलोत और पायलट ही है? इन्दिरा गांधी ने इसी राजस्थान में मोहनलाल सुखाड़िया, हरिदेव जोशी, शिवचरण माथुर जैसे दिग्गजों को हटाया और जगन्नाथ पहाड़िया, बरकत उल्लाह खान को मुख्यमंत्री बनाकर पार्टी की सर्वोच्चता का कड़ा संदेश दिया। गहलोत भूल गए कि उसी समय की उपज वे हैं। पहले इन्दिरा जी ने और फिर राजीव गांधी ने उन्हें आगे बढ़ाया। ऐसे ही सचिन के पिता राजेश पायलट को। क्या राजेश पायलट का कोई राजनीति का बैकग्राउंड था? मगर उन्हें भी इन्दिरा और राजीव गांधी ने तमाम दिग्गजों नटवर सिंह, नवल किशोर शर्मा के सामने आगे बढ़ाया। राजनीति में पार्टी ही बड़ी होती है। राजस्थान में गहलोत और पायलट ने मध्य प्रदेश में कमलनाथ ने और छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव ने यह नहीं समझा और हारे। मगर सिर्फइन लोग पर दोष रखने से कुछ नहीं होगा। गलती तो पार्टी नेतृत्व की थी। इससे पहले और कई राज्य उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा कांग्रेस ऐसे ही हारी है। मगर जब कांग्रेस वर्किंग कमेटी पार्टी की सर्वोच्च ईकाई की मीटिंग होती है तो समस्या की जड़ तक कोई नहीं पहुंचता और त्वरित इलाज के लिए राहुल से एक और यात्रा की मांग की जाती है। क्या कभी पार्ट टू पार्ट वन की तरह प्रभावी हुआ है? एक इनिंग दोबारा नहीं खेली जा सकती। और फिर जब इतनी सफल यात्रा के बाद वह मध्यप्रदेश और राजस्थान हार गए जहां यात्रा लंबे समय तक रही और कामयाब मानी गई थी तो यह दूसरी यात्रा लोकसभा चुनाव जिताने में कितनी कामयाब होगी? आज से नया साल शुरू हो गया। राहुल के लिए, कांग्रेस के लिए इस बार कोई कहने को तैयार नहीं है कि-इक बिरहमन ने कहा है कि यह साल अच्छा है!श् साल बुरा नहीं है मगर बहुत चुनौतिपूर्ण है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627

हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत मनाया उत्सव

चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।

चरखारी के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश पर्व, हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव मनाया गया।

चरखारी के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत जिला पर्यटन एवं संस्कृति विभाग जनपद महोबा ने संस्कृति उत्सव आयोजित करते हुए विभिन्न विधाओं जैसे गायन वादन नृत्य शास्त्रीय संगीत शास्त्रीय नृत्य आदि के अंतर्गत ग्राम एवं तहसील स्तर के प्रतिभावान कलाकारों की खोज के लिए अभिव्यक्त मंच देते हुए विभिन्न विधाओं के अंतर्गत उत्तर प्रदेश संस्कृत विभाग द्वारा विभिन्न स्तरों की प्रतियोगिताएं कराकर कलाकारों की खोज करते हुए कलाकारों की प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के लिए संस्कृति उत्सव आयोजित किया गया।

जिसमें नगर एवं क्षेत्रीय कलाकारों ने निर्णायक मंडल के समक्ष विभिन्न विधाओं के अंतर्गत अपनी-अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत किया, निर्णायक मंडल द्वारा गायन, वादन, नृत्य, लोक गायन शास्त्रीय संगीत शास्त्रीय नृत्य आदि विभिन्न विधाओं में कलाकारों की प्रतिभा को विभिन्न मापदंडों के अंतर्गत परखते हुए उमाशंकर प्रज्ञा राजपूत हेतराम विश्वकर्मा शक्तिशाली महेश कुमार निहारका आदि कलाकारों को उनकी प्रतिभा के लिए प्रथम स्थान दिया गया, चुने हुए कलाकारों को आगामी समय में अन्य मंचों पर

भी अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाएगा। जिला पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित संस्कृति उत्सव के मुख्य अतिथि एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर रहे इसी के साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर एसडीएम चरखारी डॉक्टर प्रदीप कुमार जिला पर्यटन अधिकारी डॉक्टर चित्रगुप्त श्रीवास्तव, तहसीलदार रामानंद मिश्रा, नायब तहसीलदार पंकज गौतम नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजू रामपाल की उपस्थिति रही, विभिन्न विधाओं में पारंगत कलाकारों की प्रतिभाओं को परखने के लिए निर्णायक मंडल के रूप में जग प्रसाद तिवारी, डॉ उमाशंकर त्रिपाठी, संतोष पटेरिया एवं नितेंद्र चौबे की उपस्थिति रही, एसडीएम चरखारी डॉक्टर प्रदीप कुमार ने कहा कि यह मंच कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्र में छिपी प्रतिभाओं की प्रतिभा को सामने लाने का है जिला पर्यटन अधिकारी डॉक्टर चित्रसेन ने बताया कि जिले के प्रत्येक ब्लॉक में कार्यक्रमों के आयोजन के उपरांत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का पंजीकरण करते हुए मंडल व प्रदेश स्तर तक ले जाया जाएगा, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉक्टर उमाशंकर त्रिपाठी ने कहा की संस्कृति हमारी आत्मा है और इस तरह के मंच हमारी संस्कृति को संरक्षण प्रदान करते हैं।

भजनों से आरंभ हुई नए साल की शुरूआत

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सहित ग्राम प्रधान रहे कार्यक्रम में शामिल

पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।

जय बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट की ओर से साल के पहले दिन दैवीय भजन और कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बा के साथ साथ आस पास के गांवों की कीर्तन मंडलियों ने भाग लेकर सुर साधना की। ढोलक, हारमोनिया समेत विभिन्न वाद्ययंत्रों की लय पर गायकों द्वारा देवासुर संग्राम, महिषासुर वध, सबरी का भगवान श्री राम के प्रति समर्पण और अन्य लोक कथाएं गायन के जरिए प्रस्तुत की गईं। जिसकी सराहना मंदिर प्रांगण में उपस्थित सैकड़ों भक्तों

द्वारा की गई। कार्यक्रम के अंत में मंदिर के मुख्य पुजारी सुरेश चन्द्र तिवारी, ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीप्रकाश मिश्रा और कमेटी के अन्य सदस्यों ने लोकगायकों को माल्यार्पण के बाद शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया।

आयोजन में पनवाड़ी प्रधान संजय द्विवेदी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इंजीनियर श्रीप्रकाश अनुरागी, बीजेपी नेता संतोष विश्वकर्मा, नीरज द्विवेदी, संतोष अग्निहोत्री, उपेंद्र द्विवेदी, रमेश अग्रवाल, रज्जू अग्रवाल, नारायण दास सोनी, अमृतलाल तिवारी, राकेश दीक्षित, गौरव, विशाल दीक्षित, उज्जवल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, सुमित साहू, अभय उपाध्याय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

प्रवीण का लेखपाल पद पर हुआ चयन

सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज। कस्बे के फुटकर गल्ला व्यापारी के पुत्र ने लेखपाल चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर परिवार व कस्बे का नाम रोशन किया है। कस्बे के वार्ड नंबर 16 निवासी शिवशंकर कसौंधन गल्ला के फुटकर व्यापारी है। इनका पुत्र प्रवीण कसौधन ने लेखपाल चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। पिता ने बताया कि उसकी शिक्षा कक्षा 1 से 8 तक ठड़ेश्वरी सरस्वती विद्या मंदिर में हुई थी। जबकि हाईस्कूल व इंटर की पढ़ाई स्वामी रोटीराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से प्राप्त की थी। ग्रेजुएशन स्व.सुंदरलाल शिवहरे महाविद्यालय मकरांव से करते हुए बीएड भी पास किया है।वह लेखपाल चयन परीक्षा में सम्मिलित हुआ था।जिसका परीक्षाफल आने पर जनरल कैटेगरी में उसका चयन हुआ प्रवीण का लेखपाल पद पर चयन होने से परिवार में खुशी का माहौल है। उसने सफलता का श्रेय माता पिता व गुरुजनों को दिया है।

प्रत्येक विकासखंड में रोजगार मेले का होगा आयोजन

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर जिला सेवायोजन कार्यालय, उप्र कौशल विकाश मिशन तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जिले के प्रत्येक विकासखंड में रोजगार मेलों का आयोजन किया जाना है। सहायक जिला रोजगार सेवायोजन अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि इस जाब फेयर में कई प्रतिष्ठित कम्पनियों/नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। जिसमें अभ्यर्थी अपना Sewayojan.up.nic.in ऑनलाइन आवेदन कर समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्रों व फोटो सहित उक्त स्थान पर निर्धारित तिथि व समय पर मेले में प्रतिभाग कर लाभ उठा सकते हैं। किसी कारण वश ऑनलाइन आवेदन न कर पाने की स्थिति में सीधे भी प्रतिभांग कर सकते हैं। विकासखंड वार तिथियां निर्धारित की हैं। बताया कि पांच जनवरी को कुरारा के श्री रामकृष्ण परास्नातक महाविद्यालय में मेला लगेगा। इसी तरह आठ जनवरी को सुमेरपुर कस्बे में केपी इण्टर कॉलेज देवगांव रोड में, 11 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मौदहा में, 18 को संस्कृत महाविद्यालय पनवाड़ी रोड राठ, 20 को विकासखंड परिसर गोहांड में, 29 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सरीला में व 31 जनवरी को विक्रम पैलेस राठ रोड मुस्करा में प्रस्तावित किए गए हैं।

उद्योग व्यापार मंडल ने राहगीरों को पिलाई चाय

राठ, समृद्धि न्यूज। नववर्ष पर उप्र उद्योग व्यापार मंडल द्वारा 2023 की विदाई एवं वर्ष 2024 के आगमन का आगाज निशुल्क चाय एवं बिस्किट वितरण से किया गया। जिला अध्यक्ष केजी अग्रवाल ने बताया की भीषण सर्दी और कोहरे को देखते हुए पुरानी तहसील के बाहर व्यापार मंडल द्वारा लगभग 1000 राहगीरो को चाय एवं बिस्किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष केजी अग्रवाल, युवा व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, युवा व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता, नगर महामंत्री प्रमोद बजाज, कार्यक्रम निदेशक उप मंत्री रहमत वेग, शिवशरण सोनी, राजेश अग्रवाल, सुरेंद्र गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, कमलेश साहू, नौसे खां, डा. रामगोपाल गुप्ता, महिला अध्यक्ष आरती उपाध्याय, दीप्ती गुप्ता, निशा भटनागर सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे। वहीं नव वर्ष में कस्बे के चैपरा मंदिर में बच्चों और महिलाओं की जमकर भीड़ उमड़ी। नये साल का उल्लास मनाने के लिए चैपरा मंदिर में सारा दिन तांता लगा रहा। इस दौरान लोगों ने पहुंच कर भगवान शंकर की पूजा अर्चना की और बच्चों ने जमकर धमाल मचाया।

नापजोख तक सीमित रही आयुष्मान हास्पिटल की घोषणा

सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज। कस्बे में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बनने वाला 50 बेड का आयुष्मान हॉस्पिटल बीते वर्ष में नापजोख तक ही सीमित रहा। इस वर्ष इसके बनने की उम्मीद है। अगर यह बनकर तैयार हो जाता है और घोषणा के अनुसार व्यवस्थाएं हो जाएंगी तो यह क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। नेशनल हाईवे 34 तथा कस्बे की उद्योग नगरी के कारखाने में आए दिन होने वाले हादसों में गंभीर लोगों को कानपुर जाकर ही समुचित उपचार मिल पाता है। बीते वर्ष सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने घोषणा की थी कि कस्बे में 50 बेड का आयुष्मान अस्पताल बनाकर आधुनिक उपकरणों से लैस करके समुचित उपचार की सुविधा दी जाएगी। घोषणा के बाद बीते वर्ष में महज नापजोख तक ही सीमित रहा है। इसके अलावा मामला फिलहाल आगे नहीं बढ़ सका है। अगर इस वर्ष इसके निर्माण में प्रगति होती है तो यह हॉस्पिटल क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य के लिए वरदान साबित होगा। लेकिन जिस तरह से नापजोख के बाद फाइल अटक कर रह गई है। उससे यह लगता है कि शायद इस वर्ष भी यह बन नहीं पाएगा। फिर भी लोगों को उम्मीद है कि इसका निर्माण जल्द सरकार कराएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे धीरू ने कहा कि वह इसके निर्माण के लिए सरकार से पहल कर जल्द निर्माण कराने की मांग करेंगे।

राजकीय नलकूप का सामान चोरी, सिंचाई कार्य ठप

कुरारा, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के शंकरपुर मौजा में संचालित 302 एचजी राजकीय नलकूप में चोर सामान चोरी कर ले गए। इससे किसानों का सिंचाई कार्य बाधित हो रहा है। थानाक्षेत्र के शंकरपुर मौजे में संचालित 302 एचजी राजकीय नलकूप संचालित है। जिससे किसान अपनी फसलों की सिंचाई करते हैं। रविवार रात चोरों ने नलकूप से स्टार्टर, केबल, चेन, प्लेट, कटआउट आदि चोरी कर ले गए। जिससे किसानों का गेहूं की फसल में पानी आपूर्ति बाधित होने से परेशान घूम रहे हैं। किसान अमित कुमार निषाद, परशुराम, रामकेश, गयाराम, महावीर, जगदीश, किशुन आदि ने बताया कि गेहूं फसल में पानी देना था। रात में सामान चोरी हो जाने पर सिंचाई कार्य बाधित हो गया है। जिससे फसलों को पानी न मिलने से सूखने की स्थिति में पहुंच जाएंगी। जब इस बाबत में नलकूप चालक सुनील कुमार ने बताया कि चक्का जाम होने की वजह से क्षेत्र में नहीं पहुंच पाए हैं। मंगलवार को चोरी की सूचना थाने में दी जाएगी।

ऐतिहासक गोरखगिरि पहुंच सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने लिया विकास कार्यों का जायजा

महोबा, समृद्धि न्यूज।

सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने ऐतिहासिक गोरखगिरि पर्वत पहुंचकर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। पहले नीचे शिवतांडव मंदिर व उसके आसपास हो रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उसके बाद उन्होंने सिद्ध बाबा तक जाने वाले एक किलोमीटर लंबे निर्माणाधीन मार्ग का निरीक्षण किया।

वह गोरखगिरि पर्वत के ऊपर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर, परिक्रमा मार्ग, ध्यान केन्द्र, ओपन एयर थियेटर देखने गए और धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्यों पर नाराजगी जाहिर की। उसके बाद वे सिद्ध सरोवर, संकटा माता, बड़ी चंडिका माता होते हुए वापस शिवतांडव लौटे। उन्होंने शिवतांडव पार्क जाकर वहां की व्यवस्थाओं का

निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर, उपेन्द्र सुल्झेरे, जागेश्वर चौरसिया, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंकज तिवारी, जिला मंत्री भाजपा ओम नारायण तिवारी, अजय मिश्र, प्रेम चौरसिया, मनीष जैदका, गया प्रसाद, अवधेश गुप्ता, प्रवीण चौरसिया, पवन सोनी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।बता दे कि ऐतिहासिक गोरखगिरि पर्वत पर तमाम कार्य कराए जा रहे है। जिससे यहां भक्तों व पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। इन्हीं कार्यों का निरीक्षण करने सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल पहुंचे।

एसपी ने नववर्ष में यातायात पुलिस टीम को दी सौगात

महोबा, समृद्धि न्यूज। नूतन वर्ष 2024 के प्रथम दिवस पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा यातायात पुलिस के नए कार्यालय/चेक पोस्ट का फीता काटते हुए उसका भव्य उद्घाटन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा इस तरह यातायात पुलिस टीम सहित स्थानीय जनता को नये वर्ष का तोहफा दिया गया है। बता दें कि पुराना यातायात कार्यालय जो कि पुलिस लाइन में अवस्थित था, जिसके बारे में स्थानीय लोगों को कम जानकारी थी जिस वजह से उनको असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। नवनिर्मित यातायात चेक पोस्ट/कार्यालय का भव्य उद्घाटन पुलिस अधीक्षक के करकमलों से किया गया है। जिससे यातायात कार्यालय को अब एक नई पहचान मिली है जो कि कानपुर-सागर हाइवे पुलिस लाइन तिराहे के पास स्थापित किया गया है, इससे जहां स्थानीय लोगों को भी लाभ मिलेगा तो वहीं जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने के लिए भी लाभप्रद होगा। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, क्षेत्राधिकारी यातायात/चरखारी उमेश चंद्र, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, प्रभारी निरीक्षक यातायात शिवपाल सिंह, शिवकुमार-प्रतिसार निरीक्षक, तारासिंह पटेल पीआरओ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य मौजूद रहे।

मौरंग से भरे ट्रक ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, गंभीर घायल

राठ, समृद्धि न्यूज। खदान में खड़े ट्रैक्टर को लेने जा रहे बाइक सवार युवक को मौरंग से भरे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

चिकासी थाने के चंदवारी डांडा गांव निवासी सतेंद (25) भगवत सिंह रविवार की शाम करीब 6 बजे गांव के मौरंग घाट पर खड़े ट्रैक्टर को लेने बाइक से जा रहा था। घाट पर पहुंचने पर वहां से आ रहे एक मौरंग भरे ट्रक ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गिरकर घायल हो गया। चिकित्सकों ने बताया कि युवक की कमर में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित ने चिकासी थाने में तहरीर दी है।

गोली लगने से घायल हुआ युवक, महिला के साथ दबंगों ने की गाली-गलौज

महोबा, समृद्धि न्यूज।

गोली लगने से एक युवक घायल हो गया तो वहीं कार सवार महिला के साथ भी दबंगों ने गाली गलौज कर धमकी दी। पुलिस ने महिला की सूचना पर अज्ञात लोगों पर धारा 307, 504, 506 व 120-बी के तहत मामला दर्ज किया है। नई दिल्ली के रंजीतनगर की निवासी आकांक्षा सेठी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका मायका रायपुर छत्तीसगढ़ है।

वह लखनऊ से रायपुर 29 दिसंबर को कैब में सवार होकर शाम करीब साढ़े 7 बजे निकली। चालक ने एक और युवक को साथ में बैठाने का अनुरोध किया। इस पर उसने युवक को बैठाने की इजाजत दे दी। रास्ते में चालक ने किसी काम के लिए कार रोकी और वह पीछे वाली सीट पर बैठी थी। इतने में थाना श्रीनगर क्षेत्र में बाइक सवार दो युवक आए और कार का दरवाजा खटखटाया। उसका नाम पूछा और गालियां देने लगे। साथ ही कैश का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर इन लोगों ने पति का नाम लेकर गाली गलौज शुरू कर दी और बंदूक दिखाई। इतने में चालक का साथी बी बचाव के लिए आया तो हाथापाई में उसको गोली लग गई। इसके बाद बाइक सवार भाग निकले। यूपी 112 पर सूचना देनी चाही पर नंबर नहीं लगा। घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया।

बताया कि उसका पति यह सब करा रहा है। उसकी शादी दौरान पति एवं ससुराल के लोग उसके साथ लालच व क्रूरता का व्यवहार करते आए है। उसने पति शंकर सैनी सहित अन्य हमलावरों पर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने अज्ञात लोगों पर धारा 307, 504, 506 व 120-बी के तहत मामला दर्ज किया है।

कप्तान ने थाना फ्रेंड्स कालोनी, सदर कोतवाली का किया निरीक्षण

इटावा, समृद्धि न्यूज। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा ने थाना फ्रेंण्डस कालोनी और सदर कोतवाली का औचक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार ने थाना फ्रेंण्डस कालोनी व सदर कोतवाली का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी आवास, भोजनालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित थानाध्यक्ष से समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल कर उनके त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं थाना परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण हेतु निर्देशित किया।

हेलमेट वितरण कर दिया यातायात नियमों के पालन का संदेश

एमलएली जितेंद्र सिंह सेंगर सहित अन्य लोग रहे मौजूद

चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह एवं एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने बस स्टैंड में आयोजित यातायात जागरुकता शिविर में दोपहिया वाहन चालकों को निशुल्क हेलमेट वितरित कर सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का संदेश दिया।

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार द्वारा दिसंबर माह को यातायात माह घोषित किया गया है। जिसके संबंध में समूचे प्रदेश में जागरूकता शिविर व गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों के पालन से वाहन चालक एवं सवारी सभी की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने से बाईक सवार के जीवन की सुरक्षा होती है। इस मौके पर शिवशंकर सिंह द्वारा निशुल्क 500 हेलमेट का वितरण बाईक सवारों को किया गया। हेलमेट पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर नगर अध्यक्ष रजनीश गुप्ता, युवराज सेंगर, सभाषद पीयूष खरे, राम महाराज, पंकज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

नए नियमों का चालकों ने किया विरोध, कहा सरकार ये कानून ले वापस

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

बस और ट्रक चालकों में नए नियमों को लेकर आक्रोश दिखा। ट्रक चालकों के विरोध के चलते वाहनों को खड़ा कर चक्का जाम कर दिया। इससे रोडवेज बस स्टैंड में ट्रक चालकों की हड़ताल से बसें नहीं चल सकीं। यात्री इधर उधर भटकते रहे।भारत सरकार द्वारा पारित नए सड़क कानून के लागू होने से ट्रांसपोर्ट यूनियन और टैक्सी यूनियन के चालकों में आक्रोश हैं। ट्रक यूनियन के बैनर तले चालकों ने कलेक्ट्रेट में जमकर नारेबाजी की और कानून वापस लेने की मांग को लेकर राष्ट्रपति से संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा। क़ानून वापस न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है।

हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मुबीन खान के नेतृत्व में भेजे ज्ञापन में कहा गया कि नए संशोधित कानून की भारतीय संविधान की मूल भावना के सर्वथा विपरीत है। दुर्घटनाएं कारित होने में कोई आपराधिक मानसिकता सोच नहीं रखता है।

आकस्मिक परिस्थितियों में दुर्घटनाएं होती हैं। जिसके लिए चालक ही एक मात्र कारण न होकर विभिन्न आकस्मिक परिस्थितियां जिम्मेदार होती हैं। कहा इस कानून के प्रभावी होने से चालकों में भय व्याप्त है और वह वाहन चलाने से कतरा रहे हैं। ऐसे में चालकों की कमी हो रही है। ट्रांसपोर्टर व्यावसाय जो वर्तमान व्यापार के परिवहन की रीढ़ है समाप्त हो जाएगी। देश में सड़क परिवहन में सामान एक स्थान से दूसरे स्थान नहीं पहुंचने से वस्तुओं की उपलब्धता प्रभावित होने से देश में महंगाई में आशातीत बढ़ोत्तरी हो जाएगी। नए कानून में अधिरोपित दंड व्यवस्था से भागने से अधिकतम दंड से आच्छादित किया है। जिससे चालक अपनी जीवन की सुरक्षा करे या अधिकतम दंड से आच्छादित होने के भय से मोके पर रहकर अपने प्राण कुर्बान कर दे। नए कानून के प्रभावी होने से वाहन चालकों के परिवार में रोजगार व रोजी रोटी की समस्या बढ़ेगी और परिवार बेरोजगार हो जाएंगे। साथ ही वाहन स्वामी भी बेरोजगार हो जाएंगे। इस दौरान रिजवान अली, अहमद अली, कौशलेंद्र, आरिफ खान, इकलाख, दुर्जन वर्मा, अजय कुमार, महेंद्र कुमार सहित अन्य चालक मौजूद रहे। दोनों रोडवेज डिपो की बसें खड़ी रहीं। चक्का जाम से नए साल के पहले दिन ही शहर के साथ मौदहा, सुमेरपुर, कुरारा, राठ, मुस्करा, सरीला व गोहांड समेत कई स्थानों पर वाहनों की हड़ताल से जनता परेशान हो रही है। बस स्टैंड पर खड़े चालकों का कहना है कि वह लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है। प्रशासन या रोडवेज के अधिकारी उनकी मदद नहीं कर पा रहे हैं। कहते हैं कि सड़कों पर ट्रक चालक जगह जगह जाम लगाए खड़े हैं। रास्ते में चालकों के साथ मारपीट की जा रही हैं। लेकिन सुरक्षा के लिए कोई आगे नहीं आ रहा है। इसीलिए मजबूरी में बस नहीं ले जा रहे हैं।

ये नियम हुए लागू

देश में लागू हुए नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ ट्रांसपोर्टर और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर चले गए हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर सात लाख रुपये तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान किया गया है। इसे मार्च में लागू कर दिया जाएगा।

फोटोग्राफर फाउंडेशन ने अपनी मांगों का चार सूत्री ज्ञापन डीएम को सौंपा

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

अधिवक्ता संघ भवन में फोटोग्राफर फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण उर्फ कुंदन निषाद के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक के बाद जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण निषाद के नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी को चार सूत्री मांगों का एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है कि फोटोग्राफी एक कला है इस कला का दर्जा मिलना चाहिए। फोटोग्राफरों का बीमा होना चाहिए, जिससे दुर्घटना या घटना होने के बाद परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके। जिला अध्यक्ष ने कहा कि 40 वर्ष के बाद फोटोग्राफर को पेंशन सुविधा दी जाए। फोटोग्राफर सुरक्षा

अधिनियम बनाया जाए, जिससे फोटोग्राफर के साथ कोई भी बदसलूकी न कर सके। इस मौके पर ईशा स्टूडियो के सुशील कुमार, अवधेश प्रजापति, वीनस स्टूडियो के मोहम्मद यूनुस, प्रिया स्टूडियो के शशि सचान, संगम स्टूडियो, रितिका स्टूडियो के राम प्रकाश, जेके स्टूडियो के जगदीश प्रसाद, वैभव स्टूडियो बंटू, अंजली स्टूडियो के रोहित रमन, आरके स्टूडियो के राजेश कुमार, रविंद्र व किशन ऑपरेटर प्रियंका स्टूडियो, इरफान माही स्टूडियो, निखार स्टूडियो सुमेरपुर कमल गुप्ता, महेंद्र स्टूडियो सुमेरपुर आदि मौजूद रहे।

यूपीयूएमएस कर्मियों के लिए मानव संपदा पोर्टल का शुभारंभ

इटावा, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (यूपीयूएमएस) के सेमिनार हाल में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. प्रभात कुमार सिंह ने मानव संपदा पोर्टल का उद्घाटन किया।

उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि इस नये साल से विश्वविद्यालय के सभी कर्मिकों का वेतन मानव संपदा पोर्टल के जरिये दिया जायेगा। इसके अलावा सभी कर्मियों की ई-सर्विस बुक, अवकाश स्वीकृति, पदोन्नति व वार्षिक

मूल्यांकन रिपोर्ट (एसीआर) आदि भी मानव संपदा पोर्टल से जुड़ जायेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय के कर्मियों के लिए इस सेवा को शुरू करने में युद्ध-स्तर पर पिछले दो महीने में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक शाखा के कर्मियों द्वारा दिन-रात काम किया गया ताकि सभी कर्मिकों का डाटा मानव संपदा पोर्टल पर फीड किया जा सके।विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमाशंकर ने बताया कि विश्वविद्यालय में आज से मानव संपदा पोर्टल पर ही अवकाश हेतु आवेदन स्वीकृत किया जायेगा। मानव संपदा पोर्टल पर अपने अवकाश तथा अन्य सभी जरूरी विवरण कर्मिक आसानी से देख पायेंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए सभी शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मियों को व्यापक ट्रेनिंग दी गयी है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डा. रमाकान्त यादव, कुलसचिव डा. चंद्रवीर सिंह, वित्त अधिकारी जगरोपण राम, संकायाध्यक्ष डा. आदेश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डा. एसपी सिंह, प्रशासनिक अधिकारी उमाशंकर, फैकेल्टी मेम्बर, चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

युवती और महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, रेफर

राठ, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के दो स्थानों पर पारिवारिक कलह के चलते एक महिला और एक युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर सीएचसी ले जाया गया। जहां गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मझगवां थाने के गोहानी गांव निवासी अशोक कुमार की 21 वर्षीया पत्नी शिवानी ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी तरह मझगवां थाने के टोलारावत गांव निवसी केशकुमार की 21 वर्षीया पुत्री छाया ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय की निःशुल्क ओपीडी में 60 का हुआ उपचार

इटावा, समृद्धि न्यूज।

चौधरी शंकर दयाल दीक्षित स्मारक संस्थान की संस्थापक सदस्य श्रीमती उत्तरा दीक्षित के जन्मदिन के उपलक्ष में नव वर्ष 2024 के प्रथम दिवस सोमवार को राहतपुर स्थित श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय में ओपीडी निशुल्क रखी गई जिसमें 60 लोगों ने अपना उपचार कराया इनमें चिन्हित हुए मोतियाबिंद के 20 मरीजों के निशुल्क ऑपरेशन भी अस्पताल के कुशल नेत्र चिकित्सकों द्वारा किए जायेंगे।

इसकी जानकारी देते हुए

चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि कड़ाके की सर्दी के बावजूद सुदूर क्षेत्रों से आए सभी लोगों का डा. आरकेएस भदौरिया ने अपनी चिकित्सीय टीम के साथ नेत्र परीक्षण किया, उनके चश्मे की जांच के साथ दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गई। इस अवसर पर सभी को गर्मागर्म चाय भी पिलाई गई। अस्पताल संचालन व्यवस्था से जुड़े संस्थान के अध्यक्ष डॉ. विद्याकांत तिवारी, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, विनोद त्रिपाठी, केके त्रिपाठी, आचार्य महेश तिवारी, घन श्याम तिवारी, महेश चंद्र बाथम, हरिदत्त दीक्षित, धीरज अग्निहोत्री, डा. आशीष दीक्षित ने संस्थान की सदस्य श्रीमती उत्तरा दीक्षित को जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की। संस्थान के मंत्री राजेंद्र दीक्षित ने सभी का आभार जताया।

नई साल के पहले दिन दिखलाई दिए स्वागत उत्साह के विविध रंग

- जगह-जगह दिन भर चला बधाइयां और शुभकामनाएं देने का सिलसिला
- रंगारंग कार्यक्रमों के साथ नए साल के उत्साह में सराबोर दिखे लोग

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

रविवार की रात 12 बजे के बाद से ही नए साल का उत्साह लोगों के सर पर कुछ इस कदर चढ़ा की सोमवार की सुबह से देर शाम तक यहा बधाइयां और शुभकामनाएं देने का सिलसिला बदस्तूर जारी रहा। जगह-जगह रंगारंग विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए तो वही लोगों ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर उन्हें गुलाब के फूल देकर नए वर्ष की खुशियां साझा की। रविवार की शाम लोगों का उत्साह नए वर्ष के आगमन को लेकर कुछ इस कदर देखने को मिला की शाम ढलने के बाद जैसे-जैसे घड़ी की सुइयां मध्य रात्रि के 12 बजे के पास आकर ठहरी वैसे ही लोगों में उत्साह का संचार चरम सीमा पर पहुंच गया और लोगों ने पटाखे छुड़ाते हुए नए साल का स्वागत पूरे जोश और उत्साह के साथ किया।

नगर के न्यू मंगलम स्थित सभागार में अखिल भारतीय पुरवार पोरवाल महिला सभा के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें महिला सभा की जिला अध्यक्ष श्रीमती तृप्ति पुरवार, श्रीमती मनोरमा पुरवार रश्मि पुरवार, कविता पुरवार, डॉ. राधा पुरवार, डॉ. अलका रानी पुरवार, डॉ. सक्षम पुरवार सुमन पुरवार रंजन पुरवार रेखा पुरवार सुधा पुरवार ने मंच पर समाज के बच्चों द्वारा प्रस्तुत विविध रंगारंग कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करते हुए उनकी हौसला अफजाई की देर रात तक चला यह कार्यक्रम बेहद आकर्षक का केंद्र रहा आर्केस्ट्रा कलाकारों ने भी नए वर्ष के स्वागत में उत्साह से एक से बढ़कर एक सुंदर नगमे सुनाए। वहीं सोमवार की सुबह से नगर का माहौल बेहद ही गर्म जोशी से भरा हुआ दिखाई दिया जब सुबह से ही जगह-जगह लोग एक दूसरे को नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए नजर आए इस दौरान फूलों के आदान-प्रदान का सिलसिला भी बदस्तूर चला और लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। नए वर्ष का उत्साह सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं के दफ्तरों में भी देखने को मिला जहां छोटे बड़े सभी लोगों को पूरे उत्साह के साथ हैप्पी न्यू ईयर बोलते नजर आए निजी शिक्षण संस्थानों में विविध रंगारंग कार्यक्रमों के बीच बच्चों ने नए वर्ष के स्वागत के लिए अपनी अभिव्यक्तियां की तो वहीं शिक्षकों ने बच्चों को नए साल पर मेहनत लगन और निष्ठा के साथ पढ़ाई करते हुए प्रगति के रास्तों पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी।

व्हाट्सएप मैसेंजर, इंस्टाग्राम,फेसबुक पर चला शुभकामनाओं का सिलसिला

उरई। नए वर्ष का उत्साह मोबाइल पर व्हाट्सएप मैसेंजर इंस्टाग्राम और फेसबुक पर भी कुछ इस तरह से देखने को मिला जब लोगों के मोबाइल दिन भर व्यस्त बने रहे बच्चे युवा और बुजुर्ग सभी ने मोबाइल के विभिन्न सोशल प्लेटफार्म पर जमकर शुभकामनाएं एक दूसरे को प्रदान की कुल मिलाकर नगर में इस बार 2024 नई साल के उत्साह के अद्भुत नजारे देखने को मिले।

साहित्यकारों ने साहित्यिक अंदाज में दी शुभकामनाएं

उरई। नए साल पर नगर में साहित्यकारों का एक वर्ग ऐसा भी रहा जिसने एक दूसरे को शुभकामनाएं देने के लिए साहित्यिक अंदाज को ही अपना माध्यम बनाया और दिनभर जगह एक दूसरे के घरों में जाकर मेल मिलाप के साथ-साथ काव्य में शुभकामनाओं का आदान-प्रदान होता रहा।

बुनियादी सुविधाओं में आ रही अड़चनों को लेकर लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने सौंपा ज्ञापन

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने आम जनमानस की बुनियादी सुविधाओं में आ रही अड़चनों को लेकर जिला अधिकारी बलरामपुर को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार को सौंपा ।

दिए गए पत्र में कहा है कि तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सैकड़ो गावों की सरकारी निःशुल्क खाद्यान्न व्यवस्था तहसील में स्थिति आपूर्ति निरीक्षक कार्यालय से होती है पर हालात ये है कि न किसी पात्र व्यक्ति का नया राशन कर्ड बन पा रहा है ना ही पुराने बने राशन कॉर्ड में पात्र परिवारों के नाम बढ़ पा रहे है जिसके चलते गरीब परिवार आयुष्मान कॉर्ड का लाभ लेने से वंचित रह जाता है वहीं नाम जोड़ने के लिए कर्मियों द्वारा 500 से 1000 रुपया तक सुबिधा शुल्क लिया जाता है इसी तरह बिजली उपभोक्ताओं के घर जा कर मीटर रीडिंग कर रहे कर्मी मन माने ढंग से बिल की रीडिंग करते हैं जिससे बैलेन्स यूनिट अचानक बिल में बढ़ने से उपभोक्ताओं की समस्या बढ़ जाती है कार्य दायीं संस्था द्वारा मीटर रीडिंग मन माने ढंग से करने के बाद सही करने के लिए सुविधा शुल्क की मांग करते है । सरकार द्वारा ग़रीबो को मुफ्त इलाज की ब्यवस्था आयूष मान कॉर्ड के माध्यम से दी जा रही है उनमे आवश्यक है कि पात्र के पास राशन कॉर्ड हो 6 युनिट हो ऐसे में कई परिवारों के पास पात्र गृहस्थी होने के बावजूद उसमे 6 युनिट न होने से गम्भीर मरीजो का भी आयूष मान कार्ड नही बन पा रहा है श्री इरशाद ने ऐसे भ्रष्ट अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध जांच कराने एवं दोषी पाए जाने पर उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने की मांग की है।

खबरें एक नजर में

ईस्ट सेंट्रल रेलवे पेंसेनर्स वेलफेयर एसोसिएशन शाखा चोपन वन का हुआ गठन

चोपन/ सोनभद्र। यह प्रायः देखा गया है कि सेवानिवृत्त रेलकर्मी अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर काफी परेशान रहते हैं। चाहे पेंशन की गड़बड़ी हो या स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं। अपनी लंबी रेलसेवा के दौरान जिन साथियों के साथ उन्होंने नौकरी की, सुख दुःख बांटे, यह सब पीछे छूटता चला जाता है। कुछ साथियों को अकेलापन झेलना पड़ता है। नौकरी के दौरान तो अधिकतम समस्याओं का निराकरण यूनियन के साथियों के सहयोग से हो जाया करती थीं। लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद ज्यादातर साथी यूनियन के पास अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच नहीं पाते हैं, क्योंकि सेवानिवृत्त साथी यूनियन के सदस्य नहीं रह जाते हैं। यूनियन के अधिकारी भी पूरे समर्पण के साथ सहयोग नहीं कर पाते हैं। हालांकि ईसीआरकेयू ने बहुत से सेवानिवृत्त साथियों को भी सहयोग कर उनकी समस्याओं का समाधान किया है। सेवानिवृत्त साथियों की समस्याओं का समाधान आसान हो सकता है यदि सभी साथी एक मंच पर आ जाएं। इसके लिए रेलकर्मियों के सबसे बड़े संगठन ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन के दिशा निर्देश में ÷ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन का गठन कर भारत सरकार से इसका विधिवत निबंधन कराया गया है। यह संगठन जोनल स्तर से लेकर स्थानीय स्तर तक ईसीआरकेयू द्वारा संचालित किया जा रहा है। कल दिनांक 31.12.2023 को चोपन शाखा के शाखा सचिव उमेश कुमार सिंह के द्वारा सभी पेंसनर को यूनियन कार्यालय में सम्मान पूर्वक बुलाकर ÷ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन ÷ का स्थानीय स्तर पर गठन किया गया जिसके शाखा अध्यक्ष शाम लाल पाठक, शाखा कार्यकारणी अध्यक्ष पी पी केशरी, शाखा उपाध्यक्ष एस एन प्रसाद और भैया लाल, शाखा सचिव एम पी राय, सहायक शाखा सचिव आर के लाल और आर एस गिरि, कोषाध्यक्ष हीरालाल वर्मा तथा शाखा संगठन सचिव श्री सुरेन्द्र प्रसाद को बनाए गए है। मौके पर शाखा अध्यक्ष शाम लाल पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी सेवानिवृत कर्मचारियों को बुलाकर जिस तरह सम्मानित किया गया है उससे हम सभी बहुत प्रफुल्लित हुए हैं और आप सभी का आभार प्रकट करते हैं। हम सभी को तो सिर्फ सम्मान ही चाहिए। इससे हमारी सक्रियता भी बढ़ेगी। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए शाखा सचिव एम पी राय ने भी आभार प्रकट किया और कहा कि कार्यरत रेलकर्मियोंके के जोश और हमारे अनुभव से इस संगठन को और ऊंचाई पर ले जाने के लिए हम अपनी पूरी ऊर्जा लगा देंगे। ई सी आर के यू चोपन शाखा के शाखा सचिव श्री उमेश कुमार सिंह के साथ शाखा कार्यकारणीय अध्यक्ष एस के सिंह, कोषाध्यक्ष कपिल कुमार, क्रांति कुमार ज्वाला प्रसाद, रोमी गिरि ने सबको पुष्पहार पहना कर स्वागत एवं सम्मानित किया। उन्होंने सेवानिवृत्त साथियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि युवाओं की शक्ति और सेवानिवृत्त साथियों का अनुभव संयुक्त रूप से काम करेंगे तो कामयाबी जरूर मिलेगी।

उतरौला विकास मंच अध्यक्ष आदिल हुसैन ने मंडलायुक्त को भेजा पत्र

उतरौला (बलरामपुर)। उतरौला विकास मंच अध्यक्ष आदिल हुसैन ने मंडलायुक्त को पत्र भेज कर रासी नदी के पिपरा घाट पर क्षतिग्रस्त पुल का मरम्मत कराए जाने तथा बरदही बाजार तिराहा से शक्तिपीठ देवी पाटन जाने वाले जर्जर मार्ग को पुनः निर्माण कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि देवीपाटन शक्तिपीठ तक उतरौला से जाने वाली मार्ग पर पिपरा घाट का पुल रासी नदी के बीचों बीच बना हुआ है। शुगर मिल जाने वाले ओवरलोड गन्ने से लदे ट्रक ट्रैक्टर प्रतिदिन इसी क्षतिग्रस्त पुल से गुजरते हैं जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। पुल का छत टूट कर सरिया बाहर आ गया है। प्रतिदिन इसी मार्ग से श्रद्धालु भी देवीपाटन मंदिर दर्शन करने आते जाते रहते हैं। लोक निर्माण विभाग क्षतिग्रस्त पुल को ठीक करने का कोई ठोस उपाय नहीं कर रहा है।

हुजूर कायदे मिल्लत की आमद हुई चोपन की सरजमीं पर

चोपन/सोनभद्र। रविवार की देर रात खानकाहे कादरिया रिज़विया ताजुशरिया के सज्जादा नशीन हज़रत अल्लामा व मौलाना मुफ्ती असजद रजा खान की आमद चोपन के जामा मस्जिद में हुई जिनके साथ काफिले के रुप मे सोनभद्र और बनारस के औलमा भी शरिक हुए हजरत मस्जिद में तशरीफ लाये जहां उन्होंने पर्दा नसीन मां बहनों व मर्द हजरात को अल्लाह रब्बुल आलमीन के नेक राहों पर चलने की सलाह दी । जहां चेयरमैन उस्मान अली, सदर सरफराज अहमद व सेक्रेटरी महफूज़ आरीफ ने उनको माला व अंगवस्त्र पहनाकर इस्तेकबाल किया। तत्पश्चात मुफ्ती असजद रजा खान की अनुयायी के रूप में कसीर तदाद में पर्दा नसीन मां बहनों और मुस्लिम बन्धुओं ने हजरत के सिलसिले इरादत मे दाख़लि हुए। जहां पूरी मस्जिद खचाखच भरी हुई थी । इस मौके पर मौलाना अंसार रजा बनारस, मौलाना शफीक अजमल, कारी सैफूल मलिक, मौलाना शगीर साहब क़िब्ला,जामा मस्जिद के नायब सदर नाजिम खान, ईदू भाई , चिराग अली, जामा मस्जिद के पेश इमाम सद्दाम हुसैन कादरी, परवेज साहब क़िब्ला व सैकड़ों की संख्या में लोग बाग उपस्थित रहे।

पुलिस ने 01 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा के साथ एक को किया गिरफ्तार

चोपन, सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों व मादक पदार्थों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चोपन पुलिस द्वारा सोमवार को परासपानी तिराहे से अभियुक्त सोनू पुत्र सुरेन्द्र घसिया उर्फ सुलेन्दर निवासी भिलाई बन्धा घसिया बस्ती थाना रावर्ट्सगंज को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक सफेद झोले में कुल 01 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार किए गए युवक के विरुद्ध अन्य थानों में भी पूर्व में 4 मुकदमे भी दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह, उ0नि0 मु0 मेराज खाँ,उ0नि0 रवीन्द्र नाथ पाण्डेय, कांस्टेबल तेज बहादुर मौजूद रहे।

राम विवाह का मंचन देखकर श्रद्धालु हुए भाव विभोर लगे जय श्री राम के जयकारे

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

तुलसीपुर तहसील क्षेत्र के पिपरा दुर्गानगर गांव में नव वर्ष की शाम गांव के कलाकारों द्वारा आयोजित राम-सीता विवाह का मनमोहक मंचन देख श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। राम विवाह के प्रसंग में माता सीता के स्वयंवर में बड़े-बड़े राजा, महाराजा, राजकुमार और योद्धा शामिल हुए। सभी ने स्वयंवर की शर्तो के मुताबिक शिव धनुष को उठाने की भरपूर कोशिश की। लेकिन उठाना तो दूर, इसे कोई इसे हिला तक न सका। अंत में श्रृषि विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्री राम उठे और धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने की कोशिश की, इतने में धनुष टूट गया। धनुष टूटने और श्रीराम के गले में सीता के वरमाला डालते ही आकाश मार्ग से सभी देवताओं ने पुष्पवर्षा प्रांरभ कर दिया। पूरे पांडाल में हर ओर राम और सीता की जय जयकार होने लगी। शिव धनुष टूटने का संकेत मिलते ही परशुराम अत्यंत क्रोधित हो उठे और वह राज दरबार में पहुंच गए। परशुराम व लक्ष्मण के बीच तीखे संवाद से रामलीला प्रेमी रोमांचित हो उठे। अंत में राम की विनम्रता देखकर परशुराम काफी प्रभावित हुए । रामलीला में धनुष यज्ञ व रामसीता विवाह की इस लीला को देखने के लिए आसपास के गांवों के लोगों की भारी भीड़ देर रात तक जुटी रही है। इस दौरान ग्राम प्रधान नीरज कुमार मिश्रा, चमन तिवारी, बबलू मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता चित्रकूट वर्मा, बिंदु लाल मिश्रा, राम उजागर, कोटेदार शिवकुमार, संजय गुप्ता, दीपू वर्मा, गिरवर प्रसाद वर्मा आदि लोग मौजूद रहे । राम विवाह कार्यक्रम का ग्राम प्रधान नीरज कुमार मिश्रा ने फीता काटकर वह श्री राम और सीता के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। सभी को जागरुक करते हुए कहा कि श्री राम विवाह का मंचन सभी के जनसहयोग से किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म और अध्यात्म से जुड़ा व्यक्ति ही एक सभ्य समाज व राष्ट्र को मजबूत कर उन्नति के पथ पर ले जा सकता है। वह सदैव जनकल्याण एवं सामाजिक सरोकार से जुड़ा रहता है। धार्मिक व आध्यात्मिक व्यक्ति नैतिक व सदाचारी होता है।

केक काटकर युवाओं ने नये वर्ष का किया स्वागत

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज

बीते साल को विदा व नए साल का स्वागत इसको लेकर नव वर्ष की पूर्व संध्या पर लोगों विशेषकर युवाओं में अभूतपूर्व उत्साह दिखा। नए साल का स्वागत करने के लिए पार्टियों का आयोजन हुआ। युवाओं ने डीजे की धुन पर डांस कर तथा केक काट कर आने वाले साल का स्वागत किया।

रविवार को नव वर्ष की पूर्व संध्या पर लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। नव वर्ष का जश्न मनाने की कई दिन से चल रही तैयारियां धरातल पर उतरीं। नए साल के स्वागत का जश्न मनाने को लेकर युवाओं में खासा क्रेज दिखा। खराब मौसम व कपाने वाली ठंड के बाद भी युवा घरों से निकले तथा पार्टी की तथा केक काट कर नये साल का स्वागत किया तथा लोगों को शुभकामनाएं दी। नये साल के मौके पर लोगों ने अपने दोस्तों व संबंधियों के लिए उपहार खरीदे। युवाओं को आकर्षित किया जा सके इसके लिए होटल और रेस्टोरेंट को आकर्षक ढंग से सजाया गया। मौके पर कोई दिक्कत नहीं आए इसके लिए सभी होटलों के हॉल व लॉन पहले से बुक थे। होटलों को रंग बिरंगे गुब्बारे और रोशनी से सजाया गया था। कई होटलों में डीजे व साउंड की व्यवस्था भी रही। गिफ्ट शॉप्स में खरीदारों की भीड़ उमड़ी। नगर क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण इलाके तक हर जगह उत्साह और उल्लास दिखा। युवा वर्ग सर्वाधिक उत्साहित नजर आया।नगर में स्थित फूलों की दुकान पर तरह-तरह के फूल सजे दिखे। बाजार में गुलाब और अन्य फूलों की भरमार दिखी। नए साल के जश्न को खास बनाया जा सके इसके लिए तरह-तरह के गुलाब के फूल की भी बाजार में खासी मांग रही। फ्लावर डेकोरेशन का काम करने वालों के अनुसार साल के अंतिम दिन का रोजगार इतना अच्छा रहा कि नए साल का उत्साह दोगुना हो गया।

पुराने भवन राजस्व विभाग से न्याय विभाग को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया लम्बित

उतरौला(बलरामपुर)। परगना मजिस्ट्रेट उतरौला के पुराने न्यायालय भवन का राजस्व विभाग से न्याय विभाग को बीसों वर्षों में हस्तानांतरण नहीं हो सका। इस भवन के हस्तांतरण की प्रक्रिया शासन में लम्बित हैं। भवन का हस्तांतरण न होने से न्याय विभाग का न्यायालय भवन नहीं बन सका है। मजबूरन न्याय विभाग का न्यायालय भवन अधिवक्ता संघ उतरौला के कार्यालय भवन में चल रहा है।

परगना मजिस्ट्रेट उतरौला का न्यायालय मुंसिफ न्यायालय उतरौला परिसर में काफी अर्से से चल रहा था। शासन ने करोड़ों रुपए की लागत से तहसील भवन का निर्माण कराया और नवनिर्मित तहसील भवन में परगना मजिस्ट्रेट उतरौला का न्यायालय स्थानान्तरित हो गया। उसके बाद परगना मजिस्ट्रेट उतरौला का पुराना न्यायालय भवन खाली हो गया। परगना मजिस्ट्रेट उतरौला का पुराना न्यायालय भवन खाली हो जाने पर तत्कालीन मुंसिफ मजिस्ट्रेट उतरौला ने पुराने भवन को न्याय विभाग को स्थानांतरित करने के लिए जिला जज को पत्र लिखा था। उन्होंने उतरौला में मुंसिफ न्यायालय की कमी को देखते हुए इसी भवन का निर्माण कराकर न्यायालय भवन बनाने का प्रस्ताव भेजा। उधर परगना मजिस्ट्रेट उतरौला के पुराने न्यायालय भवन को न्याय विभाग को हस्तांतरित करने के लिए अधिवक्ता संघ उतरौला ने कई ज्ञापन जिला जज को सौंपा। तत्कालीन जिला जज ने सभी रिपोर्ट व ज्ञापन को शासन को कार्यवाही के लिए भेज दिया। उसके बाद पुराने भवन राजस्व विभाग से न्याय विभाग को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया लम्बित है। भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने तीन वर्ष पहले शासन को पत्र लिखकर परगना मजिस्ट्रेट उतरौला के पुराने न्यायालय भवन को हस्तांतरित करने के लिए पत्र लिखा था। इधर अधिवक्ता संघ उतरौला ने भी कई मांग पत्र जिला जज व न्याय विभाग व राजस्व विभाग को भेजा है।

बसंत लाल स्मारक इंटर कॉलेज के थारू छात्रों ने किया आगरा का शैक्षिक भ्रमण

- प्रश्न पूछ कर शांत किए अपनी जिज्ञासा

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

बसंतलाल स्मारक इंटर कॉलेज बालापुर जरवा थारू जनजाति छात्रों ने आगरा, फतेहपुर सिकरी के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। शैक्षिक भ्रमण में बच्चों ने आगरा का ताजमहल, बुलंद दरवाजा, दयालबाग आदि स्थलों का भ्रमण कर उनके ऐतिहासिक महत्व को जाना। विद्यालय संस्थापक विवेक कुमार ने कहा कि ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण से बच्चों को ज्ञान अर्जित करने के साथ-साथ देश-विदेश की विभिन्न संस्कृतियों को देखने का मौका मिलता है। विद्यालय के शैक्षणिक प्रशासक वैभव कुमार ने बताया कि छात्रों ने भ्रमण के दौरान फतेहपुर सीकरी में स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक इमारत बुलंद दरवाजा का भ्रमण किया है। छात्रों ने यहां की भौतिक सुंदरता के साथ-साथ संस्कृति को भी जाना और समझा। भ्रमण में वरिष्ठ अध्यापक रामधर दुबे,आरती तिवारी, पूजा गुप्ता व छात्र छात्रा अरविंद, पीयूष , सुमित, विनय यादव, नौमान, रितेश, कुणाल चौधरी, फरजाना खान, वंदना, फिरोज आलम, रतनलाल प्रजापति, विकास गुप्ता, वार्षिक ,श्वेता, निशा, छोटी कुमारी ,शीतल कुमारी, कल्पना कुमारी ,आर्यन यादव ,अर्जुन कुमार, अबू तालिब, अनीस , शाकिब, दिलशाद, शुभम आदि थारू छात्र छात्राओं ने क्षेत्रीय लोगों व गाइडों से प्रश्न पूछ-पूछ कर अपने ज्ञान को निखारा और अपनी जिज्ञासा को शांत किया। सभी छात्रों ने एक सुर में कहा कि हमें भ्रमण में बहुत आनंद आया।

आस्था का हुआ लेखपाल पद पर चयन, गांव में खुशी की लहर

आटा (जालौन)। ग्रामीणांचल में भी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है इस बात को धरातल पर उतारने वाली प्रतिभाशाली छात्रा आस्था पोरवाल ने अपनी मेहनत से करके दिखला दिया है। उसने यूपीएसएसएससी परीक्षा पास कर लेखपाल पद पर उसका हुआ है। उक्त जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को पता चली तो उनमें खुशी की लहर दौड़ गयी।

बताया जाता है कि ग्रामीणांचल में कमल स्वरूप पोरवाल के घर जन्मी आस्था ग्राम आटा की रहने वाली है। उसने अपनी मजबूत लगन व इच्छाशक्ति के चलते पिछले दिनों यूपीएसएसएससी परीक्षा दी थी उसका जब रजिल्ट आया तो वह पास हो गयी साथ ही उसका लेखपाल के पद हो गया। गांव की बेटी आस्था की सफलता के बारे में जैसे ही लोगों को पता चली तो पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गयी।

नए एमबी एक्ट को लेकर दूसरे दिन भी चालकों ने जाम लगा जताया विरोध

- चौबीस घंटे में दूसरी बार कानपुर-झांसी हाइवे पर लगी वाहनों की लाइनें
- जाम खुलवाने में कई थानों की पुलिस को उतारा गया मैदान में

कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज

नव वर्ष पर बाहर जाने का इरादा हो तो कृपया यह कदम सोच समझकर ही उठाये क्योंकि एमबी एक्ट के नये प्रावधानों से वाहन चालक नाराज है और वह कब और कहा चक्का जैम कर दे इसका कोई भरोसा नहीं है आलम यह है कि 24 घंटे में दो बार हाईवे जैम हो चुका है।

मालूम हो कि केन्द्र सरकार ने गत दिनों आईपीसी सीआरपीसी में संशोधन किया है जिसमें कई धाराओं को खत्म किया गया है तो कुछ को कडा कर दिया गया है और इसी में हिट एण्ड रन मामला शामिल हैं जिसमे नये प्रावधान के तहत अगर किसी वाहन चालक की टक्कर से किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है और वाहन चालक वाहन लेकर भाग जाता है तो उसको 10 साल कैद और 7 लाख तक जुर्माना देना पड़ सकता है और यह कानून 8 जनवरी से लागू हो जायेगा। लेकिन वाहन चालकों ने इस कानून को गलत बताकर विरोध शुरू कर दिया है और ट्रांसपोरटर भी उनके साथ खड़े हो गये हैं इस कानून में बदलाव की मांग को लेकर वाहन चालकों ने विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है आलम यह है कि रविवार को ट्रक चालकों ने कोतवाली सीमा में स्थित हाईवे पर वाहनों को आड़ा तिरछा खड़ा कर दिया था जिससे वाहनों की कई किलोमीटर तक कतार लग गयी थी। आवागमन बाधित होने पर प्रशासन में खलबली मच गयी थी आनन फानन प्रशासनिक अफसरों ने कई थानों की पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर जैम खुलवाया था। हालांकि यातायात सामान्य होने में शाम हो गई थी लेकिन सोमवार को फिर वाहन चालकों ने आटा थाना क्षेत्र में यातायात बाधित कर दिया था जिसे सामान्य कराने में पुलिस को अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ी थी लेकिन इसका असर अब हाईवे पर दिखाई देने लगा और इक्का दुक्का वाहन ही गुजर रहे हैं। ट्रक संचालक रामजी सिंह, राहत खान, माजिद हुसैन नीलू तिवारी आदि के अनुसार यह कानून वापस नहीं हुआ तो उन्हें चालक नही मिलेंगे आलम यह है कि उनके चालक वाहन खड़ा कर भाग गये हैं जिसका असर संचालकों की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। सूत्रों की माने तो वाणिज्यिक वाहनों के साथ निजी वाहन चालक भी अपनी नौकरी छोड़ने का मन बना रहे है। कार चालक दीपू सिंह, भूरा अन्सारी, के अनुसार 7 लाख जुर्माना भरने की स्थित अगर होती तो वह किसी का वाहन क्यों चलाते साथ ही अगर उन्हें दुर्घटना में 10 साल की सजा हो गई तो उनके परिवार का भरण पोषण कैसे होगा। वाहन चालकों ने स्पष्ट किया है कि अगर यह कानून वापस नही हुआ तो वह वाहन चलाना छोड़ देंगे। वही सूत्रों की मानें तो वाहन चालकों का यह प्रदर्शन पूरे देश में चल रहा है जिसके और उग्र होने के आसार है और जिसका असर वाहनों की आवाजाही पर पड़ सकता है।

शीतलहर के प्रकोप से इंसान ही नहीं पशु, पक्षी हो रहे बेहाल

जालौन (उरई)। सर्दी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ रही है। सोमवार को भी गलन भरी सर्दी से लोगों को जूझना पड़ा। सुबह जबरदस्त ठंड के चलते लोग देर तक रजाइयों में दुबके रहे। पशु पक्षियों को भी सर्दी बढ़ने से दिक्कत होने लगी है। सोमवार को शीतलहर और घने कोहरे के चलते लोग देर सुबह तक बिस्तरों में ही दुबके रहे। शीतलहर का असर पूरे दिन रहा। इस दौरान तेज हवाओं के चुभते नश्तरों से लोगों का हाल-बेहाल हो गया। शीतलहर से घरों के भीतर भी ठिठुरन और गलन हो गई। गर्म कपड़ों में लिपटे होने के बावजूद सर्दी का असर कम पड़ता दिखाई नहीं दिया। शीतलहर के असर के चलते बाजार भी अन्य दिनों की अपेक्षा देरी से खुले और शाम को भी दुकानदारों के जल्दी घर लौटने से अधिकांश बाजार जल्दी बंद हो गए। लगातार बढ़ रही सर्दी से जनजीवन अस्त व्यस्त होता नजर आ रहा है। वहीं, ठंड बढ़ने के साथ ही गर्म कपड़ों, गीजर, रूम हीटर का बाजार गर्म हो उठा है। बीते चार पांच दिनों से कोहरे के साथ सर्दी बढ़ी है। दो दिनों से लोगों को सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए हैं।

कार्यालय ग्राम पंचायत बाजीदपुर वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0प0/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 01/01/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बाजीपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 02/01/2024 से 08/01/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 08/01/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0प0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

क्र.स	कार्य का नाम	सामग्री लागत (लाख रु0 में)	जमानत धनराशि	टेण्डर मूल्य
1-	सौदान सिंह के घर से रामप्रकाश घर होते हुए साधु की जगह तक मिट्टी व इंटरलाकिंग कार्य	6.52 लाख	2 प्रतिशत	500
2-	केशराम के घर से श्याम बाबू के खेत तक नाली निर्माण कार्य	3.64 लाख	2 प्रतिशत	500
3-	संजीव के घर से यशपाल के घर तक दोनों तरफ नाली व मिट्टी इंटरलाकिंग कार्य	5.40 लाख	2 प्रतिशत	500

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(हरि विनोद) प्रधान, बाजीदपुर, शमशाबाद

(देव शर्मा) सचिव,बाजीदपुर, शमशाबाद

भीमाकोरे गांव शौर्य दिवस बहुजनों का इतिहास है: छविराम

ग्राम मक्कापुर्वा मे आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के तत्वावधान में आयोजित हुआ शौर्य दिवस कार्यक्रम

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

जिले के ग्राम मक्कापुर्वा मे आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के तत्वावधान में भीमाकोरे गांव शौर्य दिवस सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने शौर्य दिवस के योद्धाओं को नमन किया। इस अवसर पर जनसभा को सम्बोधित करते हुए मण्डल उपाध्यक्ष छविराम जाटव ने कहा कि भीमाकोरे गांव बहुजनों की निशानी है और समाज को वोट के प्रति जागरूक किया। वहीं मण्डल उपाध्यक्ष हर्षित गौतम ने सम्बोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों को शिक्षित अवश्य करें। शिक्षा से ही आप समाज में सम्मान पा सकते हैं। भीम आर्मी जिला अध्यक्ष वीरू खरे ने कहा कि भीम आर्मी गांव गांव मे भीम आर्मी पाठशाला खोलने का कार्य कर रही है। बच्चों को महापुरुषों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि आज हमारे समाज को गौरवान्वित करने का दिन है। आज के ही दिन मान सम्मान स्वाभिमान की खातिर भीमाकोरे गांव में 500 महारो ने 28000 पेशवाओं को धूल चटा दी थी।

उन्होने बीजेपी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार में दलितों, महिलाओं और मुस्लिमो पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहा है। भाजपा भारत का लोकतंत्र खत्म करना चाह रही है। कहा कि अगर लोकतंत्र को बचाना है तो पूरे विपक्ष को एकजुट होने की जरूरत है। श्री गौतम ने लोगों से आवाह्न करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी को सत्ता से उखाड़ फेंकना है। इस मौके पर जिला प्रभारी पातीराम बौद्ध, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र गौतम, अखिलेश कबीर, सर्वेग्य गौतम, अवतार, विधानसभा अध्यक्ष नेम सिंह, कुलदीप, धंनजय दिवाकर, अजीत कठेरिया, यशपाल भारती, गुड्डू कठेरिया, आंशिक, शनी, ओमप्रकाश, रामबाबू आदि मौजूद रहे।

कड़ाके की ठंड से ठिठुरे लोग कोहरे ने बढ़ाई मुसीबत

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

पिछले कई दिनों से सर्दी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। सुबह से लेकर रात तक पड़ रही कड़ाके की सर्दी व कोहरे ने लोगों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। कोहरे की धुंध में जहां वाहन रेंगते हुये निकलने का मजबूर हैं, तो वहीं ट्रेनों के पहियों में भी ब्रेक लग रहे हैं।

दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह से सर्दी ने अपना कड़ा रूख अपना रखा है। नव वर्ष के आगमन पर सर्दी पूरे शबाव पर है। सुबह-शाम भीषण कोहरा और सर्दी की गलन से लोग ठिठुर रहे हैं। रात के आठ नौ बजते ही लोग घरों में दुबकने लगते हैं। पालिका की ओर से केवल कुछ स्थानों पर ही अलाव की व्यवस्था कराई गई है। इसके अलावा अन्य जगहों पर कोई भी अलाव की व्यवस्था नहीं कराई गई है। जिससे प्रमुख चौराहों पर लोग कागज और कूड़ा इकट्ठा कर जला कर ताप रहे हैं। सोमवार को सुबह से शाम तक आसमान में कोहरे की धुंध छाई रही। दोपहर में कुछ देर के लिये सूरज की किरणें जरुर दिखी। वह भी नाकाफी साबित रही। शाम होते ही इतना घना कोहरा छा गया। पास से निकलने वाले वाहन कई बार टकराते बचे। लोगों ने हेड लाइट में पीली पन्नी लगा रखी थी। जिससे दूसरा वाहन चालक दूर से रोशनी देख सके और दुर्घटना न हो सके। वहीं दोपहिया और चौपहिया वाहन रेंगते हुये नजर आये। इसके अलावा ट्रेनें भी कोहरे के चलते रेंगते हुई निकली।

सख्त कानून के खिलाफ ऑटो चालकों ने वाहन खड़े कर किया प्रदर्शन

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज

हिट एंड रन केस में वाहन चालकों के खिलाफ बनाए जाने वाले सख्त कानून के खिलाफ ऑटो चालकों ने अपने वाहन खड़े कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान करीब आधा घंटे तक ऑटो का संचालन बद रहा।

हिट एंड रन केस में केंद्र सरकार द्वारा लागू किए जा रहे नए कानून के खिलाफ वाहन चालकों में रोष है। सोमवार की दोपहर ऑटो ऑटो चालकों की मानव सेवा समिति के तत्वावधान में ऑटो चालक कोंच चौराहे पर एक मैदान में एकत्रित हुए। जिसमें अध्यक्ष सुधीर कुमार पांडेय ने कहा कि कोई भी वाहन चालक नहीं सोचना है कि उसके वाहन से एक्सीडेंट हो। अकस्मात ही कोई दुर्घटना घटित होती है। भीड़ अधिक बढ़ने पर वाहन चालकों को अपनी जान बचाने के लिए मौके से निकलना भी पड़ता है। ऐसे में सरकार जो कानून ला रही है उसमें दिहाड़ी मजदूर की तरह काम करने वाले वाहन चालक कैसे लाखों का जुर्माना भर सकते हैं। इसके अलावा 10 साल की सजा में उसका जीवन ही बर्बाद हो जाएगा। यदि इतने ही रुपये उसके पास हों तो वह कोई अन्य काम काम कर सकता है। सरकार वाहन चालकों के हितों का जरा भी ध्यान नहीं रख रही है। सरकार को ऐसा कानून वापस लेना चाहिए। ऑटो चालकों का यह विरोध प्रदर्शन करीब आधा घंटे तक चला। इसके बाद ऑटो चालक काम धंधे पर लौट गए। इस मौके पर अशोक कुशवाहा, खलील अहमद, अमित साहू, लल्लू राईन, प्रमोद, श्यामवीर, जब्बार, सुरेश, गुलाब सिंह आदि मौजूद रहे।

नव वर्ष पर कोतवाली में डेढ़ सैकड़ा निराश्रितों को बांटे कम्बल

कालपी (जालौन)। कोतवाली सभागार में नव वर्ष पर कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें असहाय व निराश्रित लोगों को कम्बल एवं मिष्ठान वितरित किया गया। सोमवार को उप जिलाधिकारी हेमन्त पटेल, सीओ डा. देवेंद्र पचौरी की मौजूदगी में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में लगभग डेढ़ सैकडा लोगों को कम्बल दिए गये। इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि गरीबों की मदद करना सभी का धर्म है जिसमें हर सक्षम व्यक्ति को भाग लेना चाहिए। उनके मुताबिक प्रशासन के द्वारा तो कम्बल वितरण का कार्यक्रम प्रतिदिन चलाया जा रहा है लेकिन इसमे आम आदमी को भी भागीदारी करनी होगी तभी यह अभियान पूरा हो सकेगा। वही सीओ और तहसीलदार शेर बहादुर सिंह ने भी लोगो को सर्दी से बचाव के लिए आगे आने की अपील की। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद, निरीक्षक मुहम्मद अशरफ के अलावा बड़ी संख्या में नगर के समाजसेवी भी मौजूद रहे।

एक अदद देशी तमन्चा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

तालग्राम छिबरामऊ कन्नौज। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के मार्ग दर्शन में क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष देवेश कुमार के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 ज्योति गौर मय हमराह द्वारा अभियुक्त विशाल पुत्र अनिल उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम निकवा थाना तालग्राम जनपद कन्नौज को मय 01 अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के गिरफ्तार किया गया।

खबरें चलते-चलते

छापेमारी कर अवैध शराब सहित छह को दबोचा

गुरसहायगंज, कन्नौज। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की। जिसमें पुलिस ने छह लोगों को अवैध शराब के साथ दबोच लिया। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है। सोमवार को कोतवाली निरीक्षक जेपी शर्मा के नेतृत्व में उप निरीक्षक आनंद कुमार मिश्रा ने नरूइया रोड से रवि कुशवाहा निवासी सराय दौलत व जीतू दिवाकर निवासी सराय दौलत को 28 टेट्रा देसी शराब व 05 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया है। वही उपनिरीक्षक रोबिन सिंह ने करण पुत्र अर्जुन कश्यप निवासी ग्राम लाड़पुर को 10 लीटर अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया। उप निरीक्षक राजेश प्रताप सिंह ने दीपू निवासी अनीभोज को 10 लीटर अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया। वही उप निरीक्षक हरीश कुमार ने रुकसीद निवासी सराय दौलत को 5 लीटर अवैध कच्ची शराब और उप निरीक्षक कमलेश कुमार ने सुनील कश्यप निवासी जलालाबाद को 20 पौआ लेमन ब्लू ब्रांड देसी शराब सहित गिरफ्तार किया। जिसके बाद पुलिस ने सभी पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध दफा 60 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की है।

तीन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज। उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर कोतवाली प्रभारी ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। सोमवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा ने संगठित गिरोह बनाकर लूटपाट, चोरी जैसे अपराधों में लिप्त थाना तालग्राम ग्राम निकवा निवासी गोविंद, अमित कुमार, दिब्बा गिहार के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है।

पुलिस ने सटोरिये को दबोचा

गुरसहायगंज, कन्नौज। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर युवक को सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। सोमवार को अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए गस्त कर रहे उप निरीक्षक रोबिन सिंह ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की। जिसमें पुलिस ने तिराहा के सामने किदवई नगर निवासी तौहीद को सट्टा पर्ची सहित गिरफ्तार कर लिया। जामा तलाशी के दौरान युवक के पास से 120 नगदी और सट्टा पर्ची बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध 13 जी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की है।

तमंचा कारतूस सहित युवक को दबोचा

गुरसहायगंज, कन्नौज। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने छापेमारी की और युवक को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की है। सोमवार को कोतवाली के उप निरीक्षक चंद्रभान सिंह ने अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के ग्राम चितपुरवा स्थित चेतराम की बगिया से भूरा निवासी मझपुरवा को 315 बोर तमंचा व दो जिंदा कारतूस के साथ दबोच लिया। इसके बाद पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध अवैध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

पीछे का जंगला काटकर अज्ञात चोरों ने स्कूल में रखा सामान किया

छिबरामऊ कन्नौज। तहसील क्षेत्र के ग्राम जरारा में स्कूल का जंगला काटकर स्कूल के समान को किया पर जरारा गांव स्थित आर्य समाज एजुकेशन और स्पोर्ट अकैडमी के प्रबंधक ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया कि स्कूल में जंगला काटकर आजा चोरों द्वारा स्कूल में रखा सामान चोरी कर लिया समाचार लिखे जाने तक अभियोग दर्ज नहीं हो सका प्रभारी निरीक्षक में बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत घर-घर बांट रहे रामभक्त

जालौन (उरई)। नववर्ष के पहले महीने में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होना है। जिसके लिए नगर में अयोध्या से आए अक्षत का वितरण शुरू हो गया है। सोमवार की सुबह रामभक्त राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल के पास एकत्रित हुए। राम भक्तों के साथ बजरंग बस्ती संयोजक त्रिलोकीनाथ गुप्ता, सह संयोजक शशिकांत वर्मा, पालक सीताराम हूंका ने श्रीमहादेव उपाध्याय के मंदिर में श्रीहनुमानजी महाराज का पूजन अर्चन कर अयोध्या धाम से भेजे गए पूजित अक्षत के घर-घर वितरण का श्रीगणेश किया। राम भक्तों ने बजरंग बस्ती के मोहल्ला पुरानी नझाई, पुरानी हाट व गणेशजी में श्रीराम जय राम, जय जय राम का नाद करते हुए श्रीराम जन्मभूमि भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में निमंत्रण के लिए श्री अयोध्या धाम से भेजे गए पूजित अक्षत घर घर पहुचाएं। रामभक्तों से अपील की गई कि 22 जनवरी को अयोध्या धाम स्थित श्रीराम मंदिर में भगवान राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इस दिन आप सभी लोग अपने घर मे दीपावली मनाएं जालौन को अयोध्या बनाएं। घर के समीप के मंदिर में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड व रामरक्षा स्त्रोत का पाठ करें। श्रीराम जय राम जय जय राम विजय मंत्र का जप करे। इस मौके पर रमाकांत पुरवार, योगेंद्र राठौर, इंद्रजीत सिंह गुर्जर, निक्कू, वासु विश्नोई, राहुल यादव, कमल, कन्हैया, सन्तोष दिवेदी आदि मौजूद रहे।

संघर्ष में जीत के लिए संगठन की मजबूती आवश्यक संगठन का किया गया विस्तार

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

फौजी गेस्ट हाउस प्रेमपुर में हुई भारतीय किसान यूनियन अवधेश की बैठक में संगठन का विस्तार किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान ने कहा किसी भी संघर्ष में जीत के लिए संगठन की मजबूती बहुत आवश्यक है। राष्ट्रीय संरक्षक विख्यात कवि ओम प्रकाश शुक्ल अज्ञात ने कहा संगठन के पदाधिकारी गांव की छोटी-मोटी समस्याएं गांव में ही निपटाने का प्रयास करें। ताकि गरीब किसानों को कोर्ट कचहरी के चक्कर नहीं काटने पड़े। राष्ट्रीय संरक्षक अटल प्रकाश चतुर्वेदी ने कहा हर पदाधिकारी अपने लोगों को संगठन से जोड़े और सप्ताह में 1 घंटे का समय देकर इसका ल विस्तार कराए। संचालन कर रहे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने कहा कोई भी संगठन शुरुआत में नया ही था। हम मेहनत करते रहे तो हमारा संगठन भी बहुत आगे जाएगा। इस अवसर पर रमेश चंद्र को दिल्ली प्रदेश का अध्यक्ष, अभिषेक यादव उपेंद्र सिंह को प्रदेश मंत्री, राम जी तिवारी प्रमोद कुमार यादव मान सिंह को जदुनाथ सिंह सुरेंद्र सिंह व पुत्तू लाल बलवीर सिंह को सचिव, श्याम सिंह ठाकुर को गौरव गुप्ता को , इंदल सिंह को विनीत कठेरिया को उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, आलोक को तहसील उपाध्यक्ष युवा, ब्रजेंद्र सिंह को ब्लाक उपाध्यक्ष युवा, शिवराज सिंह को तहसील सोशल मीडिया प्रभारी, मोनू यादव को तालग्राम नगर अध्यक्ष, धर्मेंद्र सिंह को प्रेमपुर नगर अध्यक्ष, पुष्पेन्द्र सिंह को जिला संगठन मंत्री युवा, रामू यादव को मंडल उपाध्यक्ष युवा, मुकेश दुबे को मंडल प्रभारी युवा, इंद्रपाल सिंह को तहसील प्रभारी, अजब सिंह को मंडल सह संयोजक, धीरेंद्र सिंह को जिलाध्यक्ष फर्रुखाबाद युवा, प्रमोद यादव को जिला संयोजक, कौशलेंद्र सिंह को जिला सचिव, सुखेन्द्र सिंह राठौर को मंडल उपाध्यक्ष, मुकुंद को जिला उपाध्यक्ष युवा, राजेश को तहसील उपाध्यक्ष, संदीप कुमार को जिला उपाध्यक्ष युवा, संजय यादव को तहसील संगठन मंत्री, संजय चतुर्वेदी को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष व अतुल राजपूत को जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ एटा मनोनीत किया गया। अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने सभी के प्रति आभार जताया।इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष ताहिर खान, रामेंद्र यादव फौजी, सनी खान, ज्ञान प्रकाश वर्मा, विमल मिश्रा, कल्लू गुप्ता, अमित भारतीय, मनोहर पाठक, तौफीक अहमद, सुशील शाक्य, मणि प्रसाद, संजीव तिवारी, प्राण दीक्षित व शिवराम सिंह सेंगर, उमेश सिंह चौहान एवं राजू खान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दिए गए टिप्स

तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

प्रशिक्षण में निर्देश देते बीइओ रमेश चन्द्र चौधरी समृद्धि न्यूज

सोमवार को ब्लाक संसाधन केन्द्र सराय प्रयाग पर आंगनवाड़ी के 52 सप्ताह कैलेंडर गतिविधि आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र चौधरी ने कार्यशाला के समापन पर प्रशिक्षण में सीखी बातो को बच्चो को सिखाने के निर्देश दिए। शिक्षण विधि को बेहतर बनाने के टिप्स देकर जागरूक किया।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर सन्दर्भदाता गोपालदत्त शर्मा, संदर्भदाता विवेक कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्री प्राइमरी शिक्षा का प्रावधान किया गया है जिसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकत्री के क्षमता संवर्धन हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्हे 52 सप्ताह की कार्ययोजना के विषय में बताया गया तथा सभी को निर्देशिका दी गई जिसने पूरे 52 सप्ताह में बच्चो को पढ़ाने की कार्ययोजना है खंड शिक्षा अधिकारी ने मौजूद शिक्षकों को चहक, पहल, परिक्लन, कलांकुर पुस्तक प्रदान की तथा बच्चो को खेल खेल में पढ़ाने के तरीके सिखाए गए। बच्चों के विकास के स्तर पर सभी की समझ विकसित की। इस दौरान राजेंद्र सिंह, कौशलेंद्र, आतिफ़ अरुणा देवी, पूनम, रुकसाना बेबी, रीता, सुमन, उज्जवल आदि मौजूद रहे।

आतंक | **बन्दरों के हमलों से कई लोग हो चुके हैं घायल**

बन्दरों के आतंक से परेशान लोगों ने डीएम से समस्या के निदान की मांग की

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

इन दिनों जिले में बंदरों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। बंदरों के आतंक से लोग सहमे हुए हैं। बंदरों के हमले में अब तक दो कई लोग घायल हो चुके हैं। खाने की खोज में बड़ी संख्या में बंदर लोगों पर हमला कर देते हैं। बंदरों का झुंड बाजार व रेलवे स्टेशन पर आपको घूमते हुए मिल जाएंगे झुंड के झुंड बन्दर बाजार में सड़कों पर चौराहों पर आपको दिखाई देंगे और रास्ते पर चलने वाले व्यक्तियों को काट भी लेते हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बन्दर काफी तादात देखी जा सकती हैं। बन्दरों की बड़ती संख्या से परेशान लोगों ने बन्दरों से निजात पाने के लिए जिला प्रशासन से कई बार गुहार लगाई, लेकिन प्रशासन इस ओर आंखे मूंदे हुए है।

इन दिनों बंदरों के आतंक से लोग बेहद सहमे हुए हैं। बंदरों के हमले से अब तक कई लोग घायल हो चुके हैं, क्षेत्र में बंदरों ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। शहर की गलियों में बंदर हर समय घूमते रहते हैं जिससे अधिकांश इलाकों की गलियों में सन्नाटा पसरा रहता है। लोगों को डर है कि बंदर उनको चोट पहुंचा सकते हैं। हालात इस कदर खराब हैं कि अब लोग अपने घरों की छतों पर जाने से डरते हैं, छतों पर बंदरों का साम्राज्य है और वो किसी पर भी हमला कर देते हैं। वहीं राह चलती महिलाएं जो अपने हाथों में कोई भी थैला लिये होती हैं, बंदर उसे झपट कर खोल लेते हैं और उसमें रखे सामान को तितर-बितर कर देते हैं, जिस से राह चलने वाली महिलाएं व पुरुष काफी परेशान हैं। अब तक यह बंदर दर्जनों लोगों को निशाना बना चुके हैं। यही नहीं बंदरों ने ग्रामीणों का भी जीना मुश्किल कर रखा है। आए दिन बंदरों के झुंड ग्रामीण महिलाओं और बच्चों पर हमला कर रहे हैं। बंदरों के झुंड ने कई लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। बन्दरों से निजात पाने के लिए लोगों ने कई बार उच्चाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों को इस सम्बन्ध में अवगत भी कराया, लेकिन समस्या का निदान नही हो सका। वहीं कई लोगों ने इसकी शिकायत वन विभाग के अधिकारियों से भी की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि वह इस मामले में डीएम को अवगत कराकर बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग करेंगे।

मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ हुआ नये वर्ष का हुआ आगाज

- घरों में लोगों ने तरह-तरह के बनवाये पकवान, पुलिस रही एलर्ट

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

नये साल का शुभारंभ ईश्वर की आराधना से करने को लेकर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी लाइनें लग गयी। नववर्ष पर लोगों ने एक-दूसरे के सुखी जीवन की कामना की और मिठाई खिलाकर नववर्ष की खुशी बांटीं। बाजारों में विशेषकर होटल व खाद्य पदार्थों की दुकानों पर खूब भीड़ रही। शहर के ऐतिहासिक पांडेश्वर नाथ मन्दिर में पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु लंबी-लंबी कतारों में लगे नजर आये।

रात में 12 बजे के बाद ही लोग नये साल के जश्न में डूब गये। युवाओं व बच्चों ने जमकर आतिशबाजी छुड़ायी और नये साल का अपने-अपने तरीके से स्वागत किया। अधिकांश लोगों ने केक काटे। खाने पीने के शौकीन लोगों ने जाम भी छलकाये। हालांकि कहीं पर कोई अनहोनी घटना न हो, इसके लिए पुलिस रात 12 बजे के बाद से ही एलर्ट हो गयी थी। जो हर गतिविधि पर अपनी नजर बनाये रही। सुबह होते ही लोगों ने मंदिरों में पहुंचकर माथा टेंका और नया वर्ष सुखमय व्यतीत होने की ईश्वर से कामना की। नगर के ऐतिहासिक पांडेश्वरनाथ मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ के चलते लाइन में लगकर लोगों ने दर्शन किये। इसके साथ ही गुरगांव देवी मंदिर में भी भक्तों की पूजा अर्चना करने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। कई भक्तों ने तो गंगा स्नान करने के बाद पूजा अर्चना की। आज के दिन मंदिरों को भव्यता से सजाया गया था। पूरे दिन नये वर्ष का जश्न चलता रहा। लोगों ने अपने-अपने घरों पर कई तरह के पकवान बनवाये और मेहमानों का स्वागत किया। कुल मिलाकर नया वर्ष धूमधाम से मनाया गया। पुलिस भी पूरे दिन एलर्ट रही।

गुरगांव देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण समृद्धि न्यूज

ऐतिहासिक पांडेश्वरनाथ मंदिर में दर्शन के लिए लगी भक्तों की लाइनें

नगर पंचायत अध्यक्ष ने नववर्ष पर की गऊ सेवा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

नगर पंचायत अध्यक्ष ने नववर्ष पर नगर पंचायत की टीम के साथ गौशाला पहुंचकर गोवंशों को गुड़ खिलाकर सेवा की। जानकारी के अनुसार सोमवार को कस्बा नवाबगंज से सटे दुनाया रोड पर स्थित नगर पंचायत की गौशाला में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार टीम के साथ पहुंचे और गोवंशों को गुड़ खिलाया। वहां पर मौजूद गोपालकों को उनके सर्दी से बचाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि वह सर्दी से बचाव के लिए गोवंशों को हर हाल में सुरक्षित रखना चाहते हैं। साथ ही वह हर स्तर पर मदद करने को भी तैयार है। उन्होंने कहा कि दाना, पानी, भूसा आदि की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने गौ पालकों के लिए काऊ कोट भी बनाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने सभी को नववर्ष की शुभकामनायें भी दीं। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत त्रिवेंद्र कुमार, वरिष्ठ लिपिक विकास कुमार गंगवार, लेखा सहायक हितांशु गंगवार, अंबुज भारद्वाज, लक्ष्मण राजपूत के अलावा नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

गोवंशों को गुड़ खिलाते नगर पंचायत अध्यक्ष समृद्धि न्यूज

खबरें चलते-चलते

संकल्प यात्रा के तहत बताई गईं सरकार की उपलब्धियां

- भाजपा नेताओं ने किया केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का बखान

बच्चे को खीर खिलाती विधायक सुरभि

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। केंद्र तथा प्रदेश सरकार की उपलब्धियां को आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम जगह-जगह ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को केंद्र तथा यूपी सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से अवगत कराकर भारत देश को विकसित देश बनाने की शपथ भी दिलाई जा रही है। कार्यक्रम का प्रचार प्रसार रथ के माध्यम से किया जा रहा है। इस रथ पर उत्तर प्रदेश तथा केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया गया है। रथ के माध्यम से उपलब्धियो का प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। साथ ही लोगों को भारत देश को विकसित देश बनाने की शपथ भी दिलाई जा रही है। इसी के तहत विकास खंड शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम बांसखेड़ा में ग्राम प्रधान जुबैर खां द्वारा कार्यक्रम के आयोजन हेतु व्यवस्थाये की गई। यहां टेंट लगाकर सरकार के विकास कार्यों की उपलब्धियों का बखान कर आम लोगों को भारत देश को विकसित देश बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग की टीम व स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने आम जनता को बीमारियों से बचाव हेतु सुझाव दिए तथा सरकारी अस्पताल से ही दवा लेने की बात कही। इस मौके पर कायमगंज से अपना दल एस की विधायक डा0 सुरभि, ब्लाक प्रमुख रामकिशोर राजपूत, सोरन राजपूत, योगेश गंगवार मदारी, सहदेव राजपूत, सुनील रावत सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

समाजसेवी अमित पाल ने सर्दी से ठिठुरते लोगों को बांटे कंबल

गरीबों को कंबल वितरित करते अमित पाल

फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज। शिक्षक व समाजसेवी अमित पाल द्वारा गरीब व असहाय लोगो को ठंड से बचने के लिए जय नरायन वर्मा रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने करीब 400 लोगों को कंबल वितरित किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खिमसेपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्पराज सिंह रहे। पुष्पराज सिंह ने कहा कि अमित पाल ने यह बहुत सराहनीय कार्य किया है। ठंड बहुत पड़ रही है। जिन गरीबों के पास ठंड से बचने के लिए किसी प्रकार का कोई साधन नहीं है उन्हें कंबल मिलने से ठंड से राहत मिलेगी। विशिष्ठ अतिथि अंतराष्ट्रीय निशानेबाज अनिल पाल ने कहा की गरीब व असहाय लोगो की मदद के लिए लोगो को हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। जिला पंचायत सदस्य कुलदीप पाल ने कहा की गरीबों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। अमित पाल पहले भी गरीबों की मदद करते रहे हैं। वहीं आयोजक अमित पाल ने बताया की लोगो के सहयोग से कंबल वितरण का आयोजन किया गया है। आगे भी गरीबों की मदद करते रहेंगे। इस मौके पर कुलदीप पाल, अध्यापक पवन पाल, नीरज पाल, अशोक कुमार यादव, सुखेंद्र यादव, विवेक पाल आदि लोग मौजूद रहे।

विवादित जमीन की नापजोक करने पहुंचे लेखपाल के सामने दो पक्ष भिड़े

- जमकर लाठी-डंडे व ईंट पत्थर चले, आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

कंपिल, समृद्धि न्यूज

बिना आदेश विवादित जमीन की नापजोक करने पहुंचे लेखपाल के सामने दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे व ईंट पत्थर चले। दोनों पक्षों से महिलाओं समेत छः लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। पुलिस ने उन्नीस नामजद व छः अज्ञात के खिलाफ पुलिस टीम पर हमला, सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों से चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

क्षेत्र के गांव राईपुर चिनहटपुर निवासी राजाराम का गांव के ही राकेश यादव से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार शाम हल्का लेखपाल निखिल मिश्रा व ग्राम प्रधान मोहम्मद शमी गांव राईपुर चिनहटपुर पहुंचे। निखिल मिश्रा विवादित जमीन की बिना आदेश के नापजोप करने लगे। इसी दौरान दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों से दो दर्जन से अधिक लोग इकट्ठे हो गए। जमकर लाठी-डंडे व ईंट पत्थर चले। मामले को बढ़ता देख लेखपाल व प्रधान मौके से खिसक गए। जिसमें राजाराम पक्ष से सुनीता, सीमा व राकेश पक्ष से सौरभ व जसवीर घायल हो गए। ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस पर भी आरोपितों ने हमला कर दिया। अतरिक्त पुलिस बल पुलिस को आता देख हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। दारोगा शिव बहादुर सिंह की तहरीर पर दोनों पक्षों से राकेश, रविंद्र, पारस, नन्हें, जसवीर, ओमवीर, पूनम, पिंटू, अमन, पिंकू, विनोद, प्रमोद, अंशुल, अंकेश, कल्यान, राजाराम, सुनीता, पिंटू की पत्नी व छः अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट, पुलिस टीम पर हमला, सरकारी कार्य में बाधा सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने सोमवार दोपहर सुनीता, सीमा, राकेश व नन्हें का चालान कर दिया। थाना प्रभारी दिलीप कुमार कंचन ने बताया आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

महिला को पीटते दूसरे पक्ष के लोग समृद्धि न्यूज

कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से कच्ची शराब सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली के उपनिरीक्षक नितिन कुमार मय हमराह कांस्टेबिल विनीत कुमार के साथ मुखबिर की सूचना पर ग्राम झब्बूपुर नहर के बायीं ओर से दविश देकर सुमित उम्र 27 वर्षीय पुत्र किशनलाल निवासी नईबस्ती थाना कायमगंज को गिरफ्तार कर लिया। जामा तलाशी से उसके दाहिने हाथ से एक प्लास्टिक की पिपिया में 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। दूसरी घटा में कस्बा चौकी इन्चार्ज विद्या सागर तिवारी ने चन्दन पुत्र पप्पू निवासी नईवस्ती थाना कायमगंज तथा तीसरी घटना में मन्डी चौकी इन्चार्ज कृष्ण कुमार कश्यप ने अजीत राजपूत की गोदाम से 50 कदम की दूरी पर दविश देकर छंगा उर्फ राज कुमार पुत्र रामचन्द्र निवासी पृथ्वी दरवाजा थाना कायमगंज को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से 20-20 लीटर शराब बरामद हुई। पुलिस ने धारा 60 एक्ट में सभी का चालान कर दिया।

20 लीटर कच्ची शराब सहित एक गिरफ्तार

संकिसा, समृद्धि न्यूज। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर परिउली निवासी लड़ैते लाल पुत्र वेद राम को अचरा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने 20 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया।

शेखपुर मेले के कारण लगा जाम, सीओ की गाड़ी फंसी

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। शेखपुर में चल रहे मेले के कारण सोमवार को जाम लग गया। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार कमालगंज के शेखपुर स्थित दरगाह पर मेला चल रहा है। इस ऐतिहासिक मेले में दूरदराज से लोग आकर दरगाह पर माथा टेंकते हैं और मन्नतें मांगते हैं। ऐतिहासिक मेला होने के कारण इसमें भारी भीड़ हो रही है। जिसके चलते सोमवार को जाम लग गया। जिससे राहगीर घंटों जाम में फंसे रहे। इतना ही नहीं क्षेत्राधिकारी अमृतपुर रविंद्र कुमार की गाड़ी भी जाम में फंस गया। जिससे वहां तैनात पुलिस के पसीने छूट गये। आनन-फानन में जाम को हटवाकर बमुश्किल उनका गाड़ी को निकलवाया गया। बताते चलें कि बीते दिन मेले शुरु होने से एक दिन पूर्व कमेटी ने ज्ञापन भी दिया था। जिसमें व्यवस्थायें चाक चौबंद करने की बात कही थी। इसके बाद भी प्रशासन नहीं चेता। जिसके चलते यहां पर आये दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। वहीं लोगों को कहते सुना गया कि पुलिस अपनी डियूटी का निर्वहन ठीक ढंग से नहीं कर रही है। जिसके चलते जाम की स्थिति आये दिन उत्पन्न हो रही है।

जाम में फंसी सीओ की गाड़ी व वाहन चालक

श्रीराम की जयकार के साथ गूँजा पूरा विकास खंड

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति खंड राजेपुर के तत्वावधान में पूजित अक्षत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीधाम अयोध्या से पूजित अक्षत कलश में रखकर आये जो कि राजेपुर रामलीला मैदान से हवन पूजन के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। जिसकी अगवाई जिला प्रचारक प्रवीण के द्वारा की गई। कार्यक्रम का आयोजन अभियान प्रमुख श्याम बिहारी अवस्थी के द्वारा किया गया। यात्रा की शुरुआत होते ही सभी सनातनी अपने-अपने घरों से निकलकर अक्षत कलश का जगह-जगह पुष्प वर्षा व पूजन कर स्वागत किया व श्रीराम के नारों के साथ उद्घोष करते हुए फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग होते हुए यात्रा अमृतपुर कस्बा में मुख्य बाजार पर यात्रा का प्रधान अमृतपुर सचिन देव तिवारी व अन्य सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इसके बाद यात्रा अमृतपुर कस्बे के अंदर प्रवेश करते हुए प्राचीन स्थल श्री ठाकुरद्वारा महाराज पर पहुंची जहां पर उसे अक्षत कलश को स्थापित किया गया। जिला प्रचारक प्रवीण के द्वारा उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए श्री अयोध्या धाम से आए बुलावे को सभी के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि आज हम सभी का सौभाग्य है कि हमने कहा था रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे, जो कि आप सब के सहयोग से मंदिर का निर्माण अपने अंतिम चरण में है। जिसका कि 22 जनवरी को श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस ऐतिहासिक क्षण के हम सभी देशवासी साक्षी बनेंगे। जिला प्रचारक ने अपने उद्बोधन में युवाओं को श्रीराम के चरित्र को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। यात्रा की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए महिला थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहीं। इस अवसर पर खंड पालक रवि शंकर चौहान, डॉक्टर अविनाश, प्रिंस चौहान, श्याम मोहन मिश्रा, पूर्व ब्लाक प्रमुख भास्कर दत्त द्विवेदी, पूर्व जिला महामंत्री संदीप शाक्य, नीरज अवस्थी, रोहित तिवारी, रोहित अवस्थी, सुमित अवस्थी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह, प्रधान अमृतपुर सचिन देव तिवारी, जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार चौहान, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र सिंह, भाजपा नेता अमित सिंह, सचिन अवस्थी, मुकुल वाजपेई, करुणेश सिंह, रानू सिंह, लक्ष्मीकांत मिश्रा, सुबोध सिंह, संदीप चौहान, करन सिंह, गोपाल सक्सेना साहित हजारों की संख्या में सनातनी मौजूद रहे।

अक्षत कलश यात्रा में शामिल सनातनी समृद्धि न्यूज

चुने जनप्रतिनिधियों को पछाड़ नमो एप पर विकास राजपूत बने जनता की पहली पसंद

- जिलाध्यक्ष सातवें, सदर विधायक आठवें व एमएलसी प्रांशु पहुंचे दसवें स्थान पर
- सांसद मुकेश राजपूत अब तक जोड़ सके सिर्फ 320 सदस्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

नमो एप पर लोगों को जोड़ने के लिए भाजपा का बड़े स्तर पर अभियान चल रहा है। कई पाठशाला भी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने को आयोजित हो चुकी है। खुद जिला प्रभारी शिव महेश दुबे पार्टी नेताओं को भी इस संबध में गंभीरता से काम करने के निर्देश दे चुके हैं।

फर्रुखाबाद में सोमवार से नमो एप पर लोकसभा चुनाव में टिकट की दावेदारी कर रहे विकास राजपूत प्रथम स्थान पर चल रहे हैं। विकास राजपूत ने जिले के बड़े बीजेपी नेताओं, जन प्रतिनिधियों को पीछे छोड़ दिया है।

नमो एप पर लोगों द्वारा की गयी वोटिंग

समाजसेवी विकास राजपूत

आम जनता में विकास राजपूत को लेकर विश्वास दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जिसका नतीजा भी अब दिखने लगा है। जहां सभी संसाधन होने के बाबजूद सांसद मुकेश राजपूत सिर्फ 320 सदस्यों को ही जोड़ सके है। वहीं अन्य नेताओं का तो लिस्ट में अता पता ही नहीं है। वहीं विकास राजपूत के साथ बड़ी संख्या में लोग जुड़ते नजर आ रहे है। गौर तलब है कि विकास राजपूत गैस सिलेंडर के दाम कम करने को सीएम योगी को पत्र भी लिख चुके हैं। भाजपा नेता विकास राजपूत ने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हो रहा है। पीएम मोदी उनके आदर्श है। नमो एप पर उन्हें प्रथम स्थान पर पहुंचाने बाली जिले की जनता है व फर्रुखाबाद की जनता के लिए अंतिम सांस तक समर्पित रहेंगे।

उर्स | **अधिकारियों ने दौरा कर देखी सुरक्षा व्यवस्था**

रवायती अंदाज में मना हजरत शेख मखदूम का 699वां उर्स

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

हजरत शेख मखदूम बुर्राक लंगर जहां रहमतुल्लाह अलैह का 699वाँ उर्स व मेला रवायती अन्दाज में मनाया गया। उर्स में सोमवार को सज्जाददानशीन की पालकी को छड़ियों के साए में भोजपुर से करीब पांच किलोमीटर दूर शेखपुर लाने के लिए अकीदतमंदों का जोश उमड़ पड़ा। चिल्लगाह से दरगाह तक नंगे पैर दौड़ते हुए अकीदतमंद आगे बढ़ रहे थे। खासकर बच्चों का जुनून बड़ों पर भी भारी पड़ रहा था। दरगाह में नमाज-ए- असर के बाद दूसरा कुल शरीफ हुआ। मुल्क की बेहतरी व अमनचैन को दुआ की गई। शेखपुर शरीफ स्थित दरगाह मख़दूमिया में हजरत शेख मखदूम बुर्राक लंगरजहां रहमतुल्लाह अलैह के उर्स में सोमवार को सुबह मदारे मुबारक का गुस्लपाक हुआ। इसके बाद फातिहा ख्वानी हुई। जायरीन के आने का सिलसिला शुरू होते ही चादरपोशी व गुलपोशी होने लगी। बाद नमाज जौहर 700 साल पुराने खिरकाशरीफ को पांच किलोमीटर दूर भोजपुर स्थित चिल्लगाह पहुंचाया गया। नमाज जौहर व नमाज असर के दरमियान गुसल हुआ। सज्जादानशीन हजरत अजीजुल हक गालिब मियां को खरिका शरीफ पहनाया गया।

बेहोशी के आलम में उन्हें पालकी (डोला) पर लिटाया गया। सबसे पहले हाथ मे छड़ी लेकर बच्चों का समूह आम के बागों व कच्चे रास्ते से कानपुर मार्ग व रेलवे क्रासिंग पार करते हुए शेखपुर में दरगाह मखदूमिया पहुंचा। करीब 10 मिनट तक बीच-बीच में अन्य समूहों में अकीदतमंद नारे तकबीर अल्लाह ओ अकबर ले चल पीर की बुलंद सदाओं के साथ दरगाह पहुंचते रहे। पालकी के दरगाह पहुंचने पर सज्जादानशीन को मजार शरीफ की परिक्रमा कराकर खिरका शरीफ उतारा गया। गलिब मियां के होश में आने पर नमाज-ए-असर हुई। उर्स का दूसरा कुल शरीफ हुआ। देश में अमन चैन खुशहाली की दुआ की गई। उर्स कमेटी मीडिया प्रभारी मो0 मोहसिन शमसी, भुवन बरतरिया, अनस सिद्दीकी, मोहसिन शमसी, बिल्लू श्रीवास्तव आदि कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। मेले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कैंप भी लगाया गया था। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष राजेश राय ने मेले का दौरा कर व्यवस्था देखी। कार्यक्रम में तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय, एसडीएम गजराज सिंह आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

छड़ियों के जुलूस के पीछे दौड़ते मुरीदीन समृद्धि न्यूज

खूब बिके प्रसिद्ध सेब के लड्डू समृद्धि न्यूज

हिट ऐंड रन कानून के विरोध में परिवहन विभाग के चालकों ने किया चक्का जाम

- समर्थन में निजी मोटर्स चालकों ने खड़े किये वाहन, राजस्व को करोड़ों की क्षति
- हड़ताल लम्बी खिंची तो आम जनता पर पड़ेगा असर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

केंद्र सरकार द्वारा सड़क हादसों पर नियंत्रण करने के लिए हिट ऐंड रन कानून में बदलाव किया जा रहा है। इसी के विरोध में परिवहन विभाग के अलावा निजी चालकों ने हड़ताल कर दी। जिससे बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को इस भीषण सर्दी में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं माल की ढुहाई भी ठप हो गई है। यदि हड़ताल लम्बी खिंची तो सरकार पर कोई पर्क पड़े या न पड़े, लेकिन गरीब आदमी पर महंगाई की मार पड़ सकती है। केंद्र सरकार द्वारा इंडियन पैनल कोड- 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट ऐंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवरों की सजा को और कड़ा किया जा रहा है। दोष साबित होने के बाद 7 लाख रुपये तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है। जिसके विरोध में सोमवार से निजी बस व रोडवेज के चालकों ने हड़ताल कर दी। शहर के लाल दरवाजा रोडवेज बसों का संचालन लगभग पूरी तरह से बंद है। इसके साथ ही निजी बसों के चालकों ने भी हड़ताल कर दी। जिससे यात्रियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही माल वाहक वाहनों के खड़ा होने से भी सामान, सब्जी आदि भी तय समय से ना पंहुचने पर काफी नुकसान होगा। इससे पहले क्या था और अब क्या होगा? अभी हिट ऐंड रन केस को आईपीसी की धारा 279 (लापरवाही से वाहन चलाना), 304ए (लापरवाही के कारण मौत) और 338 (जान जोखिम में डालना) के तहत केस दर्ज किया जाता है। इसमें दो साल की सजा का प्रावधान है। विशेष केस में आईपीसी की धारा 302 भी जोड़ दी जाती है। संशोधन के बाद सेक्शन 104 (2) के तहत हिट ऐंड रन की घटना के बाद यदि कोई आरोपी घटनास्थल से भाग जाता है। पुलिस या मजिस्ट्रेट को सूचित नहीं करता है तो उसे दस साल तक की सजा भुगतनी होगी और जुर्माना देना होगा। परिवहन विभाग के किसी भी अधिकारी ने अभी तक चालक-परिचालकों द्वारा की गई हड़ताल की पुष्टि नहीं की है। अधिकारियों के माने तो कर्मचारी नये साल के चलते जश्न मना रहे है, जिसके चलते वह ड्यूटी पर नहीं आये।

हड़ताल के चलते रोडवेज परिसर में खड़ी बसें

बसों की हड़ताल का असर रैन बसेरा पर दे रहा है दिखायी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

केंद्र सरकार द्वारा हिट ऐंड रन कानून में बदलाव के विरोध में बस चालकों की हड़ताल का सरकार पर असर पड़े न पड़े, लेकिन रैन बसेरे पर इसका असर देखने को मिला। नगर पालिका परिषद द्वारा रोडवेज बस स्टैण्ड पर यात्रियों के रात गुजारने के लिए रैन बसेरा खोल रखा है। नगर पालिका की ओर से रैन बसेरे में रुकने वाले यात्रियों को ठंड से बचाने के लिए रजाई-गद्दा का पर्याप्त इंतजाम किया है। हाड-कपाऊ सर्दी में लोग इससे बचने के लिए आग, रजाई आदि का सहारा लेते है। रोडवेज के चालक-परिचालकों ने हड़ताल क्या की रैन बसेरा में सन्नाटा पसर गया। सोमवार को हड़ताल शुरु होते ही जहां एक तरफ बस स्टैण्ड पर एक भी चालक-परिचालक नहीं दिखायी दे रहा। वहीं रैन बसेरे में भी कोई रुकने नहीं आया। नगर पालिका कर्मचारी का कहना है कि जब बसों का आवागमन रहता है तो दूर दराज से मुसाफिर बसों के इंतजार में यहां रुक जाते है। जब बसों का चलन ही बंद है तो यात्री आकर क्या करेंगे।

रैन बसेरा में पसरा सन्नाटा — समृद्धि न्यूज

मसेनी पांचाल घाट रोड के निवासियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

- सड़क के दोनों ओर बराबर-बराबर सड़क बनवाये जाने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

मसेनी पांचाल घाट के निवासियों ने बरेली-इटावा राष्ट्रीय मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। मसेनी चौराहे से पांचाल घाट तक रोड़ के दोनों तरफ 12 मीटर तक निर्माण कराया जाना है। निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार द्वारा अधिकारियों एवं रोड के पूर्व दिशा में निर्माण कार्य हेतु राजनैतिक सांठगांठ कर विपरीत निर्माण कार्य किया जा रहा है, जबकि दूसरी ओर 11.40 मीटर सड़क नापी गई है और पश्चिमी दिशा की ओर दूरी बढ़ाकर 12 मीटर कर दी गई है। जिस कारण पश्चिमी दिशा की ओर रह रहे लोगों को काफी नुकसान होगा। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने ठेकेदार से बात की तो वह जवाब न देकर अभद्रता करने लगा और रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी देने लगा। सोमवार को मसेनी पांचाल घाट के लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर दोनों ओर बराबर सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। इस मौके पर अविरल कटियार, अखिलेश तोमर, शुभम कटियार, राहुल सिंह, मिर्ची लाल कटियार, पुष्पेन्द्र सिंह, केपी पाल, फूल सिंह कुशवाहा, शिवम मोहन कटियार, अमित कटियार, अनमोल कटियार आदि लोग मौजूद रहे।

ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते स्थानीय लोग — समृद्धि न्यूज

अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार घायल

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों ने थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल को 108 एंबुलेंस से सीएचसी राजेपुर भिजवाया।

जानकारी के अनुसार रविंद्र यादव पुत्र नरवीर सिंह निवासी ग्राम मुजहा साइकिल द्वारा अमृतपुर से अपने घर जा रहा था, रास्ते में हनुमान मंदिर के निकट अज्ञात वाहन ने साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे रविन्द्र सड़क के बीचो-बीच गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने 108 और 112 नंबर पर घटना की सूचना दी। सूचना पर चौकी इंचार्ज नागेंद्र सिंह, कांस्टेबल ईशू के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को उसके भाई सत्येंद्र के साथ 108 एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भिजवाया।

घायल रविन्द्र

खबरें एक नजर में

युवा महोत्सव समिति की प्रतियोगितायें आज से शुरु

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति द्वारा आयोजित होने वाली प्रतियोगिता 2 जनवरी से 16 जनवरी के मध्य सम्पन्न होगी। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष डा0 संदीप शर्मा ने बताया कि 2 जनवरी को मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता, 3 जनवरी को निबंध प्रतियोगिता, 4 जनवरी को ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, 5 जनवरी को गुलदस्ता सजाओ प्रतियोगिता, 6 जनवरी को सेफक्वीन प्रतियोगिता, 7 जनवरी रविवार को साइकिल रेस प्रतियोगिता, 8 जनवरी को कवि सम्मेलन, 9 जनवरी को एकल डांस, ग्रुप डांस प्रतियोगिता, 11 जनवरी को अवार्ड एवं सम्मान समारोह व 16 जनवरी को मिस्टर व मिस इंडिया, मिस्टर व मिस यूपी, मिस फर्रुखाबाद व मिस्टर फर्रुखाबाद प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

एक माह पूर्व भी हो चुकी है पैमाइश

कम्पिल। एक पक्ष के राजाराम ने बताया कि एक माह पूर्व लेखपाल निखिल मिश्रा ने पचास हजार रुपए लेकर जमीन की पैमाइश की थी। जिसमें उन्होंने राजाराम की जमीन को कम बताकर राकेश के पक्ष से जमीन छोड़ने की बात कही। रविवार शाम बिना किसी को सूचना दिए लेखपाल ने ग्राम प्रधान के साथ राकेश की जमीन को कम बताकर पैमाइश शुरू कर दी। जिससे दोनों पक्ष में विवाद हो गया। लेखपाल निखिल मिश्रा ने बताया कि वह रविवार शाम किसान सम्मान निधि के कार्य से गांव गए थे। वहां ग्राम प्रधान मोहम्मद शमी ने चकरोड पर अतिक्रमण की बात कह पैमाइश करने को कहा। इसी दौरान दोनों पक्ष में विवाद शुरू हो गया। जिसके बाद वह ग्राम प्रधान के साथ वहां से चले गए।

तमंचा व कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। पुलिस ने एक युवक को अवैध तमन्चा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर अपराध एव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कायमगंज कोतवाली उपनिरीक्षक सुनील कुमार मय हमराह कांस्टेविल रोहित कुमार को मुखबिर से सूचना मिली एक युवक तमंचा लेकर किसी घटना को अंजाम देने जा रहा है। पुलिस ने उसकी घेराबन्दी कर टेड़ीकोन चौराहे से नरसिंहपुर गुमटी के पास युवक को पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्ति की जामा तलाशी लेते हुए उसका नाम पता पूछा, तो उसने अपना नाम अरुण कठेरिया पुत्र जबर सिंह उर्फ जगरूप निवासी अताईपुर जदीद थाना कायमगंज बताया। तलाशी के दौरान उससे एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

दो पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बिजली चोरी रोकने तथा बकायेदारी जमा करने के संदर्भ में अवर अभियंता वेद प्रकाश भारती के नेतृत्व में फतेहगढ़ में चेकिंग अभियान चलाया गया। मोहल्ला ग्वालटोली में चेकिंग के दौरान रवी पुत्र स्व0 सुरेशचंद्र के घर में मीटर से पूर्व केबिल को काटकर विद्युत चोरी की जा रही थी। उनका कनेक्शन विच्छेदित किया गया तथा उनके खिलाफ अवर अभियंता की तहरीर पर कोतवाली फर्रुखाबाद में मुकदमा दर्ज कराया गया। इसी क्रम में अवर अभियंता जावेद अहमद खान ने अपनी टीम के साथ राजीव दीक्षित पुत्र रामप्रकाश दीक्षित निवासी पुरानी घटिया के यहां छापा मारकर विद्युत चोरी करते पाय। उपरोक्त के खिलाफ अवर अभियंता की तहरीर पर कोतवाली फर्रुखाबाद में मुकदमा दर्ज कराया गया।

राजेपुर विकास खण्ड में रोजगार मेला तीन जनवरी को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क के तत्वाधान में आयोजित होने वाला रोजगार मेला 3 जनवरी को विकास खण्ड राजेपुर में होगा। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने बताया कि सातों ब्लाकों में रोजगार मेला आयोजित होना है। जिसमें बढ़पुर ब्लाक में रोजगार मेला सम्पन्न हो चुका है। 3 जनवरी को राजेपुर में रोजगार मेला होगा। जिसमें 32 कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। 3 हजार से अधिक रिक्तियों का चयन होना है। अभ्यार्थी अपने अंकपत्र एवं प्रपत्र के साथ पहुंचकर रोजगार मेले में प्रतिभाग करें।

आंगनबाड़ी केंद्रों में छह जनवरी तक रहेगा अवकाश

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी के आदेश पर जनपद में सर्दी की व्यापकता को देखते हुये जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 6 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है। इस दौरान लाभार्थियों को पुष्टाहार का वितरण निर्धारित समय में लाभार्थियों के घर पर दिया जायेगा। इसी प्रकार से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाओं द्वारा नियमानुसार गृह भ्रमण के साथ ही गतिविधि केलैण्डर के अनुसार सामुदायिक गतिविधियों एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्रों पर निर्धारित दिवस पर ही करेंगी।

कुठौंदा बुजुर्ग में पांच वर्ष बाद भी नहीं हो पाया व्यायामशाला का निर्माण

जालौन (उई)। स्वस्थ्य रहने के लिए व्यायाम आवश्यक है। सरकार भी व्यायाम के लिए लोगों को प्रेरित कर रही है और व्यायामशाला बनाने पर जोर दे रही है। ग्राम पंचायत कुठौंदा बुजुर्ग में व्यायामशाला बनाने के लिए प्रस्ताव पास होने के 5 वर्ष बाद भी व्यायामशाला का निर्माण नहीं हो पाया है। विकास खंड के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में व्यायामशाला बनाने की लंबे समय से मांग चल रही है। ग्रामीण विभिन्न माध्यमों से शासन व प्रशासन से गांव में व्यायामशाला बनवाने के मांग कर रहे हैं। लोगों को स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम आवश्यक है। इसलिए सरकार भी व्यायाम को महत्व दे रही है और व्यायामशाला बनाने का काम कर रही है। ग्रामीणों की मांग पर एसडीएम के निर्देश पर 11 अक्टूबर 2018 को गांव में भूमि प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में सर्व सहमति से आराजी संख्या 462 पर व्यायामशाला बनाने का निर्णय लिया गया था। भूमि प्रबंध समिति की बैठक में पास हुए प्रस्ताव को कार्यान्वित करने के क्षेत्र पंचायत कार्यालय भेज दिया गया था। व्यायामशाला बनाने के लिए प्रस्ताव को पारित हुए पांच वर्ष का समय बीत चुका है लेकिन गांव में अभी तक व्यायामशाला का निर्माण नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने इस प्रस्ताव की याद समय समय पर बीडीओ की दिलाई है लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।

सेवा पांचाल नगरी द्वारा नव वर्ष पर बच्चों को वितरित किये गर्म कपड़े

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

सेवा पंचाल नगरी द्वारा ईट भट्ठा पर लगभग एक सैकड़ा से अधिक जरूरतमंद लोगों को ठिठुरती ठंड में स्वेटर, पैंट, शर्ट, जैकेट आदि का वितरण किया गया। संस्थापक राहुल वर्मा के नेतृत्व में संयोजक शिवम मिश्रा ने गरीब जरुरतमंदों के लिए नववर्ष पर खाने के पैकेट तैयार कराकर वितरित किये। राहुल वर्मा ने बताया कि सच्ची सेवा वही है जो गरीबों व असहायों की मदद करें। हमारी सभी युवाओं से अपील है कि पुनीत कार्य सबसे बड़ा वही होता है जो गरीबों, असहायों, बुजुर्गों की मदद करें। सेवा पांचाल नगरी इसी तरह पिछले कई वर्षो से कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य है कि कोई गरीब न रहे। सब ईश्वर के बनाये मनुष्य है। इसलिए उनकी जरुरत को पूरा करना समाजसेवियों का भी धर्म है। सेवा पांचाल नगरी ने नववर्ष पर ईट भट्ठा पर पहुंचकर ठंठ से ठिठुरते बच्चों को गर्म कपड़े व भोजन के पैकेट वितरित किये। इस मौके पर उपाध्यक्ष नितिन गुप्ता, वैभव सक्सेना, अनुज सिंह आदि सदस्यों से सहयोग किया।

बच्चों को गर्म कपड़े वितरित करते संस्था के लोग — समृद्धि न्यूज

पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक में सदस्यता अभियान पर दिया गया जोर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद संगठन की मासिक बैठक सोमवार को कैप्टन रामकरन सिंह चौहान के आवास पर सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष कैप्टन आरपी अग्निहोत्री ने आये हुए सभी अतिथियों को नववर्ष की शुभकामनायें दी। साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक पूर्व सैनिकों को जोड़ने का आवाहन किया। इस अवसर पर बीएस वर्मा, राकेश सिंह राठौर, मुनेश्वर सिंह, सीपी सिंह, एनपी यादव, श्याम सिंह, मनीष चौहान, रामप्रकाश, राजेन्द्र पाल, वीरपाल सिंह, अमर सिंह, एके त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

एकता वेलफेयर सोसाइटी द्वारा वितरित की गई चाय

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। एकता वेलफेयर सोसाइटी द्वारा हर साल की इस वर्ष भी फतेहगढ़ सेन्ट्रल बैंक तिराहे पर चमन एजेंसी के पास 11वां चाय वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संस्था सचिव ने बताया कि निःशुल्क चाय वितरण में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। ठिठुरती ठंड में राहगीरों को चाय पिलायी गई। नववर्ष के उपलक्ष्य में एक जनवरी से सात जनवरी तक सप्ताह भर चाय वितरण कार्यक्रम चलता है। जिसके तहत सोमवार को चाय वितरित की गई। राहगीर, रिक्शा चालक, ई-रिक्शा चालक, बुजुर्ग व महिलायें व कोचिंग पढ़ने वाले बच्चों को चाय पिलायी गई। देर शाम तक चाय वितरित की गई। इस मौके पर सैय्यद रिजवान अली, राजेश यादव, संजय शुक्ला, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, खुर्शीद आलम खां, नूरुल हक, मनोज कुमार यादव, मनोज सक्सेना, अनिल कुमार आदि लोगों ने राहगीरों को चाय पिलायी।

स्टाल लगाकर राहगीरों को चाय वितरित करते संस्था के लोग

डा0 रामकृष्ण राजपूत अभिनन्दन ग्रंथ का विमोचन पांच जनवरी को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

डा0 रामकृष्ण राजपूत अभिनंदन ग्रंथ का विमोचन 5 जनवरी कलेक्ट्रेट सभागार में होगा। अतिथि मेजर सुनील दत्त द्विवेदी व सुशील शाक्य होंगे। अपरान्ह रंगारंग कार्यक्रम संस्कार भारती द्वारा आयोजित होगा। साथ ही डा0 रामकृष्ण अभिनंदन ग्रंथ का लोकार्पण 6 जनवरी को प्रातः 10 बजे डा0 आरके राजपूत लॉ कालेज नूरपुर जसमई में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत व विधायक सुशील शाक्य होंगे। लोकार्पण जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार करेंगे। अध्यक्ष प्रो0 हुकुम सिंह देश राजन करेंगे। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में सिखलाइट कमांडेंट जीसी अग्रवाल, चेयरमैन वत्सला अग्रवाल, डा0 वीके लोधी, मोनिका यादव, दिलीप नारायन, रामदास, मनोज अग्रवाल, सुभाष वर्मा, डा0 भगवतस्वरुप, डा0 रत्ना सिंह, एमएल पवार, सुंदरदास गोहराणी होंगे। कार्यक्रम की व्यवस्था सिद्धार्थ राजपूत, जवाहर सिंह गंगवार, डा0 राजकुमार सिंह देखेंगे। यह जानकारी डा0 रामकृष्ण राजपूत ने दी है।

नववर्ष पर जीवीए अकडेमी द्वारा छात्र-छात्राओं को वितरित किये गये प्रमाण पत्र

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जीवीए अकाडेमी नववर्ष पर छात्रों के कोर्स से संबंधित प्रमाण पत्र वितरित किये गये। प्रसिद्ध कवि डा0 शिवओम अम्बर ने मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया और बच्चों को प्रमाण पत्र बाटे। विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबिता पाठक व कवियत्री प्रीती पवन तिवारी ने बच्चों को शिक्षित बनने के लिए प्रेरित किया। समाजसेवी संजय गर्ग, आदित्य दीक्षित, हर्ष दुबे रामनारायन आदि ने प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में सहयोग किया। डा0 शिवओम अम्बर ने सम्बोधित करते हुए छात्रों को तीन मूल मंत्र का ज्ञान दिया। जीवीए ग्रुप के संस्थापक विपिन अवस्थी व मोहन अवस्थी ने आये हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। इस अवसर पर शिवम सिंह, शिखा मिश्रा, अमन मिश्रा, श्वेता सक्सेना, शिल्पी वर्मा, सुखवेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे। छात्रा हेमा, वैष्णवी, निक्की, शिवांगी, रिशु गुप्ता, अभय, शोभित आदि लोग मौजूद रहे।

प्रमाण पत्र के साथ मौजूद छात्र-छात्रायें एवं अतिथि

फिट इंडिया टीचर्स क्रिकेट प्रीमियर लीग में राजेपुर रायल्स ने जीता मैच

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। फिट इंडिया टीचर्स क्रिके प्रीमियर लीग के दो मैच फतेहगढ़ स्थित स्व0 ब्रह्मदत्त स्टेडियम में सम्पन्न हुए।

राजेपुर रॉयल्स बनाम बेसिक 11 फर्रुखाबाद के बीच में खेला गया। राजेपुर रॉयल्स टीम के कप्तान राहुल चौहान ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया और बेसिक 11 फर्रुखाबाद टीम को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बेसिक 11 फर्रुखाबाद की शुरुआत अच्छी नहीं हुई, लेकिन बैटिंग करने उतरे सचिन यादव ने 25 रन की पारी खेली। जिससे बेसिक 11 फर्रुखाबाद का स्कोर 14.1 ओवर में 98 रन पर आलआउट हो गयी। राजेपुर रॉयल्स की तरफ से बोलिंग में कुमार गौरव ने 26 रन देकर 04 विकेट लिए। जवाब में बैटिंग करने उतरी राजेपुर रॉयल्स की शुरुआत अच्छी हुई। राजेपुर रायल्स ने 10.2 ओवर में 02 विकेट खोकर इस मैच को आसानी से जीत लिया। राजेपुर रायल्स की तरफ से सबसे ज्यादा रन वागीश विक्रम ने 34 रन बनाए। इस मैच का मैन ऑफ द मैच कुमार गौरव को दिया गया। वहीं दूसरी मैच राजेपुर वारियर्स बनाम नवाबगंज सुपरजाइंट्स के बीच खेला गया। नवाबगंज सुपरजाइंट्स के कप्तान राजीव राजपूत ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया और राजेपुर वारियर्स टीम को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। राजेपुर वारियर्स टीम की शुरुआत अच्छी रही। राजेपुर वारियर्स की तरफसे सबसे ज्यादा रन सोनेलाल 34 और अनूप कुमार पाण्डेय ने ताबड़तोड़ 17 बॉल में 33 रन की पारी खेली। राजेपुर वारियर्स का स्कोर 16 ओवर में 07 विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाए। नवाबगंज सुपरजाइंट्स टीम की तरफ से सबसे ज्यादा विकेट अतुल गंगवार 02 विकेट लिए, 151 रन का पीछा करने उतरी नवाबगंज सुपरजाइंट्स टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। नवाबगंज सुपरजाइंट्स के बल्लेबाज मोहित यादव ने ताबड़तोड़ 34 रन की पारी खेली। फिर भी अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। नवाबगंज सुपरजाइंट्स की टीम 13.1 ओवर में ऑलआउट हो गयी और राजेपुर वारियर्स की टीम ने इस मैच को जीत लिया। राजेपुर वारियर्स की तरफ से अरुण कुमार ने 03.1 ओवर में 18 रन देकर 03 विकेट झटके और ललित यादव ने 02 ओवर में 14 रन देकर 03 विकेट झटके। इस मैच का मैन ऑफद मैच ललित यादव को दिया गया। मैच के दौरान कमेठी के सदस्य विमलेश कुमार (जिला क्रिकेट प्रभारी पिजहूं), शिवम, सुमित, रविखरे गुरमीत कुमार, विपिन त्रिवेदी, विवेक यादव, विकाश सोलंकी, जे0पी0, विनय आदि लोग उपस्थित रहे।

विजेता टीम को सम्मानित करते आयोजकगण

मुख्यमंत्री ने कुल्लू में 13 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

भाजपा के कुप्रबंधन के कारण हिमाचल को वित्तीय चुनौतियों का करना पड़ा सामना

एजेंसी

शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को जिला कुल्लू के प्रवास के दौरान जिले के लिए 198 करोड़ रुपये की 13 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।



इस मौके पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से स्थानीय निवासी और पर्यटक दोनों ही लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने राज्य के समान विकास के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर बल देते हुए कहा कि यह विकास परियोजनाएं कुल्लू जिले के विकास में मील पत्थर साबित होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के कुप्रबंधन के कारण हिमाचल को वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन इसके बावजूद राज्य सरकार ने केवल एक वर्ष के भीतर अर्थव्यवस्था को सफलतापूर्वक पुनर्जीवित किया है और आर्थिकी में 20 प्रतिशत का उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 130.18 करोड़ रुपये की लागत से भबेली जिंदौर सड़क के रखरखाव और टारिंग, 3.59 करोड़ रुपये की बंदरोल दीदारी शरण सड़क, 1.49 करोड़ रुपये की फ्लेन से ग्राहन सड़क और 10.86 करोड़ रुपये से ब्यास नदी के दाहिने किनारे पर ग्राम कटराईं, 15 मील बड़ाग्रां बिहाल और आसपास के क्षेत्रों के लिए बाढ़ सुरक्षा कार्यों की आधारशिलाएं भी रखीं।

हमने प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की

बंदरोल सब्जी मंडी का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि 2023 में हिमाचल प्रदेश के लोगों ने आपदा का बहादुरी से सामना किया। उन्होंने कहा वित्तीय चुनौतियों के बावजूद, राज्य सरकार ने नियमों में बदलाव कर प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने यहां 20 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सब्जी मंडी बंदरोल तथा 9.07 करोड़ रुपये से रायसन में ब्यास नदी पर बने डबल लेन पुल का लोकार्पण किया। उन्होंने नेहरू कुंड (बाहांग) में ब्यास नदी पर बुरवा और शनाग सम्पर्क मार्ग को जोड़ने वाले 6.44 करोड़ रुपये से बने स्टील ट्रस ब्रिज, जगतसुख नाला पर 4.07 करोड़ रुपये और चक्की नाला पर 3.37 करोड़ रुपये से बने आरसीसीटी-बीम पुलों, पतलीकूहल में 20 लाख रुपये से बने विवेकानन्द पुस्तकालय, मनाली में 7.83 करोड़ रुपये से बनी इको-फ्रेंडली मार्केट मढ़ी, सोलंगनाला में 54 लाख रुपये से तैयार वे साइड सुविधाएं और सजला में 29 लाख रुपये की लागत से निर्मित आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का भी उद्घाटन किया।

वॉर्नर ने टेस्ट व एकदिवसीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने आज टेस्ट क्रिकेट के साथ-साथ एकदिवसीय क्रिकेट से भी संन्यास लेने की घोषणा करते हुए कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वह 2025 के चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में वापसी कर सकते हैं।

वॉर्नर ने सोमवार को अपने घरेलू मैदान सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में कहा, मैं एकदिवसीय क्रिकेट से भी संन्यास ले रहा हूं। इसके बारे में मैंने विश्व कप के दौरान सोचा था। भारत में पूरा विश्वकप खेलना और उसे जीतना एक बड़ी उपलब्धि थी। मैं इस प्रारूप से संन्यास लेने का निर्णय ले रहा हूं, ताकि मुझे दुनिया भर में टी-20 लीगों में जाने और खेलने का समय मिल सके। इसके साथ ही हमारी एकदिवसीय टीम में कुछ युवा खिलाड़ियों को मौका भी मिलेगा। मुझे पता है कि चैंपियंस ट्रॉफी आ रहा है।

अगर मैं अगले दो साल के समय में अच्छा प्रदर्शन करता हूं और टीम को मेरी जरूरत पड़ती है, तो मैं उपलब्ध रहूंगा। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा निर्णय था जिसके साथ मैं बहुत सहज था। भारत में हमने एकदिवसीय विश्वकप में जिस तरह से वापसी करते हुए ट्रॉफी जीती वह आश्चर्यजनक था। जब हम भारत में लगातार दो मैच हार गए तो टीम में एक-दूसरे के साथ हमारे संबंध और भी मजबूत हुए। हालांकि फाइनल जीतना कोई संयोग नहीं था। ग्लेन मैक्सवेल की शानदार पारी, कमिंस की बेहतरीन कप्तानी में जिस तरह से हमने फाइनल खेला वह अभूतपूर्व था। साथ ही सेमीफाइनल में भी हमने जिस तरह का प्रदर्शन किया था वह सराहनीय था।

खबरें एक नजर में

नए साल पर बना सूर्य नमस्कार का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

अहमदाबाद। गुजरात ने नए साल का स्वागत एक अलग ही अंदाज में किया। 2024 का स्वागत करते हुए 108 स्थानों पर एक साथ सबसे अधिक लोगों द्वारा सूर्य नमस्कार करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इसको लेकर पीएम मोदी ने भी पोस्ट शेयर किया। पीएम ने कहा कि हम सभी जानते हैं, हमारी संस्कृति में 108 अंक का विशेष महत्व है। पीएम द्वारा साझा की गई पोस्ट में प्रतिष्ठित मोढेरा सूर्य मंदिर भी शामिल है, जहां कई लोग शामिल हुए। पीएम ने इसी के साथ लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। पीएम ने कहा कि इसके फायदे बहुत हैं। 1 जनवरी, 2024 की सुबह 108 स्थानों और 51 विभिन्न श्रेणियों में 4000 से ज्यादा लोगों ने इस सूर्य नमस्कार योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। राजसी मोढेरासूर्य मंदिर में आयोजित इस रिकॉर्ड तोड़ने वाले कार्यक्रम में कई परिवारों, छात्रों, योग उत्साही और यहां तक कि वरिष्ठ नागरिकों सहित विभिन्न समूहों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और गृह मंत्री हर्ष सांघवी भी मोढेरा से समारोह में शामिल हुए। वहीं, गुजरात के गृह मंत्री संघवी ने कहा कि आज गुजरात ने सूर्यनमस्कार में देश और दुनिया का पहला विश्व रिकॉर्ड दर्ज किया है, जहां 108 स्थानों पर हजारों लोगों ने एक साथ योग किया है, इसपर मुझे काफी गर्व हो रहा है।

भारत और पाकिस्तान ने साझा की परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान ने आज नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के माध्यम से दोनों देशों के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं के खिलाफ हमले को रोकने के समझौते के तहत शामिल परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की सूची का आदान-प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि इस समझौते पर 31 दिसंबर, 1988 को हस्ताक्षर किए गए थे और 27 जनवरी, 1991 को लागू हुआ था। अन्य बातों के साथ-साथ इसमें प्रावधान है कि भारत और पाकिस्तान पहली जनवरी को समझौते के तहत शामिल किए जाने वाले परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं के बारे में एक-दूसरे को सूचित करेंगे। यह दोनों देशों के बीच ऐसी सूचियों का लगातार 33वां आदान-प्रदान है। पहला आदान-प्रदान 01 जनवरी, 1992 को हुआ था।

भारत की प्रगति पर अपने विचार मेरे साथ करें साझा : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नागरिकों से 'जन-मन सर्वे' में भाग लेने और पिछले 10 वर्षों में भारत द्वारा हासिल की गई प्रगति पर अपने विचार साझा करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, पिछले 10 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में भारत द्वारा हासिल की गई प्रगति के बारे में आप क्या सोचते हैं? नमो ऐप पर जन मन सर्वेक्षण के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया सीधे मेरे साथ साझा करें! उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 19 दिसंबर को अपनी सरकार और स्थानीय प्रतिनिधियों के प्रदर्शन पर व्यापक सवालों के साथ नमो ऐप पर 'जन-मन सर्वे' की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य सरकार के 10 सालों के कामों पर जनता से फीडबैक लेना है।

ट्रक में टकराई मर्सिडीज, तीन की मौत

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक जिले में मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को तेज गति से गुजर रही एक मर्सिडीज कार अपने आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी और कहा कि इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है। एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना सोमवार तड़के करीब चार बजे इगतपुरी तालुका में बोर्तेम्भे फाटा के समीप उस समय हुई, जब तेज गति से चल रही एक मर्सिडीज कार नासिक से मुंब्बई की ओर जा रही थी।कार अपने आगे चल रहे ट ढ्रक से टकरा गई जिससे तीन यात्रियों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक ने अधिकारियों को इस घटना की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और दूसरी एजेंसियां मौके पर पहुंची और मृतकों व घायलों को बाहर निकालने का काम शुरू किया। घायल व्यक्ति को नासिक के एक जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इगतपुरी थाने में मामला दर्ज किया गया है।

हावड़ा-बैंडेल रेलमार्ग पर पटरी में दरार, ट्रेनों का परिचालन रुका

हुगली। हावड़ा-बैंडेल रेलमार्ग पर पटरी में दरार आ जाने से सोमवार सुबह ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया। छातुगंज क्षेत्र के शेवड़ाफुली स्टेशन के पास लाइन नंबर छह पर सुबह करीब साढ़े सात बजे दरार देखे जाने के बाद यह कदम उठाया गया। पटरी की मरम्मत का काम शुरू हो गया है। इस वजह से शेवड़ाफुली स्टेशन में डाउन लाइन पर कई ट्रेनें रुकी रहीं। कुछ ट्रेनों को रिवर्स लाइन से धीमी गति से निकाला जा रहा है। कुछ को वैकल्पिक लाइन से हावड़ा भेजा गया।

जापान में आया 7.5 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी

एजेंसी

टोक्यो। नए साल पर जापान से एक चिंता करने वाली खबर सामने आ रही है। यहां 7.5 तीव्रता का एक शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके बाद कई झटके महसूस किए गए। इससे देश के पश्चिमी तट के एक बड़े हिस्से में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। हालांकि, यह भी जानकारी सामने आई है कि इशिकावा प्रांत के वाजिमा शहर में 1.2 मीटर की सुनामी की लहर टकरा गई है। फिलहाल, किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन अधिकारियों को तत्काल लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के आदेश दिए गए हैं।

इस बीच, जापान ने इशिकावा, निगाता और तोयामा, नागानो प्रान्तों के लिए एक और भूकंप की चेतावनी जारी की है। वहीं, सोशल मीडिया पर तोयामा शहर में आई सुनामी का वीडियो वायरल हो रहा है। हालांकि अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि यह वीडियो अभी की है या पहले कभी की। एक रिपोर्ट के अनुसार, सुनामी की चेतावनी के बाद लोगों से इशिकावा, निगाता, तोयामा और यामागाता प्रान्तों के तटीय क्षेत्रों को जल्द से जल्द छोड़ने का आग्रह किया गया है। कहा जा रहा है कि पांच मीटर (16 फीट) ऊंची लहरें उठ सकती हैं। कोस्टल एरिया में रहने वाले लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए कहा गया है। हवाई स्थित प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा है कि जापान तट पर भूकंप के केंद्र के 300 किलोमीटर के दायरे में खतरनाक सुनामी लहरें उठने की आशंका है। बता दें, भूकंप के झटके टोक्यो और पूरे कांटो इलाके में महसूस किए गए हैं। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने कहा कि जापान के मुख्य द्वीप होन्शू के जापान सागर की ओर नोटो क्षेत्र में स्थानीय समयानुसार शाम चार बजकर छह मिनट पर 5.7 तीव्रता का भूकंप आया

राज्यपाल खान का पुतला जलाने पर एसएफआई नेता समेत नौ पर केस दर्ज

तिरुवनन्तपुरम। केरल पुलिस ने रविवार शाम पय्याम्बलम समुद्र तट पर रविवार को ''पेट्रोल का इस्तेमाल करके राज्यपाल आरिफमोहम्मद खान का एक पुतला जलाने के ''खतरनाक कृत्य के लिए स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की राज्य इकाई के अध्यक्ष के. अनुश्री और आठ अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के छात्र संगठन एसएफआई नेताओं पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें 143 (गैरकानूनी सभा), 147 (दंगा करना) और 285 (आग या ज्वलनशील पदार्थ के संबंध में लापरवाहीपूर्ण आचरण) शामिल हैं। एसएफआई ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर राज्यपाल का 30 फुट ऊंचा पुतला फूंका था और उन पर राज्य के शिक्षा क्षेत्र का 'सांप्रदायिकीकरण करने का आरोप लगाया था।

मस्ती की पाठशाला में बच्चों ने दिखाया हुनर का दम

समृद्धि न्यूज ब्यूरो

लखनऊ। शिक्षा नीति के आलोक में बच्चों की प्रतिभा को मूल रूप से विकसित करने के क्रम में आज सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर क्यू अलीगंज में क्रिया कलाप सप्ताह का प्रारंभ हुआ । एक सप्ताह तक चलने वाले इस एक्टिविटी डेवलपमेंट प्रोग्राम में भैया बहनों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। सायोंजक डॉक्टर पारुल गुप्ता ने बताया कि प्रबंधक डॉक्टर शैलेश मिश्र और प्रधानाचार्य संतोष सिंह की प्रेरणा से जनवरी 2024 के प्रथम सप्ताह में नन्हे मुन्नों को बिना बैग के उनकी रुचि और पसंद का विकास करने के लिए एक सप्ताह की यह मस्ती की पाठशाला / कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। आज प्रथम दिन 10 बजे से 2 बजे तक दो सत्रों में आर्ट एंड क्राफ्ट के गुर सिखाए गए।आर्ट में बच्चों ने विभिन्न प्रकार की पेंटिंग थंभ , ब्रश,पेंटिंग स्केचिंग, शेडिंग ,दृश्य आदि विधाओं का प्रदर्शन किया गया। द्वितीय सत्र में क्राफ्ट एक्टिविटी में अनाज के दानों से सिनियरी, मिट्टी से विभिन्न आकृतियों ,कागज के फूल आदि कलाओं का विकास सिखाया गया। आज डे 1 की इंचार्ज शर्मिला श्रीवास्तव, प्रत्यंचा कुलश्रेष्ठ तथा रेनू जी ने नन्हे, मुन्नो के प्रयास की सराहना करते हुए बताया कि नन्हे मुन्नों ने कागज से मछली, कार्ड मेकिंग,मास्क मेकिंग ,पतंगे बनाना ,कई प्रकार की वाल हैंगिंग आदि बनाकर सभी को अपनी तरफ आकर्षित किया। नन्हे मुन्नों की क्रिया शीलता और उत्साह तो देखते ही बनती है।प्रधानाचार्य संतोष सिंह ने पूरी कार्यशाला में एक एक बच्चे के स्किल को देखने और समझने का प्रयास किया । उन्होंने बच्चों का उत्साह वर्धन किया तथा बच्चों के साथ सेल्फी भी ली ।

क्या आपके हाथ-पैर भी सर्दी आते ही सुन्न होने लगते हैं

सर्दी शुरू होते ही बहुत से लोगों के हाथ-पैर सुन्न होने शुरू हो जाते हैं, चींटिया काटने और गुदगुदी होने जैसा महसूस होता है। जिसे हम अक्सर ही एक आम सी समस्या मान लेते हैं लेकिन अगर ऐसा बार-बार हो रहा तो इस ओर ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि यह कोई बड़ी समस्या का संकेत भी हो सकते हैं चलिए आपको सुन्नपन होने के कुछ कारण बताते हैं।

क्यों होता है हाथ-पैर में सुन्नपन

इसका बड़ा कारण वेसल्स यानि रक्त वाहिनियों का संकुचित होना है क्योंकि सर्दी में दिल पर जोर पड़ता है जिससे रक्त वाहिनियां सिकुड़ना शुरू हो जाती और बाकी अंगों तक ऑक्सीजन की आपूर्ति कम होने लगती है और जब अंगों तक ब्लड सर्कुलेशन सहीं से नहीं होता तो बॉडी पाट्र्स सुन्न होने लगते हैं। अगर ये सुन्न पन ठंड के चलते होता है तो आपको कुछ उपाय बताते हैं जिससे आपकी ये समस्या तुरंत दूर हो जाएगी लेकिन ये खून की कमी और नसों में ब्लॉकेज की वजह से भी ये हो सकती है जो बड़ी वजह है।

1. अनीमिया के चलते भी हाथ-पैर होते हैं सुन्न

अगर शरीर में खून की कमी है तो भी हाथ पैरों में झुनझुनाहट रहती हैं इसलिए डाइट में आयरन-कैल्शियम भरपूर लें। खून बनाने वाले आहार जैसे गाजर, सेब, अनार, चकुंदर खाएं। सुखे मेवे में अंजीर, बादाम, अखरोट, किशमिश खाएं। रात को किशमिश पानी में भिगोकर रखे और सुबह पानी समेत इससे खाए। खून की कमी दूर होगी।

2. नसों में ब्लॉकेज

नस ब्लॉकेज होने पर भी हाथ-पैर सुन्न होने लगते हैं। नसों की ब्लॉकेज की समस्या आ रही हैं तो लहसुन-अदरक का सेवन अधिक करें। यह नसों की अंदरूनी सफाई करता है। गर्म पानी, ग्रीन टी, तुलसी-दालचीनी का काढ़ा आदि पीएं। इससे भी नसों की सफाई होती रहती हैं और अंदरूनी गर्माहट बनी रहती हैं। जिन लोगों को नसों में ब्लॉकेज की समस्या हो रही है उन्हें लहसुन वाला दूध भी पीना चाहिए ।दूध और लहसुन आपकी शरीर की सारी बंद नसें खोल देगा। अगर नसों में दर्द है तो भी आपको आराम मिलेगा। नसों में ब्लॉकेज का एक बड़ा कारण धूम्रपान भी है। अगर सर्दी की वजह से हो रही है सुन्नपन तो ये उपाय करें।

3. हाथों पैरों की गर्म तेल से मसाज

सुन्नपन को दूर करने का बेस्ट तरीका मसाज है। जैतून, नारियल, तिल या सरसों का तेल हल्का गर्म करें और फिर अच्छे से हाथ पैर व शरीर के जरूरी अंगों की मालिश करें।

4. हल्दी वाला दूध

सर्दी के मौसम में हल्दी वाला दूध जरूर लें। हल्दी, ब्लड सर्कुलेशन को सही रखने में बेहद मददगार होती है। इससे दर्द और सूजन से भी आराम मिलता है। इसलिए सब्जी के रूप में या दूध में डालकर इसका सेवन कर सकते हैं लेकिन हल्दी वाला दूध भी जरूरत अनुसार करें।

5. गर्म पानी से सिंकाई

ब्लड सर्कुलेशन सही करने के लिए गर्म पानी की सिंकाई भी बेस्ट है। इससे मांसपेशियों और नसों को आराम मिलता है। आप गर्म पानी बोतल या फिर हीट बैग का इस्तेमाल कर सकते हैं।

6. डाइट में विटामिन लें

डाइट में विटामिनस का अहम रोल हैं। विटामिन बी, बी6 और बी12 लें। दूध,पनीर दही मेवा केला बींस ओटमील आदि लें।

7. एक्सरसाइज भी करें

सर्दी में लोग एक्सरसाइज कम करते हैं जिससे ब्लड सर्कुलेशन कम होता है लेकिन ब्लड सर्कुलेशन सही रखने के लिए हलकी फुल्की एक्सरसाइज, सैर व योग करते रहें।

कुदरत का करिश्मा : मौत के कई घंटे बाद मृत महिला ने उठकर मांगा पानी

हमीरपुर में कुदरत का बड़ा करिश्मा देखकर लोग दंग रह गए है। एक महिला की इलाज के दौरान मौत होने के कई घंटे बाद वह न सिर्फ उसकी सांसें चलने लगी, बल्कि कफन में बंधी महिला अचानक उठकर पति से पानी मांगने लगी। यह दृश्य देख पति की आंखें खुशी से भर आई। महिला अब अपने घर आ गई है। उसके दोबारा जीवित होने पर घर में जश्न का माहौल है। हमीरपुर जिले के राठ कोतवाली क्षेत्र के सदर गांव के मातादीन रैकवार अपनी पत्नी और बच्चों के साथ गुजर बसर कर रहा है। इसकी पत्नी अनीता (33) काफी समय से कैंसर जैसी बीमारी से पीड़ित है। शुरू में परिजनों को इसकी कैंसर बीमारी की जानकारी नहीं हो सकी। लेकिन पड़ोसी मध्यप्रदेश के भोपाल और छतरपुर में जांच के दौरान गंभीर बीमारी होने की बात बताई गई। पत्नी के इलाज के लिए मातादीन ने अमृतसर,जालंधर और चंडीगढ़ के बड़े हॉस्पिटल तक दौड़ लगाई। इन हॉस्पिटलों में महिला का इलाज कराया गया। परिजनों ने बताया कि शुरू में बुखार और दर्द की शिकायतें होने पर यहां के क्षेत्र के अस्पताल में इलाज कराया गया था, लेकिन कोई फायदा नहीं मिला। इसके बाद महानगरों के हॉस्पिटल जाना पड़ा। जांच में कैंसर बीमारी होने के लक्षण दिखने पर अनीता को जालंधर के बड़े हास्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां कई दिनों तक डॉक्टरों ने इलाज किया। इलाज कराने में मातादीन आर्थिक स्थिति से और भी कमजोर हो गया। इलाज के दौरान पत्नी की सांसें थम गई। डॉक्टरों ने भी महिला को मृत घोषित करते हुए शव परिजनों को सौंप दिया था, लेकिन कई घंटे बाद उसके दोबारा जीवित होने पर परिवार के लोग भौंचक्के रह गए हैं। गांव के लोग इसे कुदरत का करिश्मा मान रहे हैं। मातादीन रैकवार ने बताया कि जालंधर के हॉस्पिटल में इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई थी। डॉक्टरों ने भी उसे मृत घोषित कर दिया था। बताया कि अनीता का शव हॉस्पिटल से मिलने पर उसे एम्बुलेंस के जरिए हमीरपुर स्थित गांव लाया जा रहा था, तभी नोएडा के पास बीच रास्ते पत्नी की सांसे चलने लगी। अचानक हाथ उठाते हुए पीने के लिए पानी मांगने लगी तो एम्बुलेंस स्टॉफ समेत सभी लोग दंग रह गए। बताया कि पत्नी के जीवित होने पर परिवार और रिश्तेदारों में बड़ी खुशी देखी जा रही है। मरने के कई घंटे बाद अनीता के जीवित होकर उठ बैठने से परिजनों की आंखें भी खुशी से छलक आई है।

वैश्विक परिवार दिवस : पूरे विश्व को मानना होगा एक परिवार

दुनिया भर में लोग नए साल की पहली सुबह का आनंद उठाते हैं। लोग अपने दोस्तों, परिवार और करीबी लोगों के इस खास दिन का जश्न मनाते हैं। नए साल के साथ ही साल के पहले दिन यानी एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। हर साल एक जनवरी को मनाए जाने वाले इस दिवस के जरिए परिवारों के माध्यम से राष्ट्रों और संस्कृतियों में एकता, समुदाय और भाईचारे की भावना पैदा करता है। दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी है कि एक परिवार का निर्माण हो। ताकि विश्व में शांति की स्थापना होने के साथ ही हिंसा भी कम की जा सकें।

महात्मा गांधी का एक प्रसिद्ध भजन है वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे। दूसरों की पीड़ा समझने वाला ईश्वर के समान होता है। गांधी जी के इस भजन की पंक्तियों को भारत सही अर्थो में चरितार्थ कर रहा है। भारत हमेशा से ही विश्व बंधुत्व की भावना के सिद्धांत को अपनाकर उसी मार्ग पर चलाता आ रहा है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो हमेशा से ही सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करता रहा है। आज भी दुनिया के किसी भी देश में कैसा भी संकट आया हो भारत उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा नजर आता है। इसी को कहते हैं विश्व बंधुत्व की भावना। वैश्विक परिवार दिवस यदि दुनिया का कोई देश सही मायने में मनाता है तो वह भारत ही हैं। भारत में आज भी अतिथि देवो भव की भावना जिंदा है। यहां के लोग स्वयं भूखे रहकर अतिथियों को भोजन करवाना अपना परम धर्म समझते रहे हैं। जब पूरी दुनिया नए साल का जश्न मनाती है। उसी दिन पूरे विश्व में वैश्विक परिवार दिवस मनाया जाता है। ताकि विश्व में रहने वाले सभी लोग एक परिवार की तरह रहें। इस तरह विश्व के सभी राष्ट्रों और समुदाय में भाईचारे की भावना पैदा हो सके। वैश्विक परिवार दिवस जिसे विश्व शांति दिवस के रूप में भी जाना जाता है। दुनिया में सद्भाव और एकता की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए हर साल मनाया जाता है।यह दुनिया के एक वैश्विक गांव के विचार पर जोर देता है। जिसमें नागरिकता, सीमा या नस्ल की परवाह किए बिना हम सभी एक परिवार हैं। वैश्विक परिवार दिवस की उत्पत्ति दो पुस्तकों में हुई थी। पहली 1996 में अमेरिकी लेखकों स्टीव डायमंड और रॉबर्ट एलन सिल्वरस्टीन द्वारा लिखित वन डे इन पीस 01 जनवरी 2000 नामक बच्चों की किताब थी। वहीं, दूसरी किताब अमेरिकी शांति कार्यकर्ता और लेखक लिंडा ग्रोवर का 1998 का यूटोपियन उपन्यास ट्री आइलैंडरू ए नॉवेल फॉर द न्यू मिलेनियम थी। विशेष रूप से ग्रोवर ने 01 जनवरी को शांति के वैश्विक दिवस के रूप में स्थापित करने काफी अहम भूमिका निभाई थी। इन किताबों के विचारों के आधार पर ही 1997 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 01 जनवरी को शांति का एक दिन मनाने की घोषणा की। बाद में 1999 में संयुक्त राष्ट्र और इसके सदस्य देशों ने पहली बार वैश्विक परिवार दिवस मनाया गया। इस दिवस की सफलता को देखते हुए साल 2001 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिन को एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में स्थापित किया। इसके बाद से हर साल एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। नए साल की शुरुआत के साथ ही इस दिन को मनाने का मकसद एक ऐसे समाज की स्थापना करने का प्रयास है जहां सिर्फ शांति हो। हालांकि यह एक नई शांतिपूर्ण दुनिया की शुरुआत थी और 1999 में सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को शांति निर्माण की दिशा में रणनीति विकसित करने के लिए उस विशेष वर्ष के पहले दिन को औपचारिक रूप से समर्पित करने का निमंत्रण मिला। इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए 2001 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक परिवार दिवस को एक वार्षिक कार्यक्रम घोषित किया गया। पहला वैश्विक परिवार दिवस पहली बार वर्ष 2000 में एक जनवरी को मनाया गया था। तब से हर साल नए साल के पहले दिन को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन पूरे विश्व को एक परिवार मानता है। वैश्विक परिवार दिवस को शांति और साझाकरण के वैश्विक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य बहुसंस्कृतिवाद, बहुलवाद को बढ़ावा देना और शांति और सद्भाव के साथ एक-दूसरे के साथ रहना सिखाना है। यह दिन विश्व के एक वैश्विक परिवार होने के विचार को बढ़ावा देता है। इसका उद्देश्य एकजुट होना और इस विचार को बढ़ावा देकर शांति का संदेश फैलाना है कि पृथ्वी एक वैश्विक परिवार है। ताकि दुनिया को सभी के लिए रहने के लिए एक बेहतर जगह बनाया जा सके।नए साल के आगाज साथ ही वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। वैश्विक परिवार दिवस को हर साल एक जनवरी को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया के सभी देशों, धर्मों के बीच शांति की स्थापना करते हुए युद्ध और अहिंसा को टालना है। साथ ही यह भी कोशिश है कि आपसी मतभेदों को बातचीत के जरिए से निपटाया जाए और एक शांतिपूर्ण समाज की स्थापना की जा सके। इस दिन के लिए परिवार को काफी अहम माना गया है। क्योंकि परिवार के जरिए ही विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है। वैश्विक परिवार दिवस मनाने का सबसे अच्छा तरीका अपने परिवार के साथ दिन बिताना है। इस दिन लोग एक साथ रात्रिभोज की योजना बनाते हैं और अन्य पारिवारिक गतिविधियों का आनंद लेते हैं जो उनके बंधन को मजबूत करते हैं और शांति को बढ़ावा देते हैं। परिवार के साथ मनोरंजक गतिविधियों में एक साथ शिविर लगाना या एक साथ खाना बनाना, पिकनिक पर जाना, ट्रेक और बहुत कुछ शामिल हो सकता है। इस दिन को समुदाय के हिस्से के रूप में मनाने के लिए आप उन संगठनों के लिए स्वयंसेवक बन सकते हैं जो समुदाय का निर्माण करते हैं, हिंसा को कम करते हैं और अपने परिवार के साथ सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं। आप वैश्विक शांति की दिशा में प्रयासों के बारे में कोई भी फिल्म देख सकते हैं। आज पूरी दुनिया में युद्ध का वातावरण बना हुआ है। कई देशों में युद्ध छिड़ा हुआ है तो कई देश युद्ध के मुहाने पर खड़े हुए हैं। तीसरे विश्वयुद्ध की आशंका व्यक्त की जा रही है। लोग एक दूसरे के दुश्मन बनते जा रहे हैं। जरा जरा सी बात पर लड़ाई झगड़ा होने लगता है। ऐसे में वैश्विक परिवार दिवस हमारे लिए आशा की एक नई किरण लेकर आता है। इस दिवस से हमें पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में बनाने की प्रेरणा मिलती है। यदि हम वैश्विक परिवार दिवस की अवधारणा के अनुरूप एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना अपना कर काम करे तो दुनिया शांति के पथ पर चलने लगेगी और सही मायने में इस दिवस की सार्थकता भी सिद्ध हो सकेगी।

महात्मा गांधी का एक प्रसिद्ध भजन है वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे। दूसरों की पीड़ा समझने वाला ईश्वर के समान होता है। गांधी जी के इस भजन की पंक्तियों को भारत सही अर्थों में चरितार्थ कर रहा है। भारत हमेशा से ही विश्व बंधुत्व की भावना के सिद्धांत को अपनाकर उसी मार्ग पर चलाता आ रहा है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो हमेशा से ही सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करता रहा है। आज भी दुनिया के किसी भी देश में कैसा भी संकट आया हो भारत उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा नजर आता है। इसी को कहते हैं विश्व बंधुत्व की भावना। वैश्विक परिवार दिवस यदि दुनिया का कोई देश सही मायने में मनाता है तो वह भारत ही हैं। भारत में आज भी अतिथि देवो भव की भावना जिंदा है। यहां के लोग स्वयं भूखे रहकर अतिथियों को भोजन करवाना अपना परम धर्म समझते रहे हैं। जब पूरी दुनिया नए साल का जश्न मनाती है। उसी दिन पूरे विश्व में वैश्विक परिवार दिवस मनाया जाता है।